आज का मौसम
23.0⁰ अधिकतम तापमान
8.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.49
सूर्यास्त 05.49

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी 05:01 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082


रविवार, 8 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 312, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता - 12



■ इलेक्ट्रॉनिक्स आई पी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : अश्विनी वैष्णव - 12



■ ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका - 13



■ डेविस कप क्वालीफायर में सुमित नागल पहले एकल मुकाबले में हारे - 14

# अमेरिका से व्यापार समझौता पूरा, भारत के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुला

## ट्रंप ने रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी हटाया, अब सिर्फ 18 फीसदी शुल्क

- भारत अगले 5 साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद विमान और कलपुर्जे आदि खरीदेगा

नई दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता शनिवार को पूरी हो गई। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाएंगे। वहीं, रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी अमेरिका ने हटा दिया है। अब भारतीय वस्तुओं पर मौजूदा शुल्क 50% से घटकर 18 प्रतिशत रह जाएगा।



नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल।

समझौते के तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रूसी तेल की खरीद पर पिछले वर्ष अगस्त में भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को हटा दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। इसका कारण भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क पहले के 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। यह पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क के अलावा था। इस वजह से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था। इससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ था, क्योंकि अमेरिका उनका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। शुल्क में कमी से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जेनेरिक दवाइयों, रत्नों और हीरों, तथा विमान के कल-पुर्जों सहित कई प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा।

### मेक इन इंडिया को मिलगी मजबूती : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करेगा तथा महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। मोदी ने कहा, भारत-अमेरिका के लिए बहुत अच्छी खबर। यह रूपरेखा भारत-अमेरिका साझेदारी की बढ़ती गहराई, भरोसे और गतिशीलता को दिखाता है।

### इन चीजों पर नहीं लगेगा कोई टैरिफ

चाय, मसाले, कॉफी, नारियल तेल, कोपरा, और वनस्पति मोम जैसे उत्पादों पर अमेरिका में कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा, केले, आम, अमरूद, एवोकाडो, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम, जड़ वाली सब्जियां, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल, खसखस और खट्टे फलों के रस जैसे कई फल, सब्जियां और कृषि उत्पाद भी बिना किसी शुल्क के अमेरिकी बाजार में पहुंचेंगे। भारत से करीब 13 अरब डॉलर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में शून्य-शुल्क लगेगा। रत्न और आभूषण निर्यात को भी शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, साथ ही कई अन्य उच्च-मूल्य वाले उत्पाद भी इसमें शामिल हैं।

### भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

अमेरिका 2021-25 के दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। 2024-25 में, द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) तक पहुंच गया। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 2024-25 में 41 अरब डॉलर था।

# बीडा क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार का बड़ा कदम, कुल 56,662 एकड़ में किया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार
- बीईएमएल कंपनी का 600 करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव, औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी गति

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण अंतिम दौर में है। इसके साथ ही सरकार ने कुल 56,662 एकड़ भूमि को औद्योगिक विकास के लिए औपचारिक रूप से अनुमोदित कर दिया है। यह फैसला भूमि अधिग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड के आर्थिक और सामाजिक कायाकल्प की नींव के रूप में देखा जा रहा है।

योगी सरकार का लक्ष्य है कि वर्षों से पिछड़े माने जाने वाले इस क्षेत्र को निवेश, रोजगार और औद्योगिक अवसरों का नया केंद्र बनाया जाए। इस औद्योगिक पहल का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने बीडा क्षेत्र में लगभग 600 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस परियोजना से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के असर मिलेंगे और पलायन पर प्रभावी रोक लगेगी। इसके तहत सड़क, बिजली, जलापूर्ति, औद्योगिक प्लॉट्स, वेयरहाउसिंग और कनेक्टिविटी जैसी आधारभूत संरचनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि निवेशकों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का वास्तविक अनुभव मिल सके। बीडा परियोजना का लाभ बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार का फोकस एमएसएमई, स्टार्टअप्स और सहायक उद्योगों को भी इस औद्योगिक विस्तार से जोड़ने पर है।

### 100 एकड़ में बनेगा लॉजिस्टिक्स पार्क

बीडा क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए 100 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का निर्माण कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। यह पार्क सड़क व रेल नेटवर्क को जोड़ते हुए माल परिवहन को सुगम बनाएगा, जिससे उद्योगों की लॉजिस्टिक लागत घटेगी, सप्लाई चेन मजबूत होगी और निर्यात क्षमता में भी इजाफा होगा।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, प्यार का उत्सव वेलेंटाइन डे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत 2500 से अधिक ठगों पर की गई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत खुफिया जानकारी के आधार पर कई राज्यों में साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है, जिसमें 2,563 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 627 करोड़ रुपये से अधिक के धोखाधड़ी मामलों को आपस में जोड़ा गया है। दिल्ली तथा असम, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा और केरल समेत 10 से अधिक राज्यों में समन्वित ढंग से अभियान चलाया गया जिसमें 5,000 से अधिक पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने छह यात्रियों को रौंदा

मथुरा, एजेंसी

- बस से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे यात्री, सभी के चेहरे कुचले, स्वेटर से पहचान
- जान गंवाने वालों में दो औरैया एक-एक कन्नौज, फिरोजाबाद बस्ती और दिल्ली के रहने वाले

यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कंटेनर ट्रक के बस से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो बजकर 45 मिनट पर हुई। सुरीर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अजय कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब नोएडा से कानपुर जा रही एक बस को बीच में एक यात्री के शौचालय जाने के कारण रोका गया था। उन्होंने बताया कि एक कंटेनर ने बस को बगल से टक्कर मार दी, जिससे बस से उतरकर सड़क पर खड़े छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे में यात्रियों के चेहरे कुचल जाने से उनकी पहचान स्वेटर से की गई।

जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि सभी मृतकों और घायलों के परिजनों को नियमानुसार सहायता मुहैया कराई जाएगी। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान औरैया निवासी सोनू (32), बस्ती निवासी देवेश (32), कन्नौज निवासी असलम (27), दिल्ली निवासी संतोष (45), औरैया निवासी अनुराग (27) और फिरोजाबाद निवासी प्रमोद (35) शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान औरैया निवासी शिवकांत दुबे (46) के रूप में हुई है। जिलाधिकारी ने बताया शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद फरार हुए ट्रक चालक की तलाश जारी है। शेष यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजा जा रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस।

# यूपी नीट पीजी काउंसिलिंग में 1533 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी-2025 की तीसरी काउंसिलिंग में प्रदेश के सरकारी व निजी कुल 70 मेडिकल कॉलेजों की रिक्त 1533 पीजी सीटों को शामिल किया गया है। मेरिट सूची के आधार पर चिकित्सक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा कॉलेजों के रिक्त सीटों की मेट्रिक्स सार्वजनिक कर दी गई है। जारी मेट्रिक्स के अनुसार 34 सरकारी समेत 70 मेडिकल कॉलेजों में एमडी-एमएस की 1458 सीटें और डीएनबी की 75 सीटों सार्वजनिक की गई हैं। इनमें एनेस्थिसिया, ईएनटी, मेडिसिन, माइक्रोबॉयोलॉजी, आर्थो, मानसिक रोग विभाग, रेडियोलॉजी और सर्जरी विभाग की सीटें शामिल हैं। अभ्यर्थियों को 11 फरवरी तक प्राथमिकताएं देनी होंगी, तत्पश्चात सीट आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे। 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया कॉलेज स्तर पर संपन्न की जाएगी।

## मलेशिया पहुंचे पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मलेशिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे, यहां उनकी अगवानी समकक्ष अनवर इब्राहिम ने की। मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारतीय मूल के 30 लाख लोग रहते हैं, जो विश्व में भारतीय मूल के लोगों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है। (खबर देश विदेश पेज पर)

# अमेरिका ने पीओके और अक्साई चिन को भारत का हिस्सा बताया

- ट्रेड डील के बाद भारतीय मानचित्र शेयर किया, पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को बड़ा झटका

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने भारतीय मानचित्र शेयर किया। जिसमें पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाया जाता है। इस बार ट्रंप प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। इसे पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर ट्रंप की खुशामद में लगे हुए हैं। यहां तक कि शहबाज सरकार ने ट्रंप के गाजा पीस बोर्ड में भी शामिल होने का फैसला कर लिया, जिसका पाकिस्तान में ही विरोध हो रहा है।

# केरल में प्याज के ट्रक से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

- 245 बक्से बरामद, जिलेटिन की 10,500 छड़ें और डेटोनेटर मिले

**मलप्पुरम।** केरल में मलप्पुरम के समीप चेम्माड में शनिवार को प्याज लदे एक ट्रक से जिलेटिन की 10,500 से अधिक छड़ें व डेटोनेटर जब्त किए गए। इस सिलसिले में पुलिस ने ट्रक की मालकिन को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार, ईंट के भट्ठे के पास खड़े इस ट्रक से लगभग 245 बक्से बरामद किए गए जिनमें जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और तार रखे थे। तिरुरंगडी थाने के अधिकारियों ने बताया कि प्याज से लदा यह ट्रक शुक्रवार देर रात ईंट के भट्ठे पर पहुंचा था।

एक गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद ट्रक से सामान उतार रहे लोग भाग गए। हिरासत में ली गई महिला पत्थर की एक खदान भी चलाती है।

# बच्चे से योगी बोले- हम भी तेरे दादा ही लगते हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/यमकेश्वर

- उत्तराखंड के पैतृक गांव पंचूर में बच्चों के बीच उमड़ा 'महाराज' का बालप्रेम
- सीएम ने सुबह गांव में बड़े-बुजुर्गों से हालचाल पूछा, बच्चों को किया दुलार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान योगी का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। एक बच्चे से बातचीत में बोले कि 'हम भी तेरे दादा ही लगते हैं'।

योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की। इस दौरान, गांव के लोगों ने योगी के साथ सेल्फी भी ली। वे शनिवार को अपने परिजनों से भी मिले। योगी की विनम्रता, सरलता व सहजता देखकर स्थानीय लोग भी भाव-विभोर हो गए।



उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिलांतर्गत यमकेश्वर तहसील स्थित अपने गांव पंचुर में बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

**हीलाहवाली** तीसरे-चौथे दर्जे के कर्मी सबसे आगे, ऑनलाइन ट्रैकिंग से बढ़ा डर, पहले फाइलों में दब जाते थे मामले

# संपत्ति घोषणा में चार गुना पीछे हैं आईएएस-पीसीएस अफसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** आईएएस, आईपीएस और पीसीएस संवर्ग के अधिकारी ही संपत्ति घोषणा में सबसे पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। प्रदेश में सभी कार्मिकों की चल-अचल संपत्ति की मानव संपदा पोर्टल पर घोषणा अनिवार्य किए जाने और वेतन तक रोकने के बावजूद पहले और दूसरे दर्जे के अफसरों की सुस्ती नहीं थमी है। जबकि तीसरे और चौथे दर्जे के कर्मी चार गुना आगे हैं।

इसके पीछे की वजह ऑनलाइन ट्रैकिंग से किसी की ओर शिकायत पर कार्रवाई का डर माना जा रहा है। पहले मामले फाइलों में दबे रह जाते थे। मुख्यमंत्री योगी की भ्रष्टाचार पर जीरो-टॉलरेंस नीति और मुख्य सचिव एसपी गोयल के सख्त निर्देशों के बावजूद संपत्ति विवरण देने में सर्वाधिक उदासीनता तो प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ही दिखाई है। आंकड़े बताते हैं कि जहां प्रथम श्रेणी (आईएएस-आईपीएस-पीसीएस) के केवल 83 प्रतिशत अधिकारियों ने मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा दर्ज किया, वहीं तृतीय श्रेणी के 96 प्रतिशत कर्मचारियों ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली। 31 जनवरी की समय सीमा तक संपत्ति विवरण अपलोड न करने वाले 47 हजार राज्यकर्मियों पर अब अनुशासनात्मक कार्रवाई की तलवार लटक रही है। प्रदेश में 8.65 लाख कर्मचारियों में से यह संख्या भले प्रतिशत में कम लगे, लेकिन प्रशासनिक पदानुक्रम में इसका असर बड़ा है। संपत्ति न बताने वालों में 16.89 % प्रथम श्रेणी और 13.92% द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शामिल हैं। जबकि तृतीय श्रेणी में यह आंकड़ा महज 4.03% और चतुर्थ श्रेणी में 7.34% है। यानी वरिष्ठ अधिकारी संपत्ति घोषणा में चार गुना तक पीछे दिख रहे हैं। ऐसे में तकनीकी दिक्कतों का बहाना भी बनाना अब मुश्किल होगा। जानकारों के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों की संपत्ति का स्वरूप अपेक्षाकृत जटिल होता है।

पुरानी खरीदी गई जमीनें, रिश्तेदारों के नाम संपत्ति, बिना अनुमति के किए गए निवेश। ऑनलाइन व्यवस्था में हर एंट्री का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड बन रहा है। पहले कागजी फाइलें दब जाती थीं, अब ट्रैक बनता है। यही डर कई अफसरों को असहज कर रहा है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, बेसिक-माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण, राजस्व, पंचायती राज, गृह, वित्त और सिंचाई जैसे बड़े विभागों में संपत्ति न बताने वालों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है।

### ब्योरा न देने वालों की हो सकती जांच

सूत्रों के मुताबिक एक से अधिक वर्षों तक संपत्ति विवरण न देने वाले अफसरों की अलग सूची तैयार हो रही है। वेतन रोकने से आगे बढ़कर विस्तृत जांच भी हो सकती है। यह मुख्यमंत्री योगी की बैठक में तय होगा, जो पिछले सप्ताह में टल गई थी। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो जाएगा कि यह सख्ती सिर्फ चेतावनी बनती है या वास्तव में प्रशासनिक संस्कृति में पारदर्शिता का स्थायी बदलाव लाती है।

### यह है कर्मचारी आचरण नियमावली

उप्र सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार हर कर्मचारी को प्रत्येक वर्ष अपनी और आश्रितों की जमीन, मकान, फ्लैट, दुकान, वाहन, आभूषण, निवेश और बैंक जमा जैसी सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण देना अनिवार्य है। सेवा काल में कोई बड़ी संपत्ति खरीदने पर विभागीय अनुमति भी जरूरी है। नियम का मकसद आय और संपत्ति के बीच असंगति पकड़ना है।

## न्यूज ब्रीफ

### सल्फास बेचने वालों का निरस्त होगा लाइसेंस

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि सल्फास एक प्रतिबंधित प्रयोग श्रेणी का रसायन है। इसकी बिक्री केवल सरकारी एजेंसियों या अधिकृत कमर्शियल पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटरों द्वारा ही की जा सकती है। बताया कि यदि कोई अन्य कीटनाशक विक्रेता सल्फास बेचते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी और उसका लाइसेंस तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि जहां भी कीटनाशक बनाए या भंडारित किए जाते हैं वहां प्राथमिक चिकित्सा के पर्याप्त साधन और लेबल लीफलेट के निर्देशों का पालन अनिवार्य है। सल्फास के जहर का कोई विशिष्ट एंटीडोट उपलब्ध नहीं है इसलिए सावधानी ही बचाव है।

### परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत सत्र 2025-26 के एलएलबी (त्रिवर्षीय) एवं बीए एलएलबी (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। विवि प्रशासन द्वारा परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने बताया कि विश्वविद्यालय की छात्रहित में कोर्स सिलेक्शन एवं मुख्य परीक्षा के परीक्षा फार्म भरने की तिथि आठ फरवरी तक बढ़ा दी गई है। वहीं छात्र नौ फरवरी तक भरे गए परीक्षा फार्म अपने संबंधित महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे। महाविद्यालयों को भी नौ फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन पत्र सत्यापित करने के निर्देश दिए गए हैं। फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाएंगे।

### फॉल्ट से कई इलाकों में घंटों गुल रही बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीतल नगरी विद्युत केंद्र में पावर सप्लाई में फॉल्ट आने के कारण करुला, ट्रांसपोर्ट नगर, पीतल नगरी और प्रभात मार्केट क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रात करीब तीन बजे से इन क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई। शनिवार को अधीक्षण अभियंता प्रशांत कुमार ने बताया कि फॉल्ट के चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली गुल रही जो दोपहर में आई।

# सभी बिंदुओं पर जुटाए साक्ष्य एडीओ से लिया लिखित बयान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़े की जांच कर लौटी टीम

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह प्रोत्साहन योजना में फर्जीवाड़े की जांच करने लखनऊ से आई टीम जांच के महत्वपूर्ण बिंदुओं के साक्ष्य जुटाकर लखनऊ लौट गई। टीम का नेतृत्व कर रहे संयुक्त निदेशक अरुण पांडेय, उप निदेशक अमरजीत सिंह और अनामिका ने डीएम अनुज सिंह व संबंधित अधिकारियों, ठेकेदार और शिकायतकर्ता विधायक से बातचीत की थी।

जिले में 5 दिसंबर को योजना के अंतर्गत 865 शादियों में फर्जीवाड़ा कर 37 जोड़ों का गलत तरीके से पात्र बनाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय मंत्री द्वारा भेजी गई तीन सदस्यीय जांच टीम शनिवार को लौट गई। शिकायतकर्ता से लेकर लाभार्थियों तक से बातचीत की और संबंधित अधिकारियों से जानकारी जुटाई। समाज कल्याण विभाग से जुड़े सभी एडीओ समाज कल्याण के लिखित बयान दर्ज किए। ग्राम विकास अधिकारियों के लिखित बयान लिए। हालांकि तीसरे दिन जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। संयुक्त निदेशक अरुण पांडेय ने बताया कि जांच रिपोर्ट निदेशालय भेजी जाएगी।

## रूमिनेटर स्टूडियोज के बैनर तले बन रही डॉक्यूमेंट्री में होगा सात क्षेत्रों के खानपान का जिक्र

# रामपुर के खानपान से परिचित होंगे लोग, बन रही डॉक्यूमेंट्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- रामपुर की मशहूर डिश तार-गोश्त दाल की खिचड़ी को शूट किया

**अमृत विचार :** दुनिया में अपनी विचित्र शैली और जायके के लिए मशहूर रामपुरी खाने पर डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग शुरू हुई है। रूमिनेटर स्टूडियोज के बैनर तले बन रही इस डॉक्यूमेंटरी में भारत के सात विभिन्न क्षेत्रों के खानपान का जिक्र है। जिसमें रामपुर को भी चुना गया है, जिसका प्रतिनिधित्व रामपुरी क्यूजीन के माहिर सेलेब्रिटी मास्टर शेफ ओसामा जलाली ने किया।

दिल्ली और मुंबई से आई 12 लोगों की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शूटिंग की और रामपुरी संस्कृति के प्रतीक जैसे हब्शी हलवा, टोपी, चाकू, रामपुरी गरारे आदि को तैयार होते देखा। शूटिंग टीम ने रामपुर के इतिहास के जानकार और आईएमसीए के अध्यक्ष सिविल लाइंस निवासी डॉ. सैयद मोमिन इकबाल के साथ रजा लाइब्रेरी में दुर्लभ पांडुलिपियों का विश्लेषण किया और प्राचीन पुस्तकों को देखा। इसके बाद पटवाई स्थित उनके मर्जान फार्म पर रामपुर की मशहूर डिश तार-गोश्त, दाल की खिचड़ी पकाई और उसका फिल्मांकन किया। ओसामा जलाली मशहूर इस्लामिक विद्वान मौलाना अब्दुल दयाम जलाली के पोते हैं और मूल रूप से रामपुर निवासी ही हैं। नोएडा में एट मजलिस भारत के विभिन्न हिस्सों से आने वाले पारंपरिक और प्रामाणिक व्यंजनों को विशेष रूप से परोसने के लिए प्रसिद्ध है। जहां हर क्षेत्र के अनोखे स्वाद और पाक परंपराओं की झलक मिलती है। इस मौके पर सैयद आरिफ इकबाल, सैयद माज इकबाल, अभिषेक कुमार, कुबेर स्वरूप, शहादत अली उर्फ भूरा आदि मौजूद रहे।


डॉक्यूमेंट्री के दौरान खाना बनाने की शूटिंग करते लोग। • अमृत विचार

# कड़ी निगरानी में हुई सी-टीईटी की परीक्षा

## केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा: दो पालियों में पहले दिन 13,445 परीक्षार्थी हुए शामिल, 2,082 गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सी-टीईटी) पहले दिन दो पाली में शनिवार को कराई गई। दोनों पालियों में पंजीकृत 15,727 परीक्षार्थियों से 2,082 अनुपस्थित रहे, जबकि 13,445 ने परीक्षा दी। केंद्रों के बाहर सुबह आठ बजे से ही परीक्षार्थियों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। सुबह नौ बजे गहन चेकिंग के बाद केंद्रों में प्रवेश दिया गया। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक कराई गई। नोडल अधिकारी ने बताया कि पुलिस की कड़ी निगरानी में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।

पहली पाली की परीक्षा 21 केंद्रों पर कराई गई, जिसमें 10,080 परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था थी। इनमें से 8,644 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1,436 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 5,647 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 646 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे और 4,801 ने परीक्षा दी। शाम की पाली में 9 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित नहीं की गई।

नोडल अधिकारी एवं गांधी नगर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य शशि शर्मा ने बताया पहले दिन गांधी नगर पब्लिक स्कूल, एडम एंड ईव इंटरनेशनल स्कूल, आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल, बॉनी एनी पब्लिक स्कूल, सीएनएस एकेडमी, सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल, दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल, गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, ग्रीन मीडोज स्कूल, हिंदू कॉलेज, केसीएम स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, कैप्टन पब्लिक स्कूल, महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, नोसगे स्कूल, पीएमएस स्कूल, आरआरके स्कूल, आरएसडी एकेडमी पब्लिक स्कूल तथा एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में परीक्षा कराई गई। बताया कि 8 फरवरी को जिले में 35 केंद्रों पर 16,000 परीक्षार्थियों की परीक्षा कराई जाएगी।


परीक्षा केंद्र पर सामान लेने के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी। • अमृत विचार


के सी एम स्कूल से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। • अमृत विचार

### परीक्षा छूटते ही महानगर की सड़कों पर लगा जाम

शनिवार को परीक्षा छूटते ही महानगर की सड़कों और हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। दोपहर से लेकर रात करीब आठ बजे तक वाहनों की कतारें लगी रहीं। शनिवार की सुबह से ही महानगर में करीब 13 हजार परीक्षार्थी मौजूद थे। दोपहर 12 बजे पहली पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थियों की एक साथ आवाजाही शुरू हुई, जिससे शहर की सड़कों के साथ हाईवे पर भी जाम लग गया। ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा हाईवे और नगर के मुख्य मार्गों पर लंबी कतारों में रेंगते नजर आए। पारकर इंटर कॉलेज मार्ग से गरहट्टी, ताड़ीखाना रोड, रेलवे स्टेशन रोड से लेकर रोडवेज पीतल नगरी डिपो तक ऑटो और ई-रिक्शाओं में भारी भीड़ देखी गई। निजी वाहनों से आए परीक्षार्थी भी जाम में फंसे रहे। कुछ ऑटो और ई-रिक्शा चालकों द्वारा अधिक किराया वसूलने की शिकायतें भी आईं। प्रमुख चौराहों, रेलवे स्टेशन, फव्वारा चौक, दिल्ली रोड और पार्श्वनाथ प्लाजा क्षेत्र में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, इसके बावजूद कई स्थानों पर यातायात बाधित रहा।

# अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

संवाददाता, पाकबड़ा

- परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस ने स्थिति को संभाला
- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कब्जे में लिए अस्पताल के दस्तावेज

**अमृत विचार :** अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत पर गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर एवं अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर पोस्टमार्टम कराने के लिए मनाया।


मृतका रीना।

थाना क्षेत्र मैनाठेर के निवासी नन्हें ने गर्भवती पत्नी रीना (32) को पाकबड़ा के नया मुरादाबाद सेक्टर 5 में स्थित के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार को भर्ती कराया था। बताया कि अस्पताल वालों ने कहा कि ऑपरेशन होना है। जिस पर सहमति के बाद ऑपरेशन से बेटी पैदा हुई। रात करीब 12:00 बजे के आसपास रीना की हालत बिगड़ने लगी तो डॉक्टर व स्टॉफ से कहीं और ले जाने की बात कही, लेकिन अस्पताल वालों ने नहीं ले जाने दिया। कहते रहे कि ठीक हो जाएगी, कुछ देर बाद ही रीना ने दम तोड़ दिया। इससे गुस्साए परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए रात में ही हंगामा कर दिया। स्टाफ वहां से भाग निकला। हंगामा की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव घर ले गए। स्वास्थ्य विभाग को सूचना हुई। शनिवार दोपहर को स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर विकास कुमार टीम के साथ अस्पताल में पहुंचे। उन्होंने दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया। डॉ. विकास कुमार ने बताया कि टीम के साथ गए थे। सभी कागज लिए गए हैं। रिपोर्ट सीएमओ को देंगे। उनका जो आदेश होगा उसके अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

# डीआरएम ने स्योहारा, धामपुर, नगीना व कोटद्वार स्टेशनों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की
- मुरादाबाद से नजीबाबाद व कोटद्वार से नजीबाबाद तक विंडो ट्रेलिंग व्यवस्था देखी

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्निर्माण किए जा रहे स्योहारा, धामपुर, नगीना, नजीबाबाद और कोटद्वार स्टेशनों का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मुरादाबाद से नजीबाबाद, कोटद्वार से नजीबाबाद रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशनों पर रिडेवलपमेंट कार्यों में फुट ओवरब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग रूम, स्टेशन कार्यालयों एवं स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को देखा। अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन पुनर्निर्माण के कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा कराएं।

साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि इन कार्यों के चलते नियमित स्टेशन संचालन में भी कोई व्यवधान न उत्पन्न हो। उन्होंने मुरादाबाद से नजीबाबाद एवं कोटद्वार से नजीबाबाद तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर व्यवस्था देखी। इस दौरान सीपीएम/गतिशक्ति अनिल कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (समन्वय) अक्षय कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक आशीष सिंह, रवि विक्रम सिंह/वरिष्ठ मंडल अभियंता (चतुर्थ), ऋषभ दत्त एक्सईएन/गति शक्ति व रेल मंडल के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


निरीक्षण के दौरान चल रहे कार्य को देखतीं मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव।

# चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप


बैठक के दौरान मौजूद सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सपा के कार्यालय में हुई बैठक में निशाने पर रही भाजपा

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को हुई बैठक में पदाधिकारियों ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है।

जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि भाजपा शासनकाल में सरेआम वोट काटने और बढ़ाने का कृत्य हो रहा है जिसमें संवैधानिक संस्थाएं आंखें मूंदे हैं। उन्होंने फ़ॉर्म-7 के दुरुपयोग के खिलाफ खड़े लोगों का समर्थन किया। सरकारी स्कूलों को बंद करने को शिक्षा-विरोधी नीति करार दिया। पूर्व विधायक हाजी रिजवान ने कहा कि शिक्षा से जागरुकता आती है इसी कारण वह शिक्षा के विरोध में हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी ने कहा कि आगामी चुनाव में शिक्षा बड़ा मुद्दा बनेगा। महिलाएं भाजपा को हराने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी। जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि सरकारी स्कूल बंद हुए तो निजी स्कूलों की मनमानी बढ़ेगी। संचालन जिला महासचिव ने किया।

# संदिग्ध हालात में घर में बेहोश मिली वृद्धा की मौत, लूट के बाद हत्या की आशंका

संवाददाता, टांडा

- भतीजा बोला, लाखों के जेवरात गायब, लूट के बाद मार डाला

**अमृत विचार :** नगर में संदिग्ध परिस्थिति में वृद्धा की मौत हो गई। बेटे का आरोप है कि घर से लाखों के जेवर नगदी गायब है। भतीजे ने लूट के बाद मार डालने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के मोहल्ला नज्जूपुरा निवासी मोहम्मद रफी की पत्नी रफत शाहीन (65) शनिवार को घर पर अकेली थी। दोपहर करीब 2:30 बजे भतीजे मोहम्मद हारिस को किसी ने सूचना दी घर पर उसकी फूफी बेहोश है। वह बचपन से ही औलाद न होने के चलते रफत शाहीन के साथ रहता है। वह दुकान से घर पहुंचा और बेहोश अवस्था में मां को नजदीकी डॉक्टर को दिखाया। जहां डॉक्टर ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल व आसपास के घरों का मुआयना कर लोगों से पूछताछ की व सीसीटीवी खंगाले। शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भतीजे ने बताया कि हर शनिवार को घर पर एक दीनी कार्यक्रम होता है। जिसमें दर्जनों महिलाएं आती हैं।

शनिवार को कार्यक्रम का दिन था, लेकिन उससे पहले कार्यक्रम में शामिल होने आई किसी महिला ने दुकान पर आकर बताया कि उसकी फूफी बेहोश अवस्था में घर पर है। जब वह घर पहुंचा तो देखा कि कमरे का सामान बिखरा हुआ और फूफी की मुंह से खून बह रहा है। बताया कि कमरे में सोने के लाखों के जेवर व नकदी रखी थी जो गायब है। इस दौरान मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। सीओ कीर्तिनिधि आनंद ने बताया संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत हुई है, आसपास के लोगों से पूछताछ व सीसीटीवी की जांच की जा रही है। हर बिंदु पर जांच की जा रही है।


मौके पर सीओ कीर्ति निधि आनंद सीओ टांडा। • अमृत विचार





# महापुरुषों की तस्वीरें फिर दीवार पर लगीं

कार्यालय संवाददाता, संभल

- निलंबन के बाद भी प्रधानाध्यापिका की मौजूदगी पर उठे सवाल
- परिषदीय विद्यालय में दीवार पर आयतों का मामला

**अमृत विचार:** कुढ़ फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नगला पूरवा स्थित परिषदीय विद्यालय में महापुरुषों की तस्वीर हटाने और प्रधानाध्यापक कक्ष के बाहर कुरान की आयत लिखी तस्वीर लगाने के मामले में हंगामे के बाद प्रधानाध्यापिका और एक सहायक अध्यापक पर निलंबन की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद विद्यालय की दीवारों पर महापुरुषों की तस्वीरें सम्मान के साथ दोबारा लगा दी गई हैं।

शनिवार को संगठनों के कार्यकर्ता फिर विद्यालय पहुंचे। उन्होंने निलंबन के बावजूद प्रधानाध्यापिका पुष्पा रानी के स्कूल में होने पर सवाल खड़े किए। कार्यकर्ताओं ने जांच कराने की मांग भी की। दूसरी ओर, कुरान की आयत वाली तस्वीर लगाने के मामले में निलंबित सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम ने खुद को बेकसूर बताया है। प्रधानाध्यापिका पुष्पा रानी इस मामले की जिम्मेदारी मोहम्मद नाजिम पर डाल रही हैं। पुष्पा रानी का कहना है कि उनका दोष केवल इतना है कि उन्होंने तस्वीर लगाए जाने की सूचना समय पर वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी। वहीं सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम ने कहा कि पुष्पा रानी विद्यालय में रहते हुए समाजवादी पार्टी के लिए प्रचार करती हैं और उनकी कार्यशैली विवादों में रही है। उन्हें इस मामले में फंसाने के लिए षड्यंत्र रचा गया है। मोहम्मद नाजिम ने स्पष्ट किया कि आयतों वाली तस्वीर लगाने में उनकी कोई भूमिका नहीं है। वह स्कूल की बात तो दूर कभी गांव की मस्जिद में भी नमाज अदा करने नहीं गये। वह केवल जुमे की नमाज पढ़ते हैं और छुट्टी दोपहर तीन बजे होने के बाद ही घर जाकर नमाज अदा करते हैं। अब सच जानने के लिए निगाहें प्रशासन की जांच रिपोर्ट और आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।


नगला पूरवा परिषदीय विद्यालय में दीवार पर लगाई गईं महापुरुषों की तस्वीरें।

# मांगें पूरी न होने पर भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आधार केंद्र बढ़ाने व गन्ना भुगतान को लेकर भाकियू (टिकैत) ने उठाई आवाज

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है। भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय सचिव चौधरी नौ सिंह ढिल्लो ने मंडलायुक्त को पत्र भेजकर आधार कार्ड बनवाने में आ रही दिक्कतों और गन्ना किसानों के साथ हो रहे अन्याय को दूर कराने की मांग की है। व्यवस्था में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शनिवार को मंडलायुक्त को भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ नौ सिंह ने भेजे गए पत्र में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों को आधार कार्ड बनवाने अथवा संशोधन के लिए कई दिनों तक लाइन में लगना पड़ता है। वर्तमान में शहर में केवल एक आधार केंद्र संचालित है, जिस कारण अत्यधिक भीड़ रहती है। बुजुर्ग किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी रोज़ी-रोटी और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावित हो रहा है। भाकियू ने मांग की है कि किसानों की सुविधा के लिए अतिरिक्त आधार केंद्र शीघ्र स्थापित किए जाएं। इसके साथ ही पत्र में गन्ना किसानों की समस्याओं को भी बताया है। आरोप लगाया है कि कि गन्ना मिलों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से कम दर पर गन्ने की खरीद की जा रही है, जो किसानों के साथ अन्याय है। संगठन ने इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। भाकियू (टिकैत) ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करेंगे।

## शहर में आज

- अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला व महानगर की मासिक बैठक रामलीला मैदान लाजपत नगर में दोपहर 12 :00 बजे
- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से हिन्दू सम्मेलन दयानंद आर्य गर्ल्स महाविद्यालय सिविल लाइंस में 2 :00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### पूरा अनाज न मिलने की आ रहीं शिकायतें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरकारी राशन दुकानों से राशनकार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में अनाज न मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। लाभार्थियों का कहना है कि कई बार तौल में कटौती की जाती है या अनाज की गुणवत्ता ठीक नहीं होती। शिकायत करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाता। इससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों ने खाद्य एवं रसद विभाग से नियमित जांच और पारदर्शी वितरण व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

### ध्वनि प्रदूषण से बढ़ रहीं बीमारियां

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर में बढ़ता ध्वनि प्रदूषण लोगों की सेहत के लिए खतरा बनता जा रहा है। तेज हॉर्न, लाउडस्पीकर और निर्माण कार्यों के शोर से सिरदर्द, अनिद्रा और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। चिकित्सकों का कहना है कि लंबे समय तक अधिक शोर में रहने से उच्च रक्तचाप और सुनने की क्षमता पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को ध्वनि प्रदूषण पर सख्त नियंत्रण करने का जरूरत है।

### लंबित शिकायतों से लोग परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर के सरकारी कार्यालयों में दर्ज शिकायतों का समय पर निस्तारण न होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। पानी, बिजली, पेंशन और प्रमाण पत्र से जुड़ी फाइलें महीनों तक लंबित पड़ी रहती हैं। बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद काम नहीं हो पाता। लोंगों का कहना है कि शिकायत निस्तारण प्रणाली प्रभावी न होने से भरोसा कमजोर हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

# समाधान न निकला तो बाजार करेंगे बंद

- नगर निगम द्वारा दुकानों को सील किए जाने से व्यापारियों में रोष, आज महापौर से करेंगे मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


बाजार में विरोध जताते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर निगम द्वारा रविवार को दुकानों को सील किए जाने को लेकर जारी किए गए पत्र के बाद व्यापारियों में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में शनिवार को दुर्गा मंदिर परिसर में व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। बैठक में नगर निगम के इस कदम पर चर्चा की गई और इसे व्यापारियों के हितों के खिलाफ बताया गया।

शनिवार को भी व्यापारियों ने नगर निगम के निर्णय का विरोध जताते हुए टाउन हॉल बाजार बंद किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यापारी सुरक्षा फोरम के अध्यक्ष विजय मदान ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर रविवार को महापौर विनोद अग्रवाल ने व्यापारियों को वार्ता के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी चाहते हैं कि बातचीत के जरिए कोई सकारात्मक समाधान निकले, जिससे दुकानों को सील करने जैसी कठोर कार्रवाई से बचा जा सके।

हालांकि, यदि बैठक में कोई समाधान नहीं निकलता है तो व्यापारियों को मजबूरन बाजार बंद करने का निर्णय लेना पड़ेगा। महामंत्री नितिन राज ने कहा कि व्यापारी वर्ग पर किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारी हमेशा नगर निगम के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं, लेकिन एकतरफा कार्रवाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

अंत में सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष का संकल्प लिया।

## रोज डेः वैलेंटाइन वीक के पहले दिन बाजार में उत्साह

# जोड़ों ने गुलाब देकर किया प्रेम का इजहार

- गुलाब की कली के दाम बढ़े , 30-50 रुपये में बिकी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


रोज डे पर फूलों की दुकान पर फूल पसंद करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रेम व स्नेह के प्रतीक वेलेंटाइन वीक के पहले दिन शनिवार को रोज डे पर बाजारों में उत्साह रहा। सिविल लाइंस, बुध बाजार, चौमुखापुल और मंडी चौक आदि बाजारों में फूलों और गिफ्ट की दुकानों पर भीड़ रही। प्रेमी जोड़ों व दंपत्तियों ने एक दूसरे को गुलाब देकर अपने प्रेम का इजहार किया। फूलों की कीमतें भी बाजार की मांग को देखकर बढ़ गई। गुलाब की कली 30-50 रुपये में बिकी।

पहले दिन युवाओं और नवदंपतियों में उत्साह रहा। प्रेमी जोड़े एक-दूसरे को गुलाब भेंट कर अपने साथी को प्रेम व निकटता का अहसास कराया। कई युवाओं ने रेड रोज के साथ चॉकलेट, ग्रीटिंग कार्ड, परफ्यूम और सॉफ्ट टॉय भी उपहार में दिया। सिविल लाइंस और चौमुखापुल क्षेत्र में कैफे और रेस्टोरेंट में भी चहल-पहल नजर आई। फूल विक्रेताओं ने बताया कि रोज डे पर गुलाब की मांग सबसे ज्यादा रही। मंडी चौक में फूल विक्रेता रोहित ने बताया कि रोज डे के लिए एक-दो दिन पहले ही लाल गुलाब के फूल की मांग बढ़ गई थी। जिसके चलते दाम भी कुछ बढ़ गए। सिविल लाइंस के फूल व्यापारी संजय ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते थोक मंडी से ही फूल महंगे मिल रहे हैं, इसलिए फुटकर में भी दाम बढ़ाने पड़े। नवदंपतियों के लिए भी रोज डे खास रहा। कई दंपति बाजारों में साथ घूमते और खरीदारी करते नजर आए। कुछ ने इस मौके को यादगार बनाने के लिए शाम को बाहर डिनर या कैफे में समय बिताया।

# शिवरात्रि पर जर्जर सड़क पर ठोकरें खाएंगे कांवड़िये

## मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार रोड कई जगह धंसी , महानगर में शिवालयों को जाने वाली सड़कें भी खस्ता

- सड़कों पर गड्ढे के चलते हादसे की आशंका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


ढाप वाले मंदिर जाने वाली टूटी सड़क। ● अमृत विचार


आशियाना कॉलोनी की टूटी सड़क और गड्ढे में भरा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए शिवालयों पर आने जाने वाले कांवड़िये और अन्य शिवभक्त टूटी सड़क पर हिचकोले खाएंगे क्योंकि गड्ढामुक्त सड़क अभियान केवल कागजों में सिमटा दिख रहा है। महानगर की सड़कें तो जर्जर हाल में हैं ही, मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार हाईवे कई जगह धंसी है। जिससे वाहनों के असंतुलित होने पर हादसे की आशंका बनी रहती है। महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगाजल भरकर हजारों कांवड़िये भी मुरादाबाद के जर्जर रास्तों से गुजरेंगे।

महाशिवरात्रि के पर्व को चंद दिन रह गए हैं। यातायात पुलिस ने एक तरफ जहां डायवर्जन की तैयारी की है तो अन्य विभागों को भी प्रबंध देखने हैं। लेकिन मुख्य मार्गों के अलावा अंदरूनी सड़कों की खस्ताहाली स्थानीय के अलावा बाहर से आने जाने वालों को भी संकट में डाल सकती है। महाशिवरात्रि पर जहां शिवालयों में बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक करने पहुंचेंगे वहीं हरिद्वार से भी गंगाजल भर कर कांवड़िये जलाभिषेक के लिए आते हैं। मगर मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार हाईवे भी कई जगह धंस गया है। जबकि चंद महीने पहले ही इसे ठीक कराया गया था। यही स्थिति महानगर के पॉश कॉलोनियों व उनकी अंदरूनी सड़कों की भी है। टूटी सड़कों पर जहां तहां गड्ढे हो गए हैं। जिसमें हिचकोले खाते हुए आवागमन करना पड़ रहा है। आशियाना कॉलोनी स्थित ढाप वाले मंदिर की ओर से जाने वाली सड़क भी कई जगह टूटी हुई है। विकास भवन से होकर अंदर के रास्ते ढाप वाले मंदिर की सड़क कई जगह टूटी है।

नगर निगम, लोनिवि व एमडीए के अधिकारियों का ध्यान इन टूटी सड़कों को ठीक कराने में नहीं है। महानगर के कई अन्य मोहल्लों में स्थित शिवालयों के आसपास भी हालत ऐसी ही है। ऐसे में महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों को इन टूटी सड़कों से दो चार होना पड़ेगा।

### कई जगह गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, बारिश का पानी अभी भी भरा

आशियाना फेज एक से होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क एक नहीं कई जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है। पिछले दिनों हुई बारिश का पानी अभी भी सड़क के गड्ढों में भरा है। जबकि इस मार्ग पर कई निजी अस्पताल व नर्सिंग होम्स संचालित हैं। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मरीज और उनके तीमारदारों का आना जाता होता है। एंबुलेंस और स्कूली वाहन भी इस सड़क के गड्ढों में हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं। जबकि स्थानीय नागरिक इसे अपनी नियति मान चुके हैं।

### श्री महाकाल सेवक संघ कांठ रोड पर करेगा कांवड़ियों का स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इच्छा पूर्ति सिद्ध पीठ के महंत पीठाधीश्वर डॉ. प्रशांत गुरु ने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन और पूर्ण निष्ठा के साथ महाकाल की शरण में जाता है, उसकी प्रगति निश्चित रूप से संभव होती है। वे श्री महाकाल सेवक संघ द्वारा महाकाल स्टोर्स पर आयोजित महाकाल प्रसादम् सेवा कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। डॉ. प्रशांत गुरु ने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। इसी दिन माता पार्वती और देवों के देव महादेव का विवाह संपन्न हुआ था। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते हैं। ऐसे में श्री महाकाल सेवक संघ का यह दायित्व बनता है कि वह कांवड़ियों की सेवा करे। उन्होंने कहा कि पुण्य कार्यों में किया गया व्यय भगवान को प्रसन्न करता है। उप महंत मोहित राज गुप्ता ने बताया कि श्री महाकाल सेवक संघ विगत पांच वर्षों से निरंतर कांवड़ियों की सेवा करता आ रहा है। इस वर्ष भी कांठ रोड पर कांवड़ियों की सेवा की जाएगी।

## गैंगरेप का मुकदमा निकला झूठा, विवेचक ने दी क्लीन चिट

**मुरादाबाद,अमृत विचारः** थाना छजलैट क्षेत्र के एक ग्रामीण ने कुछ लोगों पर अवैध वसूली, ब्लैकमेलिंग और झूठे मुकदमों में फंसाने का गंभीर आरोप लगाया। पुलिस अधीक्षक बिजनौर को दिए गए प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना छजलैट के गांव कोकरपुर निवासी भूदेव सिंह बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए आशियाना कालोनी में रहता है। भूदेव के अनुसार 28 जून 2023 की एक घटना के आधार पर एक जुलाई को थाना सिविल लाइन में एक महिला द्वारा गैंगरेप का केस दर्ज कराया था जो विवेचना में झूठा पाया गया। इसके बाद ग्राम कुंडा नूरपुर जिला बिजनौर निवासी बब्बू मलिक द्वारा न्यायालय से केस दोबारा दर्ज कर दिया था। दारोगा अवध बिहारी ने विवेचना के दौरान पीड़ित को निर्दोष पाया। अब धन वसूली के उद्देश्य से मुकदमे के फैसले के नाम पर फोन कर पैसे की मांग की जा रही है। नूरपुर बुलाकर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर बब्बू मलिक, आरोप लगाने वाली महिला और वीरेंद्र पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# बीमार मिले गोवंश, सीडीओ गुस्साईं

- मुख्य विकास अधिकारी ने वृहद गो संरक्षण केंद्र सादकपुर खिचड़ी का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


बछड़े को देखतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने शनिवार को विकास खण्ड छजलैट स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्र सादकपुर खिचड़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम प्रधान, पशुधन प्रसार अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी सहित गोशाला के केयर टेकर उपस्थित रहे।

औचक निरीक्षण करने जब मुख्य विकास अधिकारी पहुंची तो गोशाला में 295 गोवंश संरक्षित मिले। जिसमें 141 नर एवं 154 मादा गोवंश शामिल हैं। इस दौरान एक गोवंश बीमार पाया गया, जिस पर उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील दत्त से बीमारी का कारण पूछा और नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल उपचार कराने का निर्देश दिया। गोशाला में पांच गर्भवती गायों को अलग रखते हुए उनकी विशेष देखभाल करने के साथ उन्हें अतिरिक्त संतुलित आहार देने का निर्देश दिया। इनमें से एक गाय ने चार दिन पूर्व बछड़े को जन्म दिया है, जिसे गोशाला को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। संरक्षित गोवंशों के लिए हरे चारे की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने और पिछले दो माह से लंबित कुछ केयर टेकरों के मानदेय भुगतान के लिए ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए। भूसा, खल, चोकर, हरा चारा व गुड़ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला। पीने के लिए स्वच्छ एवं ताजा पेयजल देने की बात कही गई।

# निदेशालय ने जिला लेखा परीक्षा अधिकारी को भेजा नोटिस

- लेखा परीक्षा कार्मिकों ने लगाए उत्पीड़न व साजिश के आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग से जुड़े कार्मिकों में रोष व्याप्त है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 17 जनवरी 2026 को दिए गए एक प्रार्थना पत्र के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि लेखा परीक्षा कार्मिकों को उनके कार्य के दौरान गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि जिन विभागों की लेखा परीक्षा की जाती है, वहां के संबंधित कर्मचारी आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने में टालमटोल करते हैं।

साथ ही विगत वर्षों की लेखा आपत्तियों का निस्तारण न होने के कारण सचिवों और कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कार्मिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्हें कथित तौर पर फर्जी मुकदमों में फंसाने और जबरन रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कराने की साजिश रची जा रही है। प्रार्थना पत्रों के अध्ययन से यह भी सामने आया है कि कई प्रार्थना पत्रों पर एक माह पूर्व की तिथि अंकित है और उन्हें बिना किसी विधिवत संस्कृति के निदेशालय को प्रेषित किया गया। आशंका जताई है कि यदि भविष्य में ट्रैप जैसी घटनाओं के माध्यम से उन्हें फंसाने का प्रयास किया गया, तो इसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। लेखा परीक्षा कार्मिकों ने विभागीय उच्चाधिकारियों से मांग की है कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा निष्पक्ष और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

# यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए हेल्प डेस्क शुरू

- मंडल के सभी जिलों के परीक्षार्थियों की समस्याओं व शंकाओं का किया जाएगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



हेल्प डेस्क की जानकारी देते संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी।

**अमृत विचार :** राजकीय जिला पुस्तकालय में शनिवार को यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिए मंडल स्तरीय हेल्प डेस्क का शुभारंभ मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी और सह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं हेल्प डेस्क प्रभारी शतानंद शर्मा ने किया।

मंडल स्तरीय हेल्प डेस्क में अलग-अलग विषय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों में परीक्षा संबंधी तनाव एवं मानसिक समस्याओं के निदान के लिए एक समिति गठित की गई। हेल्प डेस्क की सह प्रभारी बबीता मेहरोत्रा ने हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी। बताया कि समिति के सभी सदस्यों को छात्र-छात्राओं की समस्याओं का निदान अवश्य करना है। मनोवैज्ञानिक केंद्र से आए मनोवैज्ञानिक अधिकारी डॉ. कुमार मंगलम सारस्वत ने छात्रों के मानसिक एवं परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने का सुझाव दिया। जिला समन्वयक डॉक्टर सुनीता चौधरी भी उपस्थित रहीं। समिति में नरेंद्र सिंह विज्ञान शिक्षक चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, राशीदा, रितु गुप्ता, अनुराधा, विनीता यादव, प्रीति कुमारी, प्रिया जायसवाल, नविदा गुल और अनुपम गुप्ता ने भी अपने सुझाव दिए। हेल्प डेस्क सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सोमवार से शनिवार तक क्रियान्वित रहेगी। यहां मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बिजनौर और रामपुर के छात्र और छात्राएं अपनी बोर्ड परीक्षा संबंधी, विषय संबंधी, मानसिक समस्याओं का निदान प्राप्त कर सकेंगे।

## टॉपर कहिन

### बोर्ड परीक्षा के टॉपर बोले, दैनिक दिनचर्या में ही छिपा होता है परीक्षा परिणाम

# टाइम टेबल, अभ्यास और आत्मविश्वास से मिलेगा बेहतर परिणाम

- अब तक जो पढ़ा उसी पर बनाएं अच्छी पकड़, नया टॉपिक पढ़ने से बचें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाओं की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। परीक्षा में अब नौ दिन शेष हैं। ऐसे समय में विद्यार्थियों के लिए सबसे जरूरी है कि वे नया पढ़ने के बजाय अब तक पढ़े गए पाठ्यक्रम को दोहराने पर पूरा ध्यान दें। पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षा में प्रदेश और जिले में टॉप करने वाले मेधावी और शिक्षकों का मानना है कि अंतिम दिनों में रिवीजन प्लान और अनुशासित टाइम टेबल ही बेहतर परिणाम की गारंटी बनता है।

शिक्षकों के अनुसार, विद्यार्थियों को सभी विषयों का एक संतुलित टाइम टेबल बनाना चाहिए, जिसमें हर विषय के लिए प्रतिदिन निश्चित समय तय हो। रिवीजन के दौरान पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करना बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। इससे न केवल प्रश्नों के पैटर्न की समझ बनती है, बल्कि समय प्रबंधन में भी मदद मिलती है। रिवीजन के लिए शॉर्ट नोट्स, फॉर्मूला शीट और महत्वपूर्ण बिंदुओं की सूची बेहद कारगर होती है। गणित और विज्ञान जैसे विषयों में सूत्रों को बार-बार लिखकर अभ्यास करना चाहिए, वहीं सामाजिक विज्ञान और हिंदी जैसे विषयों में मुख्य टॉपिक्स, तिथियों और परिभाषाओं पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। डायग्राम्स, मैप व फ्लोचार्ट को साफ-सुथरे तरीके से बनाकर अभ्यास करने से उत्तरों की गुणवत्ता बढ़ती है।

टॉपर्स की सलाह हैं कि विद्यार्थी स्क्रीन टाइम कम रखें। सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर फोकस करें। पर्याप्त नींद लें ताकि दिमाग तरोताजा रहे और याद की गई बातें लंबे समय तक बनी रहें। घबराने के बजाय आत्मविश्वास बनाए रखना भी सफलता का आधार है। पिछले वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने भी यही मंत्र अपनाया था। गौतम नगर के मयंक सिंह ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठा और जिले में पहला स्थान हासिल किया था। वहीं, लाइनपार के शिवाजी नगर निवासी मयंक सैनी ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन दोनों की सफलता प्रेरणास्रोत है।

### टाइम टेबल बहुत जरूरी



मयंक सिंह का कहना है कि बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए टाइम टेबल सबसे जरूरी है। उन्होंने अंतिम दिनों में नया कुछ नहीं पढ़ा। जो पूरे वर्ष भर में पढ़ा था, उसी का बार-बार रिवीजन किया। पिछले सालों के प्रश्नपत्रों ने काफी मदद की। हर दिन लिखकर अभ्यास करना उनकीआदत थी। मोबाइल से दूरी बनाए रखी। पर्याप्त नींद ली ताकि दिमाग शांत रहे। कठिन टॉपिक्स पर ज्यादा समय दिया। आत्मविश्वास बनाए रखा और तनाव नहीं लिया। उनका मानना है कि मेहनत के साथ विश्वास ही सफलता दिलाता है।

### घबराहट सबसे बड़ी दुश्मन



मयंक सैनी का कहना है कि परीक्षा के समय घबराहट सबसे बड़ी दुश्मन होती है। उन्होंने रिवीजन को प्राथमिकता दी। शॉर्ट नोट्स से पढ़ाई काफी आसान हुई। रोजाना एक तय समय पर पढ़ाई की। डायग्राम्स और हेडिंग्स पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। सोशल मीडिया से दूरी बनाना जरूरी है। क्योंकि, पढ़ाई के दौरान फोन पास में होने पर मन बार-बार उसकी तरफ आकर्षित होता है। नींद से किसी तरह का समझौता नहीं किया ताकि थकान न हो। शिक्षकों की सलाह को गंभीरता से माना।

### प्रश्नों को समझकर लिखना बहुत जरूरी



एसएस इंटर कॉलेज में हिंदी के शिक्षक नित्यानंद त्रिवेदी का कहना है कि सभी उत्तर का लिखकर अभ्यास करें। प्रश्नों को समझकर अपनी भाषा में लिखना जरूरी है। इससे अच्छे अंक मिलते हैं। हिंदी में शब्द सीमा का ध्यान रखें। प्रमुख टॉपिक्स को बार-बार दोहराएं। शुद्ध भाषा और सही व्याकरण पर ध्यान दें। डायग्राम और उदाहरण उत्तर को प्रभावी बनाते हैं। ध्यान रहे कि प्रश्नों को न लिखें, प्रश्न संख्या लिखकर सीधा अपना उत्तर लिखें। आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। तनाव से बचें और सकारात्मक रहें।

### ग्रामर के नियम पर दें ध्यान



स्प्रिंगफील्ड कॉलेज में अंग्रेजी की शिक्षिका स्वाति शर्मा का कहना है कि ग्रामर ( व्याकरण ) के नियम पर विशेष ध्यान दें। उत्तर साफ और स्पष्ट लिखें। शब्दों की स्पेलिंग पर ध्यान दें। राइटिंग स्किल मजबूत करें। पिछले प्रश्नपत्रों से अभ्यास करें। इस तरह सही रणनीति, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अंतिम दिनों का सदुपयोग कर विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

## दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोत्तरी का स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमडीए के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों के जीवन में आर्थिक स्थिरता और सुरक्षा देने के लिए न्यूनतम वेतनमान प्रदान करने की पहल करते हुए बोर्ड बैठक में उनके वेतन में बढ़ोत्तरी की गई है। कंप्यूटर ऑपरेटरों की वेतन वृद्धि के निर्णय से उनमें खुशी है। सभी ने प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के प्रति कृतज्ञता जताई है।

यह निर्णय कर्मचारियों के सम्मान, परिश्रम और उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन के अध्यक्ष संजय कुमार सत्संगी ने कहा कि यह कर्मचारी हितैषी निर्णय है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक बल मिलेगा और उनकी कार्यक्षमता बेहतर होगी। इसके लिए हम सभी प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, सचिव, विशेष कार्याधिकारी, मुख्य लेखाधिकारी आदि का आभार जताते हैं।

# पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने पर दिया जोर

- नेशनल सोशल आर्गेनाइजेशन ने मनाया स्थापना दिवस



कार्यक्रम में मौजूद शहर इमाम सय्यद मासूम अली आजाद, सरदार गुरविंदर सिंह, मिर्जा दिलशाद बेग व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नेशनल सोशल आर्गेनाइजेशन ने शनिवार को स्थापना दिवस गुजराती स्ट्रीट स्थित प्रधान कार्यालय पर पड़ोसी दिवस के तौर पर मनाया। मुख्य अतिथि सरदार गुरविंदर सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता संगठन के संरक्षक शहर इमाम सय्यद मासूम अली आजाद ने की।

संचालन कर रहे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिर्जा दिलशाद बेग ने संगठन के क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं में मोहम्मद मुजम्मिल, डा. एम रहमान, विकास रस्तोगी, खान अंजुम, शफात अहमद खां आदि ने पड़ोसियों के हकूक पर प्रकाश डालते हुए उनसे अच्छे संबंध बनाने पर जोर दिया। संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने साथ आए पड़ोसियों को उपहार देकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान सुभाष गुप्ता, सोहराब खां, फिरोज खां, विनय शर्मा, अनिल अग्रवाल, सतवीर रस्तोगी, शम्स रहमानी, विकास रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### कार पेड़ से टकराई, बालक घायल

कांठ, अमृत विचार : ट्रक से बचाने के चक्कर में शिफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। कार में सवार एक बालक घायल हो गया। छजलैट निवासी वीर सिंह सैनी अपने पुत्र केटी सैनी के साथ भीकनपुर ग्राम जा रहे थे। सड़क पर गड्ढे से बचने के चक्कर में एक ट्रक गलत साइड से आ रहा था। ट्रक को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार बीर सिंह सैनी के मामूली चोट आई है जबकि केटी सैनी घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत पिता और पुत्र दोनों अपने घर चले गए।

### चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र में 30 जनवरी को पर्स में से 10 हजार रुपये और सोने के कुंडल आदि चोरी करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम कुचावली निवासी दीप पत्नी प्रेम प्रकाश 30 जनवरी को छजलैट के लिए जा रही थी। कुछ अज्ञात महिला चोरों ने उसके पर्स में से 10 हजार रुपये और कुंडल आदि चुरा लिए और फरार हो गई। थाना छजलैट पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# लंबित मामलों पर डीएम ने लेखपालों को दी निलंबन की चेतावनी

## कांठ तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं, 40 शिकायतों में 4 का किया गया मौके पर निस्तारण

संवाददाता, कांठ



नागरिकों की समस्याएं सुनते डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें 43 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। राजस्व विभाग द्वारा भूमि पर कब्जे की लंबित शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने कई लेखपालों को फटकार लगाई और पुराने लंबित मामले जिन लेखपालों के तहसील में है, उन्हें निलंबन की चेतावनी दी। सबसे अधिक शिकायत बिजली विभाग की रही।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर इसकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद शिकायत का निस्तारण किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी को कुर्रे बंदी और ठिया बंदी के कई मामले लंबित मिले, जो फरियादी ऐसे मामलों को लेकर पहुंचे थे उनके सामने लेखपालों को मौके पर बुलाया गया और जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देश दिए कि समय रहते लंबित मामलों का निस्तारण नहीं किया गया तो ऐसे लेखपालों को निलंबित किया जाएगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बिजली विभाग की सबसे अधिक शिकायत आने पर बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि वह अपने विभाग के स्थानीय अधिकारियों से बात कर जनता की शिकायतों का निस्तारण करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें कि ग्राम समाज की भूमि सार्वजनिक चकरोड ऐसे मामलों को भी शीघ्रता के साथ निपटाएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि अगर पुलिस संबंधी कोई शिकायत है तो उसके बारे में बताएं। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिए की भूमि संबंधी कोई प्रकरण है तो उसमें राजस्व विभाग की टीम का सहयोग करें और अगर कोई भी समस्या किसी समय भी आए उसका तत्काल निस्तारण करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुलदीप सिंह, पुलिस क्षेत्र अधिकारी आईपीएस अभिनव द्विवेदी, एसडीएम संत दास पवार, तहसीलदार राजकुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक छजलैट प्रदीप कुमार सहरावत, थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### ठाकुरद्वारा में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें



ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : शनिवार को तहसील परिसर सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में35 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं जिसमें मात्र चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। एसडीएम प्रीति सिंह ने शेष शिकायतों के लिए टीम गठित कर समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के ग्राम रहटा माफी निवासी विधवा कौशल्या देवी पत्नी स्व सुरेंद्र सिंह ने अपनी आवासीय भूमि पर जाने वाले रास्ते को जबरन बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। बताया कि कुछ लोगों द्वारा दबंगई के बल पर रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे उसे अपने घर तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। ग्राम मिलक हुजरा निवासी कल्लो देवी पत्नी चरण सिंह ने सड़क की जमीन पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम गोपीवाला निवासी मोहम्मद यूसुफ ने अपने मकान तक जाने वाले रास्ते को बंद किए जाने का आरोप पड़ोसी पर लगाया। इसी तरह अन्य लोगों ने शिकायतें कीं। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार प्रवीण सिंह, खंड विकास अधिकारी उमाशंकर मुद्गल, कानूनगो बाहीद, सर्वेश कुमार, लेखपाल हिमांशु आदि मौजूद रहे।

### बिलारी में 44 शिकायतों में एक का निस्तारण



बिलारी, अमृत विचार : तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह में शिकायतें सुनीं। 44 शिकायतों में से मौके पर मात्र एक शिकायत का ही निस्तारण हो पाया। एसडीएम ने शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित की। शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 23, आपूर्ति विभाग की 13, समाज कल्याण की एक, पुलिस विभाग की एक और आपूर्ति विभाग की 6 शिकायतें प्राप्त हुई। एसडीएम ने कहा कि शिकायत हर हाल में गुणवत्तापूर्ण तरीके से ही निस्तारित की जाए। इसके अलावा 10 फरवरी से शुरू होने वाले कृमि मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को खिलाई जाने वाली एल्बेंडाजोल की टेबलेट के विषय में भी बताया गया। एसडीएम में सभी विभाग के अधिकारियों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है। तहसीलदार अंकित गिरी, खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह, कुंदरकी बीडीओ राजेंद्र सिंह समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महदहा समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग



विधायक फहीम इरफ़ान को ज्ञापन सौंपते महदहा समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

● विधायक फहीम इरफ़ान को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : महदहा समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर निषाद पार्टी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने सपा विधायक फहीम इरफ़ान को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि महदहा समाज से संबंधित जातियों को गलत श्रेणी में प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिससे समाज के लोगों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। नियमों के अनुसार महदहा समाज की जातियों की अनुसूचित जाति में गणना एवं प्रमाण पत्र जारी किया जाना अनिवार्य है।

ज्ञापन सौंपने वालों ने विधायक से आग्रह किया कि वे इस गंभीर विषय को विधानसभा में उठा एं, जिससे महदहा समाज को उसका संवैधानिक अधिकार मिल सके। ज्ञापन देने वालों में सवाली सिंह, महेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, बालेश, ओमप्रकाश, राम सिंह, भूरे सिंह, सलवीर सिंह, ब्रजवीर, भोला, ओमकार कुमार, रोहित कुमार, रंजीत कुमार, कमल इत्यादि शामिल रहे।

## दहेज प्रताड़ना में 10 लोगों के विरुद्ध मुकदमा

बिलारी, अमृत विचार : दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में ससुराल पक्ष के 10 लोगों के विरुद्ध एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

रुस्तमनगर सहसपुर की रहने वाली शहरुल निशां ने बताया कि उसकी शादी बदायूं के थाना उघैती के गांव ईखखेड़ा के इरफान पुत्र साबिर के साथ हुई थी। ससुराल पक्ष के लोग निकाह के बाद परेशान किया करते थे। 29 नवंबर को उसके पति इरफान, ससुर, सास, जेठ इकबाल, देवर दिलखुश, तौफीक व नंद तस्वीरन, नंदोई आरिफ आदि उसके कमरे में आ गए और ससुराल से दो लाख नगद लाने को कहने लगे। जब समझाने का प्रयास किया तो भड़क गए। उसे बुरी तरह से पीटा, जिसे उसके कपड़े फट गए। सभी लोगों ने जान से मारने की धमकी दी, पीटकर घर से भगा दिया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## शादी से लौट रही महिला से बदमाशों ने की लूट



थाना कुंदरकी में परिजनों के साथ शिकायती पत्र लेकर पहुंची पीड़िता। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : शादी से लौट रही महिला से हथियारबंद बदमाशों ने जेवरात लूट लिए।

कुंदरकी के ग्राम सीलपुर निवासी सीमा पत्नी स्वर्गीय इरशाद हुसैन ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई फिरोज के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होकर रात करीब नौ बजे स्कूटर से लौट रही थी। ग्राम ढकिया जुम्मा निवासी शराफत के ट्यूबवेल के पास पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने उनके स्कूटर में जोरदार टक्कर मार दी। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उसके गले से हार, कानों के झाले, छह बाली, दो अंगूठी और नोज पिन समेत सभी जेवरात लूट लिए। फिरोज की जेब से नकदी भी छीन ली। दोनों के साथ मारपीट की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। शनिवार को पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और शिकायती पत्र दिया। क्षेत्राधिकार अशोक कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## अधिवक्ताओं ने डीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, कांठ



जिलाधिकारी अनुज सिंह को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

● समस्याएं बताकर जल्द समाधान की मांग की

अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा एवं महासचिव दीपक बिश्नोई के नेतृत्व में तहसील कांठ के अधिवक्ता सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुज सिंह से मिले और उन्होंने मूल्यांकन सूची के साथ राजमार्ग लिंक, मार्ग आबादी आदि के घाटों की सूची जारी न किए जाने से परेशानी बताई। रजिस्ट्री कार्यालय से आधार कार्ड में पैन कार्ड के सत्यापन की अनिवार्यता कर दी गई है जबकि बहुत से आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदल गए हैं। कुछ के मोबाइल नंबर बंद हो गए हैं जिससे सत्यापन नहीं हो पा रहा है तथा अधिकांश लोगों के पैन कार्ड भी नहीं बने हुए हैं, जिससे रजिस्ट्री होने में कमी आई है। उन्होंने पैन कार्ड से छूट दिलाने की मांग की।

अधिवक्ताओं ने अवगत कराया कि करोड़ों रुपए की लागत से सरकार द्वारा बनाए गए सरकारी नये बस स्टैंड पर बसे नहीं रुकती है, यात्री खड़े रह जाते हैं। पुराने बस स्टैंड पर बसें रुकती हैं। नए बस स्टैंड पर ही बस रूकवाई जाएं। तहसील में खसरों में वर्णित पड़ताल होने के बाद भी खसरों में फसल अंकित न होने से केसीसी में बैंक द्वारा परेशान किया जा रहा है। खसरा में वर्णित पड़ताल होने पर भी फसल अंकित नहीं की गई है जिससे केसीसी बनवाने में बैंकों में समस्या आ रही है। खसरों में फसल दर्ज कराई जाए। जिन अधिवक्ताओं के चेंबर नहीं बने हैं उन्हें भूमि दी जाए। अधिवक्ता गणों के चेंबर में लगे विद्युत कनैक्शन पर भारी बिल जारी किया जा रहा है जबकि चेंबर पर केवल एक पंखा बल्ब है। एसडीओ को निर्देशित कर समस्या का निस्तारण कराया जाए। ज्ञापन में जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।

## श्रमिकों को कुष्ठ रोग के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ईंट भट्ठे पर मजदूरों को जानकारी देती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

● नि:शुल्क इलाज व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

अमृत विचार : शहवाजपुर कला स्थित हुमा ईंट भट्ठे पर कार्य करने वाले श्रमिकों एवं उनके परिजनों के लिए कुष्ठ रोग जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कुष्ठ रोग के लक्षण, कारण, उपचार एवं इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि कुष्ठ रोग कोई अभिशाप या पापों का फल नहीं है, बल्कि यह एक सामान्य जीवाणु जनित बीमारी है, जिसका समय पर इलाज कराने से पूर्ण रूप से उपचार संभव है। वक्ताओं ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में कुष्ठ रोग की जांच एवं इलाज नि:शुल्क किया जाता है। एमडीटी (मल्टी ड्रग थेरेपी) के माध्यम से कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो जाता है और रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। अरुण कुमार ने कहा कि कुष्ठ रोग को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों के कारण मरीजों के साथ भेदभाव किया जाता है, जो गलत है। सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। इस अवसर पर कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि कुष्ठ विकलांग पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा कुष्ठ से उत्पन्न विकृति के ऑपरेशन के बाद भी सरकार की ओर से अनुदान दिया जाता है। श्रमिकों एवं उनके परिवारों से अपील की गई कि यदि किसी में कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराएं और इलाज में लापरवाही न बरतें।

## प्रसव के दौरान गई महिला की जान

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव नरोदा में महिला की प्रसव के दौरान मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार गांव निवासी रीना (30) पत्नी धर्मवीर को गुरुवार देर शाम प्रसव पीड़ा होने पर पाकबड़ा स्थित एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उसी रात डिलीवरी के दौरान रीना ने एक बच्ची को जन्म दिया। इसी दौरान रीना की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार सुबह शव गांव नरोदा पहुंचा। शव के घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आस-पास मौजूद ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। रीना अपने पीछे देव (7 वर्ष), अनाया (3 वर्ष) समेत एक दिन की बच्ची छोड़ गई है। एक दिन की नवजात बच्ची को नानी की गोद में देख गांव के लोग भी भावुक हो उठे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो. 7906815587

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम अलीम से बदलकर अलीम अंसारी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **अलीम अंसारी पुत्र श्री सलीम निवासी थाना टीन, रामपुर (उ.प्र.)**

**सूचना**

मैंने अपनी बेटी का नाम AIRAH AHMAD से बदलकर AZKA AHMAD रख लिया है, भविष्य में उसे इसी नाम से जानें। उसैद अहमद पुत्र इरफान अहमद नि. डॉ. अकील रजा लैन खास बाग रोड रामपुर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2017 जिसका अनुक्रमांक 0688980 एवं इंटरमीडिएट की मार्कशीट वर्ष 2019 जिसका अनुक्रमांक 0559324 वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **मो. शहजाद पुत्र श्री मो. जाहिद हुसैन, मुरादाबाद**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाला

डिलारी, अमृत विचार : गांव फाजलपुर निवासी युवती की शादी 2 वर्ष पहले गांव सैंजनी निवासी युवक से हुई। वह यूपी पुलिस में कांस्टेबल है। कार की मांग को लेकर ससुराली मारते-पीटते, प्रताड़ित करते थे। इधर पति के गांव की ही एक युवती से प्रेम संबंध हो गए।

विवाहिता का आरोप है कि पति अपनी प्रेमिका के साथ था। उसने विरोध किया तो ससुराली जनों ने एक राय होकर मारपीट की। एसएसपी के आदेश पर थाना डिलारी पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी।

## डीएम, एसपी से मिला सिख प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता, कांठ



जिलाधिकारी से चर्चा करते सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

● सिख छात्र को परीक्षा से रोकने के मामले में कार्रवाई की मांग

अमृत विचार : नगर डीएसएम डिग्री कॉलेज में सिख समाज के बीए प्रथम वर्ष के अमृतधारी सिंह छात्र को कृपाण पहनकर परीक्षा देने से रोके जाने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सिख समाज की बैठक गुरुद्वारा श्री सिंह सभा कांठ में हुई। इसके बाद संगत ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तहसील कांठ में ज्ञापन देकर जांच करा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

नगर के डीएसएम डिग्री कॉलेज में सिख समाज के अमृतधारी सिंह छात्र सरदार जपन सिंह को बीए प्रथम वर्ष में 4 फरवरी को परीक्षा देने से रोक दिया था। इससे पहले 27 जनवरी को भी उसका कृपाण उतरवा कर परीक्षा देने दी थी। शिख समाज के लोगों ने उसी दिन डिग्री कॉलेज में अपनी शिकायत रखी थी। इसके बाद एसडीएम को शिकायती पत्र दिया था। इसके साथ ही शनिवार को गुरुद्वारा श्री सिंह सभा कांठ में अप सिख मिशन हापुड के नेतृत्व में स्थानीय सिख समाज के गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के प्रधान कुलवंत सिंह, संरक्षक कृपाल सिंह चड्ढा, रविंद्र सिंह गांधी, सरदार राजेंद्र सिंह आदि ने बैठक कर जिलाधिकारी एवं एसपी को तहसील में ज्ञापन दिया एवं कार्यवाही की मांग की।

न्यूज डायरी

### घर में घुसा हिरण का पाड़ा वनकर्मियों ने किया रेस्क्यू

कांठ, अमृत विचार : आवारा कुत्तों से बचने के प्रयास में हिरण का पाड़ा भागता हुआ नगर के वार्ड संख्या 9 में निवासी मोहम्मद हाशिम पुत्र हाजी वकील के घर में जा घुसा। घटना रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। मामले की जानकारी मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नबील अहमद ने तुरंत थाना पुलिस को सूचना दी। इसके बाद चौकी पर तैनात उप निरीक्षक संजीव कुमार ने वन विभाग से संपर्क कर वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह को घटना से अवगत कराया। वन रेंजर के निर्देश पर वनकर्मी सरोज कुमार, मदन सिंह तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेस्क्यू अभियान चलाया और हिरण प्रजाति के पाड़े को सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया। वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि रेस्क्यू किए गए हिरण के पाड़े को बाद में क्षेत्र के ग्राम रायपुर के जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। समय पर की गई कार्रवाई से एक वन्यजीव की जान बच गई और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से लाखों रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम करनपुर निवासी शाहनवाज पुत्र मोहम्मद हनीफ रोजगार की तलाश में था। उसकी मुलाकात एक ढाबे पर काम करने वाले युवक से हुई, जिसने उसे विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। उक्त युवक और उसके साथी ने मेडिकल, कागजात समेत अन्नय कामों के लिए उससे अलग-अलग तारीखों में दो लाख रुपये से अधिक की रकम ले ली। कुछ समय बाद आरोपियों ने उसे दिल्ली ले जाकर एक कमरे में कई दिनों तक ठहराया, लेकिन न तो उसे विदेश भेजा गया और न ही रकम वापस की गई। पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगनी शुरू की तो आरोपियों ने उसे धमकाया और गाली-गलौज की। बाद में सऊदी अरब भेजने के नाम पर 41 हजार रुपये और ले लिए।

### गन्ना केंद्रों पर समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : क्षेत्र की रानी नांगल चीनी मिल द्वारा गन्ना खरीद केंद्रों पर घटतोली व क्षेत्र के अन्य समस्याओं को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन ने संपूर्ण समाधान दिवस पर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि त्रिवेणी चीनी मिल के केंद्रों पर 3 से 4 प्रतिशत तक गन्ना कम तौल रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। चेतावनी दी कि यदि घटतौली बंद नहीं हुई तो किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। फैक्ट्री द्वारा गन्ने का निर्धारित रेट होने के बावजूद किसानों से किराया काटा जा रहा है जो अनुचित है इसे रोका जाए। क्षेत्र के गांव फौलादपुर मे एक सांड ने उत्पाद मचा रखा है। गांव का झगड़ा आलम से सर्कल करीम तक नहर की पटरी परतथा रामनगर खाजूवाला से रूपपुर टंडोला तक रोड बनवाई जाए। बिलारी क्षेत्र के जलाल पुरनूरपुर में ट्यूबवेल की नाली टूटी पड़ी हैं उन्हें दुरुस्त कराया जाए। दिलाई धानखरीद केंद्र पर धान नहीं तोला जा रहा है। ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रोड पर स्थित शिवमणि मंदिर में रामू वाला गणेश के बीच टूटी पुलिया को ठीक कराया जाए। पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने की, जबकि संचालन महासचिव हरीराज सिंह ने किया। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष घनेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी अयूब अली, गजेंद्र सिंह, अनूप सिंह, सत्यव्रत सिंह, मास्टर हरकेश सिंह, सुशील चौधरी, विजेंद्र चौधरी, राजेंद्र यादव, उदय पाल सिंह, राकेश विश्वकर्मा, सुमित चौहान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, 1200 ग्राम चरस बरामद

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पुलिस ने 1200 ग्राम चरस के साथ एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। ग्राम मदारपुर पंचायत सचिवालय के पास शरीफनगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने जीशान उर्फ दिशान पुत्र नफीस निवासी ग्राम शरीफनगर को पकड़ा। उसके कब्जे से कुल 1200 ग्राम चरस बरामद की गई। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह थाना ठाकुरद्वारा का हिस्ट्रीशीटर संख्या-21 बताया गया है। उसके खिलाफ पूर्व में गोवध निवारण अधिनियम, आयुध अधिनियम एवं गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विजय देशवाल, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, कांस्टेबल सन्नी कुमार एवं कांस्टेबल सुमित कुमार शामिल रहे।

### आज 4 घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

कांठ, अमृत विचार : विद्युत आपूर्ति को बेहतर करने के लिए पावर परिवर्तको के मध्य फायरवॉल का निर्माण किये जाने को 8 फरवरी को 4 घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। प्रात: 10 :00 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कांठ पर पावर परिवर्तितको के मध्य फायरवॉल का निर्माण किया जा रहा है जिससे कि भविष्य में उपभोक्ताओं को सही प्रकार से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस कारण 11 के वी पोषण विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी सचिन रस्तौगी ने बताया कि 8 फरवरी को आज 4 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से जो आम जनमानस को समस्या तो होगी लेकिन भविष्य के लिए काफी सुधार रहेगा।

खबरें पेज 9 पर भी

अमृत विचार



**न्यूज ब्रीफ**

### सैफनी के युवक का था रामगंगा में मिला शव



**सैफनी, अमृत विचार :** शुक्रवार को क्षेत्र के मझरा घाट गांव में बह रही रामगंगा नदी में उतराता मिला युवक का शव की शिनाख्त नगर के कादरी मोहल्ला निवासी मोनिस पुत्र जाकिर हुसैन के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को उसके शव को दफन कर दिया गया |मृ तक के पिता जाकिर हुसैन के अनुसार बीते रविवार की सुबह 11 बजे के समय वह घर से चला गया था। उसके बाद काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं लग सका जिसके बाद उन्होंने थाने में सूचना दी थी। शुक्रवार को नदी में एक युवक का शव मिलने की सूचना उन्हें मिली |शव के कपड़े देखकर उन्होंने उसकी पहचान की पोस्टमार्टम के बाद उसका दफन कर दिया गया है।

### प्रशासन ने हिंदू संगठन नेता के आवास की पैड़ी तोड़ी



**मिलक, अमृत विचार :** समाधान दिवस में पहुंचे डीएम से अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत लेकर तहसील पहुंचे थे। जहां शिकायत को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से गहमागहमी हो गई। जिसके बाद एसडीएम पालिका अधिशासी अधिकारी और सीओ के साथ भारी पुलिस बल लेकर आदेश शंखधार के आवास पहुंचे। जहां नापतौल कर उनके घर के आगे बनी पैडी को तुड़वा दिया। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिलाध्यक्ष द्वारा पूर्व में एक मेडिकल स्टोर के आगे की सीढ़ियों को तुड़वाने की शिकायत की थी। जिसे लेकर पालिका द्वारा सीढ़ियों को तोड़ा गया था। जिसके बाद मेडिकल स्टोर संचालक के पिता ने भी एसडीएम को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें उच्च अधिकारियों के निर्देश का पालन करते हुए जिलाध्यक्ष के घर के आगे बने स्लैप और सीढ़ियों को तोड़ा गया है।

### व्यापार मंडल सदस्य के पिता के निधन पर शोक

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सपा नेता और व्यापार मंडल सदस्य के पिता के हुए निधन पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों का ढांढस बंधाया। व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी शनिवार को मोहल्ला भट्टी टोला में सपा नेता और मंडल सदस्य मोहम्मद याकूब खां के आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत पिता मोहम्मद अली खां के निधन पर गहरा शोक जताया और परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इसके पश्चात व्यापारी नेता संदीप सोनी कोतवाली पहुंचे और नवागत प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह से मुलाकात की। इस मौके पर पप्पू खां, अब्दुल बासित, शाहिद हुसैन, मोहम्मद अनस खां, साहिब खां, अयान खां, शोएब सलमानी, मुर्शद खां, रईस खां आदि मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने किया मंदिरों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



भमरौआ मंदिर में निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

● **महाशिवरात्रि को लेकर शिव गंगा की साफ-सफाई कराने व रैंप निर्माण के निर्देश**

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए डीएम अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने भमरौआ शिव मंदिर व शिव मंदिर रठौंडा का निरीक्षण किया।

शनिवार को भमरौआ शिव मंदिर पहुंचे डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पर्व के दौरान बेहतर समन्वय, पर्याप्त सुरक्षा बल एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद शिव मंदिर रठौंडा में निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिलक एवं खंड विकास अधिकारी मिलक को शिव गंगा की साफ-सफाई बेहतर ढंग से कराने के निर्देश दिए। साथ ही शिव गंगा पर एक रैंप निर्माण के निर्देश दिए गए, जिससे भारी मशीनों के माध्यम से प्रभावी सफाई कराई जा सके। इसके अलावा शिव मंदिर के समीप स्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को जलकुंभी की मशीनों द्वारा सफाई कराने के निर्देश दिए।

### यूपी बोर्ड: नकलविहीन परीक्षा के लिए किए जा रहे पुख्ता इंतजाम

## नाइट विजन कैमरों से होगी स्ट्रांग रूम की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर




राजकीय रजा इंटर कॉलेज।

● **मॉनिटरिंग एवं वेब कास्टिंग सेल में लगेंगे 8 कंप्यूटर सेट, 3-3 कर्मचारी होंगे तैनात**

> नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए तमाम तैयारियां हो रही हैं। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी ऑनलाइन लगाई जाएंगी। परीक्षा केंद्रों पर नाइट विजन मोड के कैमरे निगरानी करेंगे। इसके अलावा पुलिस बल भी तैनात रहेगा। – अंजलि अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराए जाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। 74 परीक्षा केंद्रों को कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग एवं वेब कास्टिंग सेल से जोड़ा जाएगा। प्रश्न पत्र रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम पर नजर रखने के लिए नाइट विजन कैमरे लगाए गए हैं। जोकि, 24 घंटे स्ट्रांग रूम और परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेंगे।

राजकीय रजा इंटर कालेज में बनाए गए मॉनिटरिंग एवं वेब कास्टिंग सेल के अलावा मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी में अब कोई जुगाड़ नहीं हो सकेगा क्योंकि, इस वर्ष बोर्ड द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन के माध्यम से ड्यूटियां लगेंगी। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए 74 परीक्षा केंद्रों पर रात के अंधेरे में भी फिल्म बनाने वाले कैमरे लगाए गए हैं। इसके लिए राजकीय रजा इंटर कालेज में बनाए गए मॉनिटरिंग एवं वेब कास्टिंग सेल में 8 कंप्यूटर लगवाए जाएंगे। प्रत्येक सेट पर तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि मॉनिटरिंग सेल से जनपद के सभी 74 परीक्षा केंद्रों पर 24 घंटे नजर रखी जाएगी। रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम में रखे हुए प्रश्न पत्रों की निगरानी भी इसी सेल के माध्यम से होगी। मॉनिटरिंग एवं वेब कास्टिंग सेल को क्षेत्रीय कार्यालय बरेली, लखनऊ और बोर्ड कार्यालय प्रयागराज से जोड़ दिया जाएगा। उच्च अधिकारी परीक्षा केंद्रों में हो रही परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल भी तैनात रहेगा।

# कैंटर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

### शुक्रवार रात हुआ हादसा, मंडी समिति में क्लर्क था हर्षवर्धन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मृतक हर्षवर्धन।



जिला अस्पताल की मोर्चरी पर खड़े गमगीन परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार देर रात पटवाई थाना क्षेत्र के शाहबाद रोड पर एक टाटा कैंटर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक शाहबाद मंडी में क्लर्क था।

मृतक की पहचान हर्षवर्धन कुमार(33) पुत्र चंद्रप्रकाश के रूप में हुई है। वह शाहबाद मंडी समिति में क्लर्क थे। शुक्रवार देर रात वह रामपुर शहर के मोहल्ला संजय नगर हाथी खाना स्थित घर जा रहे थे। रामपुर की ओर से आ रहे टाटा कैंटर ने अचानक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिर गया और उसे गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पटवाई पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेजा। अस्पताल में उसकी हालत गंभीर थी, देर रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हर्ष वर्धन पांच बहन-भाई थे, इनमें तीन बहनें और दो भाई हैं। भाई में सबसे बडे.थे।

### चाइनीज मांझे का शिकार हुआ बाइक सवार



**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस की सख्ती और लगातार कार्रवाई के बावजूद चाइनीज मांझा जानलेवा बना हुआ है। शनिवार को बिलासपुर गेट के पास बाइक पर जा रहे शादाब चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रशासन व पुलिस द्वारा सख्त अभियान चलने के बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर रोष है और उन्होंने बिक्री व इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की है।

### डंपरों की आमने-सामने टक्कर, केबिन में फंसा चालक

**मिलक,अमृत विचार :** शुक्रवार रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां दो डंपर की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक डंपर चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को बाहर निकाला और इलाज के लिए भिजवाया। शुक्रवार देर रात जिला बदायूं के थाना गिछोला निवासी नरबैल सिंह डंपर लेकर रामपुर दिशा से आ रहे थे। इसी बीच रामपुर–शाहाबाद मार्ग स्थित उदयपुर के समीप सामने से आ रहे दूसरे डंपर चालक रशीद निवासी सेफनी से आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें चालक नरबैल सिंह केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को केबिन काट कर बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और क्षतिग्रस्त डंपरों को हाईवे से हटाकर रास्ता खुलवाया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दो डंपरों की भिड़ंत में एक चालक घायल हुआ था।

### गोवंशीय पशु से टकरा कार गड्ढे में गिरी, दो घायल



**बिलासपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड के उधमसिंहनगर के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी मोहित कुमार पत्नी और दो वर्षीय पुत्र के साथ मुरादाबाद में किसी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां से वह देर रात कार द्वारा लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में नैनीताल हाईवे स्थित गांव मुल्लाखेड़ा के निकट कार के सामने गोवंशीय पशु आ गया। छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई और तीन पलटे खाकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। लोगों ने तीनों कार सवारों को बाहर निकालकर उपचार के लिए भर्ती कराया। लोगों ने बताया कि सीट बेल्ट बंधी होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। तीनों को मामूली चोटें आई हैं। ट्रैक्टर की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को खड्ड से बाहर निकलवाया गया। लोगों ने कहा कि हाईवे पर छुट्टा पशुओं का जमावड़ा आए दिन बड़े हादसों का कारण बन रहा है। प्रशासन छुट्टा पशुओं का कोई बंदोबस्त करने के लिए तैयार नहीं हैं।

## नवाबजादा कलीम खां का इंतकाल, शाही परिवार में शोक



बाएं से तीसरे नवाब परिवार के साथ नवाबजादा कलीम खां।(फाइल फोटो)

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **पूर्व मंत्री नवेद मियां व पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने जताया दुख**

**अमृत विचार:** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के मामू नवाबजादा कलीम खां का 75 वर्ष की आयु में दिल्ली में इंतकाल हो गया। वो पूर्व सांसद बेगम नूरबानो के फूफीजाद भाई थे। उनकी पत्नी बेगम कहकशां खान रामपुर की ही हैं।

इंटेक रुहेलखण्ड चैप्टर के सह संयोजक काशिफ खां ने बताया कि नवाबजादा कलीम खां ऑफ सचीन के इंतकाल से लोहारू और रामपुर के शाही घरानों में भी गम का माहौल है। उनकी तदफीन दिल्ली में महरौली स्थित लोहारू कब्रिस्तान में हुई। तदफीन में नवेद मियां समेत परिवार के सभी लोग शामिल हुए। पूर्व मंत्री नवेद मियां ने नवाबजादा कलीम खां के इंतकाल पर गहरे दुख का इजहार किया है। उन्होंने मरहूम की पत्नी बेगम कहकशां खान, उनके बेटे और बेटी के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं जताई हैं।

उन्होंने कहा कि गुजरात की रियासत रहे सचीन, लोहारू और रामपुर के शाही परिवारों के लिए यह अपूरणीय क्षति है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने बताया कि नवाबजादा कलीम खां उनके फूफीजाद भाई थे। उनके इंतकाल से बेहद तकलीफ पहुंची है। शाही परिवार के सदस्यों ने उनके मगफिरत की दुआ की है।

## भ्रष्टाचार में महिला प्रधान दोषमुक्त, नहीं मिले साक्ष्य

संवाददाता, बिलासपुर

● **डीएम ने जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर दी क्लीन चिट**

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत अलीपुर ठेका की महिला ग्राम प्रधान के खिलाफ चल रही वित्तीय अनियमितताओं की जांच का पटाक्षेप हो गया है। डीएम ने जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान को क्लीन चिट देते हुए उनके वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों को बहाल कर दिया है।

इससे पहले अधूरे अभिलेखों और मौके के मुआयने के आधार पर प्रधान को आंशिक रूप से दोषी माना गया था, जिसके चलते उनकी शक्तियों पर रोक लगा दी गई थी। प्रधान ने 9 अप्रैल 2025 को स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वर्तमान जांच समिति द्वारा पुनः स्थलीय निरीक्षण किया गया और सत्यापित पूर्ण अभिलेखों व माप पुस्तिका (एमबी) की गहनता से जांच की गई। 3 फरवरी 2026 को प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में जांच समिति ने स्पष्ट किया कि प्रधान द्वारा ऐसी कोई अनियमितता नहीं की गई है, जिससे सरकारी धन की क्षति हुई हो। भ्रष्टाचार का कोई साक्ष्य न मिलने पर समिति ने उन्हें दोषमुक्त घोषित कर दिया। जांच आख्या के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट ने 5 फरवरी 2026 को आदेश जारी कर शमशीर बी की शक्तियों को बहाल कर दिया। प्रधानपति मोहम्मद हसन ने बताया कि उनकी पत्नी लगभग 32 माह तक ग्राम प्रधान के पद पर रहीं। इसके बाद उनके विरूद्ध शिकायती पत्र डाले गए। अब वह गांव के विकास कार्यों को पूरा करवाएंगी।

## अंकों की दौड़ में अपनी रचनात्मकता न खोएं विद्यार्थी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाओं के तनाव को दूर करने और छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास भरने के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम हुआ। शनिवार की सुबह राजकीय इंटर कॉलेज पिपलिया मिश्र में इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने विशेषज्ञों का संवाद कार्यक्रम देखा। कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखा गया। .प्रधानाचार्य डा. उमेश कुमार व अन्य विशेषज्ञों ने छात्रों को टिप्स देते हुए कहा कि परीक्षा को हौव्वा न समझें, बल्कि इसे एक उत्सव के रूप में मनाएं। उन्होंने जोर दिया कि अंकों की दौड़ में अपनी रचनात्मकता को न खोएं। उन्होंने बच्चों से कहा कि परीक्षा केवल एक पड़ाव है, पूरा जीवन नहीं, इसलिए तनावमुक्त होकर परीक्षा में शामिल हों। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. उमेश कुमार समेत छात्र छात्राएं और स्टाफ उपस्थित रहा।

## अवैध पार्किंग से नैनीताल हाईवे पर दिनभर लगा जाम

संवाददाता, बिलासपुर




नैनीताल हाईवे पर जाम के कारण फंसे शहर के लोग और पर्यटक। ● अमृत विचार

● **हाईवे के दोनों ओर कार ई-रिक्शा टैंपों खड़े होने से चरमराई व्यवस्था**

**अमृत विचार :** हाईवे के दोनों ओर जहां-तहां पर वाहनों के खड़े होने की वजह से दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। जिसके कारण पर्यटकों व नगरवासियों को कड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पटेल चौक से लेकर अहरो तिराहे तक हाईवे के दोनों ओर कार, ई-रिक्शा, टैंपों के खड़े होने पर जाम स्थिति बनी रही। साथ ही शनिवार की साप्ताहिक पैठ में वाहनों का दबाव होने के कारण नैनीताल हाईवे पर जाम लग गया। देखते ही देखते रामपुर-नैनीताल मार्ग, माटखेड़ा मार्ग, यूको बैंक के पास, पुरानी तहसील रोड़, सिनेमा रोड़, कैनाल मार्ग आदि मार्गों पर वाहनों की कतारें लग गई।जाम के दौरान बाइक सवार तो क्या पैदल यात्रियों का भी निकलना दुभर होकर रह गया। जिसकी वजह से यात्रियों और नगरवासियों को कड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा।उधर, नगर में रोजाना अतिक्रमण की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा नगरवासियों और वाहन चालकों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने पालिका तथा अधिकारियों से इस पर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

**बजट पर चर्चा** | केंद्रीय बजट को लेकर प्रेसवार्ता में बोले– कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख

# हाई स्पीड रेल कॉरिडोर से उप्र को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



गेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता में बोलते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।

**अमृत विचार :** शनिवार को उप्र कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने संत शिरोमणि दास गेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता कर केंद्रीय बजट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाई-स्पीड रेल और रेलवे विस्तार, देश में घोषित 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर और रेलवे आधुनिकीकरण का सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा।

राज्यमंत्री औलख ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश के विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई देने वाला बजट है। बोले यह बजट राज्य को इन्फ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, कृषि और युवाओं का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। बजट में 2026-27 की प्रमुख घोषणाएं शामिल हैं। इनमें हाई-स्पीड रेल और रेलवे विस्तार, देश में घोषित 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर और रेलवे आधुनिकीकरण का सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। क्योंकि राज्य पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण रेल नेटवर्क का केंद्र है। इससे लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा जैसे शहरों की कनेक्टिविटी और व्यापार दोनों तेज होंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस वे-यूपी को लॉजिस्टिक हब बजट में राष्ट्रीय राजमार्ग, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स और फ्रेट कॉरिडोर पर विशेष जोर दिया गया है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी को जोड़ने वाले कॉरिडोर से उद्योगों की लागत घटेगी और निवेश बढ़ेगा।

केंद्रीय बजट 2026-27 में पिछड़े और आकांक्षी जिलों पर विशेष फोकस रखा गया है जिससे पूर्वांचल और बुंदेलखंड में बुनियादी ढांचा, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी, जिला मंत्री प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, दीपक गुप्ता, विकास दीक्षित , पारुल अग्रवाल, शिवा शर्मा, अभिषेक सिंघल, योगेंद्र गंगवार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए ग्रोथ फंड

मंत्री ने कहा कि छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए आरएस 10,000 करोड़ का एमएसएमई ग्रोथ फंड बनाया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, हैंडलूम, चमड़ा और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा। आरएस 10,000 करोड़ की बायोफार्मा शक्ति योजना से उत्तर प्रदेश में फार्मा और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य हेल्थ केयर और मेडिकल इनोवेशन का केंद्र बन सकेगा।

### किसानों की उत्पादकता और आय दोनों बढ़ेंगी

भारत–विस्तार प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को फसल. मौसम और बाजार की जानकारी मिलेगी, जिससे उत्तर प्रदेश के किसानों की उत्पादकता और आय दोनों बढ़ेंगी। इसके अलावा बजट से मिलने वाली अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया।

## नशीला पदार्थ पिला किया दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार :** नरपतनगर में एक महिला ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने एवं अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने तथा ठगी और मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि नरपतनगर निवासी नासिर ने उसे चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। आरोपी ने एक बैग में सात करोड़ रुपये होने का झांसा देकर उसे फर्जी कूपन थमा दिया था। आरोपी नासिर के गुरु, बेटी, दामाद, पुत्र तथा अन्य ने मारपीट कर मोबाइल फोन और पांच हजार रुपये छीन लिए और जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने शुक्रवार को वांछित आरोपी नासिर को नरपतनगर स्थित ईदगाह के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेजा है।

## सड़कों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति



बिलासपुर के गांव तीन पानी में बोलते कृषि राज्यमंत्री औलख। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

● **तीन पानी में राज्यमंत्री ने किया 1.60 करोड़ से चार महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों का शिलान्यास**

**अमृत विचार :** शनिवार को वह गांव तीन पानी में शिलान्यास कार्यक्रम हुआ। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को नई मजबूती देने के उद्देश्य से ही विकास कार्य करवाएं जा रहे है।

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प समावेशी विकास है। ये सड़कें केवल डामर की परतें नहीं हैं। बल्कि ये गांव के किसानों को मंडी तक, बच्चों को स्कूल तक और बीमारों को अस्पताल तक पहुंचाने वाले प्रगति के द्वार हैं। सड़कों के सुदृढ़ीकरण से स्थानीय रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया बल मिलेगा। इससे पहले राज्यमंत्री ने लगभग 1.60 करोड़ की कुल लागत से बनने वाले चार महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों का विधि-विधान से शिलान्यास किया। इनमें तीन पानी से दनकरा-उदयपुर पट्टी मार्ग, निपानिया मझरा से शादीनगर मार्ग, जगदीशपुर से अब्दुल्ला नगर मार्ग और ग्राम डोहरिया से गंगापुर बहापुर मार्ग शामिल हैं। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, शमशेर सिंह शेरा, लखविंदर सिंह, उत्कर्ष वाजपेई, हरनेक सिंह, अंगनलाल राजपूत, चेतन पारुथी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर आयकर विवरणी जमा करें

**रामपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि आयकर सीमा में आने वाले पेंशनर आयकर विवरणी जमा करें। उन्होंने बताया कि कोषागार रामपुर से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनर जो आयकर की निर्धारित सीमा में आते हैं, वे नियमानुसार देय आयकर बैंक में चालान के माध्यम से जमा करें। इसके अलावा ऑनलाइन जमा करने के बाद चालान की प्रति अपनी आयकर विवरणी के साथ 20 फरवरी तक कोषागार में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। जिससे उनकी फरवरी की पेंशन समय से उनके खातों में भेजी जा सके।

### ज्वालानगर में आज होगा कवि सम्मेलन

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय काव्यधारा के तत्वावधान में रविवार को दोहपर 12 बजे से कवि सम्मेलन होगा। अध्यक्ष जितेंद्र कमल आनंद ने बताया कि ज्वालानगर स्थित शशिमणि धर्मशाला के निकट आनंद कॉन्वेंट स्कूल में कवि सम्मेलन होगा। कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड के कवि काव्यपाठ करेंगे। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में पुस्तक का विमोचन भी होगा।

# 96 शिकायतें आईं, 21 निस्तारित

## संपूर्ण समाधान दिवसः डीएम व एसपी ने तहसील मिलक में सुनीं जनसमस्याएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


मिलक में संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याएं सुनते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को जिले भर की तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील मिलक सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। जिले भर की तहसीलों में कुल 96 शिकायतें आईं, इनमें 21 का मौके पर निस्तारण किया गया।

इनमें मिलक तहसील में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में 26 शिकायतें आईं, जिनमें से 8 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने लंबित शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने और उसके बाद शिकायतकर्ता को अवगत कराने के निर्देश दिए। ग्राम भंवरकी की महिला द्वारा अपने दिव्यांग बच्चों के उपचार के लिए

● **शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए गए निर्देश**

मुख्य चिकित्साधिकारी को जिला अस्पताल स्थित एनआरसी केंद्र में भर्ती कराकर उपचार कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से शिकायतों को सुनते हुए थाना प्रभारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं स्वार तहसील में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र के समक्ष 12 शिकायतें आईं, इनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 22 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में हुए दिवस में 12 शिकायतें आईं, इनमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 10 शिकायतें मिलीं, इनमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 14 शिकायतें प्राप्त हुई और 3 का मौके पर निस्तारण किया गया।

### सड़क पर अवैध रूप से उपले व घूरे बना रहे लोग

बार एसोसिएशन द्वारा तहसील मिलक में ग्राम न्यायालय की स्थापना के लिए मांग पत्र दिया। ग्राम करींगा से गुजरने वाली सड़क पर अवैध रूप से उपले व घूरे बनाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर उपजिलाधिकारी मिलक को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### छात्रवृत्ति के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचारः** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत बच्चों को प्रशिक्षण दिलाने और छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना मिलकखानम में 27 अक्टूबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप है कि अभियुक्त ने 14 सितंबर को योजना के तहत बच्चों को प्रशिक्षण दिलाने व छात्रवृत्ति दिलाने का झांसा देकर धनराशि हड़प ली। फर्जी प्रमाण पत्र का विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में थाना मिलकखानम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। अर्पित राजपूत पुत्र राजेश कुमार निवासी शिव बिहार ज्वालानगर थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी अर्पित राजपूत को होटल ग्रीनलीफ सराय रोड थाना ज्वालापुर जिला हरिद्वार उत्तराखंड से गिरफ्तार कर साथ ले आई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेजा है।

# एसआईआर को गंभीरता से लें, वोट हमारी शक्ति


बिलारी विधायक फहीम इरफान के साथ कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, सैफनी

● **बिलारी के विधायक बोले, लोगों के साथ हो रहा भेदभाव**

**अमृत विचार :** शाहबाद-बिलारी रोड पर बिलारी के सपा विधायक फहीम इरफान ने एक प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। विधायक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को मिनी एनआरसी बताया है। जिसके तहत लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। एक समाज के लोगों के वोट काटने के लिए फार्म साथ भेजा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आवेदन के बिना ही फार्म 7 कहां से आ रहे हैं, किसी को कुछ नहीं पता। जबकि चुनाव आयोग की गाइडलाइन है कि जो आवेदक होगा उसे पहचान पत्र या आधार कार्ड लगाना होगा, एक बीएलओ 10 से अधिक फार्म 7 नहीं ले सकता। बीएलओ काफी मेहनत कर रहे हैं उनका लोग सहयोग करें। उन्होंने इसकी जांच की मांग की है। लोगों से अपील की कि अपना वोट सुरक्षित रखें वोट से ही सरकार बनाई जाती है और गिराई जाती हैं। इस दौरान आसिफ गुल, नजारुल पाशा, कमल कुमार, बाबर खान, सईद अंसारी, वसीम अंसारी, आशीष गुप्ता, हारुन पहलवान, धर्मपाल लोधी, मेहर अली, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# वैलेंटाइन वीक के पहले दिन प्रेमी जोड़ों ने एक- दूसरे को दिए गुलाब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वैलेंटाइन डे वीक की शुरुआत शनिवार को रोज डे के साथ हो गई। इस अवसर पर फ्लावर सेंटर पर लाल और पीले गुलाब की मांग बढ़ गई। गुलाब की कली 60 रुपये और गुलदस्ता 250 रुपये से 350 रुपये कीमत तक बिका। सुबह से ही युवाओं ने गुलाब के फूलों की खूब खरीदारी की और एक दूसरे को गुलाब देकर प्यार का इजहार किया।

पीला गुलाब देकर दोस्ती का इजहार किया। गिफ्ट गैलरियों में तरह-तरह के उपहार खरीदे गए। रोज डे पर बाजार में फूल विक्रेताओं ने सुबह से अपनी दुकानें सजा दी थीं। शुक्रवार शाम से ही गुलाब की खरीदारी शुरू हो गई थी, और शनिवार सुबह से दुकानों पर भीड़ रही है। युवाओं में इस खास दिन को लेकर विशेष उत्साह है। स्टार चौराहे पर बॉम्बे फ्लावर के मालिक अनिल कुमार ने बताया कि रोज डे पर प्रीमियम क्वालिटी के गुलाब मंगाए गए हैं। अधिकांश युवाओं ने सरप्राइज देने के लिए खूबसूरत गुलाब के फूलों की पेकिंग कराई है। अनिल बताते हैं कि इस बार केवल गुलाब ही नहीं चॉकलेट, बुके की काफी मांग है। बताया कि युवा ही नहीं उम्रदराज लोगों ने भी गुलाब के फूलों की खरीदारी की है। रोज डे पर गुलाब के फूलों का अच्छा कारोबार हुआ है।

बाजार में उच्च क्वालिटी के गुलाब की खूब बिक्री हुई है। रामपुर में इतनी उम्मीद नहीं थी कि गुलाब की इतनी बिक्री होगी। आसपास के जिलों में भी गुलाब के फूल खूब बिके हैं।
– पवन, फूल कारोबारी

जो बात शब्दों से अदा नहीं होती है वह फूल बहुत आसानी से कह देते हैं। दोस्ती पक्की करने के लिए गुलाब के फूल खरीदे हैं और दोस्त को फूल देने जा रहे हैं।
– आशीष

वैलेंटाइन वीक के पहले दिन गुलाब के फूलों की खूब बिक्री हुई है। फूलों का कारोबार होने से काफी राहत मिली है। बाजार में पीले और लाल गुलाब की मांग अधिक रही।
– अनिल फूल कारोबारी

दोस्त को देने के लिए गुलाब की खरीदारी की है। आज के दिन गुलाब के फूलों की कीमत बहुत बढ़ गई है। अपने दोस्त को फूल देकर दोस्ती का आगाज करेंगे
– राजेश

● **गिफ्ट गैलरियों में युवाओं ने खूब खरीदे तरह-तरह के उपहार**

# समाज को संगठित रहने की जरूरत


कार्यक्रम में बोलते पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **रविदास जयंती कार्यक्रम के समापन पर बोले पूर्व विधायक**

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ रामपुर के पदाधिकारियों द्वारा शनिवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती कार्यक्रम का समापन किया गया। 2 से 7 फरवरी तक जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए।

भमरौआ स्थित श्री पातालेश्वर शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धामपुर के पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री हिंदू समाज एवं सनातन संस्कृति का विशेष ध्यान रखते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गंगाराम प्रजापति ने किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश प्रजापति ने की। इस मौके पर राकेश कुमार शर्मा, जीवन सिंह गंगवार, उदल सिंह लोधी, सोमपाल सिंह गंगवार, वीरेंद्र सिंह, देवल, कैलाश बाबू, राम बिहारी सिंह उपस्थित रहे।

# निरीक्षणः रजिस्टर में मिलीं कमियां, राजस्व निरीक्षक को चेतावनी जारी करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


तहसील मिलक का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस के बाद डीएम अजय कुमार द्विवेदी और एसपी विद्या सागर मिश्र ने तहसील मिलक का निरीक्षण किया। डीएम ने रजिस्ट्रार, कानूनगो, उपजिलाधिकारी न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, कम्प्यूटर कक्ष सहित तहसील के समस्त पटल देखते हुए विभिन्न अभिलेखों एवं पत्रावलियों की गहन समीक्षा की।

रिकॉर्ड रूम में अलमारियों को खोलकर एक वर्ष से अधिक अवधि से लंबित वादों की स्थिति की जानकारी ली, जिनका निस्तारण संतोषजनक मिला। परवाना रजिस्टर, सीलबंद रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। रजिस्टरों में कमियां पाई गईं, जिस पर उन्होंने राजस्व निरीक्षक महिपाल सिंह को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।

### खाद्य विभाग टीम ने घी व तेल के नमूने लिए

**रामपुर, अमृत विचार :** सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन ने घी व तेल के नमूने संग्रहित किए। रूद्र ब्रांड घी का सर्विलांस नमूना अधोमानक पाए जाने के क्रम में शिव विहार ज्वालानगर स्थित शगुन ट्रेडर्स के स्वामी अजीत कुमार से घी के 2 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। वहीं सेलो ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का नमूना असुरक्षित पाए जाने पर पुनः कार्रवाई के उद्देश्य से विभिन्न खाद्य तेल विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। लेकिन जांच के दौरान उक्त ब्रांड का रिफाइंड सोयाबीन तेल कहीं उपलब्ध नहीं पाया गया। विशेष अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार, धर्मपाल सिंह, देवकांत मौजूद रहे।

### गलत रीडिंग कर ज्यादा बिल थमाने का आरोप

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव पृथ्वीपुर चिड़ियाखेड़ा निवासी व होमगार्ड ओमप्रकाश के अनुसार उनका एक किलोवाट का विद्युत कनेक्शन है। उन्होंने 7 मार्च 2025 तक का 1128 रुपये का बिल जमा किया था। तब से मीटर सही चल रहा था। इसके बाद मीटर में तकनीकी खराबी आने से गलत रीडिंग दर्ज होने लगी। आरोप है कि कई बार संबंधित कर्मचारियों को अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने 13 अक्टूबर 2025 को विद्युत वितरण उपखंड प्रथम में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गलत रीडिंग के आधार पर अप्रैल से 26 दिसंबर 2025 तक का विद्युत बिल 53,915 रुपये दर्शाया जा रहा है। जो गलत है। उन्होंने मीटर की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। एडीएम डॉ. नितिन मदान ने जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# सराहनीयः तीन महीने में बने 90 अंत्योदय और 147 आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


परिवार को आयुष्मान कार्ड सौंपते डीएम।

● **डीएमने जरूरतमंदों की पात्रता को चिन्हित कर दिलवाया सरकारी योजनाओं का लाभ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में रामपुर जिला प्रशासन ने जनता दर्शन में अनूठी पहल शुरू की जो प्रदेश में मिसाल बन चुकी है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने जनता दर्शन में फरियादियों को न केवल आयुष्मान कार्ड बनाकर गंभीर बीमारी का इलाज की राह आसान की। वहीं जरूरतमंदों की पात्रता को चिन्हित कर अंत्योदय कार्ड बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया है।

डीएम ने बताया कि 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना सूची में नाम न होने के कारण जो लोग अब तक योजनाओं से वंचित थे। ऐसे पात्र परिवारों की नियमानुसार जांच कर तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि जरूरतमंद इंसान तक पहुंचे। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री के समाज के आखिरी व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के विजन को आत्मसात करते हुए जनता दर्शन में अनूठी पहल शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों में 90 पात्र लोगों के अंत्योदय और 147 आयुष्मान कार्ड बनवाए गए हैं। जनता दर्शन में डॉक्टरों द्वारा मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण कर सुनिश्चित किया जाता है कि तुरंत इलाज की सुविधा मिले। कई मामलों में उसी दिन आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराकर अस्पताल में भर्ती की प्रक्रिया शुरू करा दी जाती है।

यही वजह है कि जनता दर्शन में आने वाले लोग अब निराश नहीं, बल्कि उम्मीद के साथ आते हैं। मोहम्मद चमन, रेशमा परवीन और महेंद्र सिंह सिंह सहित अन्य फरियादियों ने डीएम का धन्यवाद दिया।

### नवोदय विद्यालय में हुई प्रवेश परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचारः** जवाहर नवोदय विद्यालय किरा में शनिवार को कक्षा 9 और 11 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने के लिए केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए ।

कक्षा 9 में प्रवेश के लिए 313 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था, जबकि कक्षा 11 में प्रवेश के लिए 91 अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरे थे। कुल मिलाकर 404 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले ही केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा सुबह 11:15 बजे से दोपहर 1:45 बजे तक आयोजित हुई, जबकि कक्षा 11 की परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चली। जवाहर नवोदय विद्यालय किरा के प्राचार्य करन सिंह ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों से समय पर केंद्र पहुंचने की अपील की गई थी।

## न्यूज डायरी

### खगोल विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**बिलासपुर, अमृत विचार :** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में शनिवार को एस्ट्रोपाथशाला के तत्वाधान में अंतरिक्ष विज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई। रोचक बनाने के लिए प्रतियोगिता 'कौन बनेगा करोड़पति' की तर्ज पर हुई। कक्षा तीन से पांच जूनियर वर्ग श्रेणी में आर्यव मुजल, शार्वी अग्रवाल और अगम अग्रवाल प्रथम रहे। कक्षा छह से आठ सीनियर वर्ग में जपनूर सिंह, नैतिक शाक्य और आयुष कुमार की टीम ने वैज्ञानिक समझ और सटीक विश्लेषण के दम पर बाजी मारी। विद्यालय प्रबंधन और एस्ट्रोपाथशाला के विशेषज्ञों ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों को रॉकेट विज्ञान, उपग्रह तकनीक और नवाचार से जोड़ना है। विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य रूपाली पुरी, निषाद अफगानी, डॉ. वर्षा सिंह समेत आदि शिक्षक व छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



### आरएएन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

**बिलासपुर, अमृत विचार :** आरएएन पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा 'वन नेचर, वन हार्ट' विषय पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को बच्चों ने योग के अद्भुत प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। 'बटर-फ्लाई', 'धक-धक धरती' और 'रेन ड्रॉप' जैसे विषयों पर मनमोहक नृत्य पेश किए। कक्षा एक के छात्रों ने ''ओशन ऑफ होप'' नाटक के माध्यम से समुद्री जीवों और मनुष्य के बीच प्रकृति के समान अधिकार को दर्शाया। मुख्य अतिथि अर्ली बर्ड प्री-प्राइमरी स्कूल फाउंडिंग मेंबर मीनू मदान, सामाजिक कार्यकर्ता सलोनी गोयल, चेयरमैन पूर्व विंग कमांडर एचके राय, निर्देशिका मधु राय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाध्यापिका मेघना गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। अंत में सलाहकार रेखा कर्नाटक ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्टाफ समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### वैज्ञानिकों ने बनाए मॉडल

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद गेट स्थित ईस्ट-वेस्ट पब्लिक स्कूल में शनिवार को बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी में मॉडल पेश किए। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों ने स्पेस का मॉडल ऐसा बनाया है जिसको देखकर लगता है कि हम अंतरिक्ष में सैर कर रहे हों। कक्षा 6 के छात्र सुहेल रजा, 7 के छात्र अमान जाफर, कक्षा-7 के उमैर, सिमरा, मोहम्मद शहदान ने मॉडल पेश किया। कक्षा 7 के इस्माईल मुराद ने वाटर प्यूरीफायर, 8 के फराहन खान ने इन्फॉर्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी व 8 के इशान अली, हम्माद हसन, मोहम्मद अनस, इनाया अंसारी, अरीब, अब्दुल रहमान, हिफजा जारा और सबीहा ने मॉडल व रंगोली बनाई। 8 के हननान खां, फरहान खां व नजमा ने गेटवे ऑफ इंडिया का मॉडल बनाया। इरशाद, शारिक व मैरीना ने हावड़ा ब्रिज, लोटस टैंपल और बीच के मॉडल बनाए गए। प्रधानाचार्य नीलोफर खान और प्रबंधक अनवार उल्लाह खां ने अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान मौलाना असलम, जावेद कासमी, मुजफ्फर उल्लाह खां, मुबश्शिर अली मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वालानगर स्थित आनंद कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के साथ वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने अमर शहीद भगत सिंह और गुरु के महत्व को दर्शाते हुए द्रोणाचार्य और एकलव्य पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। विद्यालय के संस्थापक परमानंद प्रकाश सक्सेना, ऊषा सक्सेना, पीयूष प्रकाश सक्सेना, आभा सक्सेना, उमेश शर्मा, राजेश कुमार और सुनील कुमार सिंह ने सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आनंद कॉन्वेंट स्कूल शिक्षा के माध्यम से संस्कारयुक्त, अनुशासित और आत्मनिर्भर नागरिकों का निर्माण कर रहा है। विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार ने कहा कि अनुशासन, नैतिक मूल्य और सकारात्मक सोच ही जीवन की कुंजी है। प्रधानाचार्य आभा सक्सेना ने बच्चों को अनुशासन और नैतिकता के महत्व को समझाया। अंत में सभी बच्चों की प्रस्तुतीकरण पर पुरस्कार वितरित किए गए।

खबरें पेज 9 पर भी

## शायरी का दौर

### ताहिर फराज की याद में शायरों ने कलाम से पेश की खिराजे अकीदत

# कुछ लोग शोर में नहीं बल्कि सुकून में याद किए जाते हैं...



ताजियती कलाम पेश करते शकील गौस। ● अमृत विचार


ताजियत इजलास में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **बरेली गेट स्थित एक शादी हॉल में ताजियत इजलास का आयोजन**

**अमृत विचार :** बरेली गेट स्थित एक मैरिज हॉल में विश्व प्रसिद्ध शायर ताहिर फराज की याद में ताजियत इजलास हुआ और शायरों ने अपने कलाम से खिराजे अकीदत पेश की। इजलास का आगाज तिलावते कुरान मजीद से हुआ। इसके बाद शहर इमाम मौलाना नासिर खां ने मरहूम की मगफिरत और दर्जात बुलंदी के लिए अल्लाह के दरबार में दुआ कराई।

शायरों ने ताहिर फराज की शख्सियत और उनकी शायरी और अदब की खिदमत को शेरों में पिरोकर पेश किया। आयोजक फैसल खां लाला ने कहा कि यह महफिल सिर्फ यादों की नहीं, बल्कि जिम्मेदारी की भी है। उन्होंने कहा कि हमें अपने शायरों और अदबी शख्सियतों को उनके जाने के बाद ही नहीं, बल्कि उनकी जिंदगी में भी समझना और सम्मान देना चाहिए। अदब को सिर्फ किताबों तक सीमित न रखकर उसे अपने किरदार और अमल में उतारना ही सच्चर खिराज-ए-अकीदत है।

कहा कि ताहिर फराज को आंसुओं से नहीं, बल्कि उनकी पसंदीदा खामोशी से याद किया जा रहा है क्योंकि कुछ लोग शोर में नहीं बल्कि सुकून में याद किए जाते हैं। अंत में उन्होंने तमाम मेहमानों, शायरों और श्रोताओं का आभार जताया। संचालन शकील गौस ने किया। कार्यक्रम में इमाम जामा मस्जिद मौलवी नासिर खान, नायब इमाम जामा मस्जिद मौलवी फैजान खां, मुफ्ती-ए-शहर मौलाना मकसूद रजा, ताहिर फराज के बेटे शायर तारिफ नियाजी, डॉ. महमूद खान, डॉ. जावेद नसीमी, नईम नजमी, डॉ. अशफाक जैदी, जिया इनायती, किसान तराई संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष ताजिंदर सिंह विर्क, गुरुद्वारा प्रधान दर्शन सिंह खुराना, सखावत हुसैन, पूर्व सभासद दानिश खान, मुईन खां, डॉ. जहीर रहमती, मौलाना असलम अहमद कासमी, सिफत अली खां, काशिफ खां, कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष निक्कू पंडित, सभासद दिनेश रस्तोगी उर्फ दिन्ने, साहिर खां, असलम हसन खां, संदीप अग्रवाल सोनी, शारिब खां, सभासद डॉ. मोहम्मद जफर, सभासद सरफराज गुड्डू, शोएब खां, नजम खां, आलमगीर, नोमान खां, आयुष जौहरी, अनसब नजील, मीर मोइज अली, रय्यान खां आदि लोग मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## तालाब में गिरने से दो साल की बच्ची की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** तालाब में गिरने से एक दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। चांदपुर के ककराला गांव निवासी नीरज की दो वर्षीय बच्ची आशी शनिवार को अपने ताऊ सोमपाल के पीछे-पीछे जा रही थी। इसी दौरान वह अचानक सड़क किनारे तालाब में गिर गई।तालाब से बहकर वह सड़क के नीचे से होते हुए पास के एक नाले के पट में फंस गई। बच्ची के लापता होने पर परिवार और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने आसपास के गांवों में भी बच्ची को ढूंढा। गांव में माइक से अलाउंस भी कराया गया। करीब चार घंटे की तलाश के बाद आशी को नाले से बाहर निकाला गया। डॉक्टरों ने बताया कि पानी में लंबे समय तक फंसे रहने के कारण दम घुटने से उसकी मौत हो गई थी।

## मृतक अध्यापिका के परिजनों ने वेतन दिलवाने की मांग की

**हसनपुर, अमृत विचार :** अध्यापिका के परिजनों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर स्कूल प्रशासन पर अध्यापिका का वेतन न देने का आरोप लगाया। नगर के मौहल्ला होली वाला निवासी निशा पुत्री भागीरथ तहसील क्षेत्र के गांव सहसौली में एक स्कूल में अध्यापिका थी। 18 जुलाई को निशा स्कूल वैन से स्कूल जा रही थी। गजरौला मार्ग पर आगापुर की पुलिया के निकट सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन द्वारा मृतका कि तीन माह का वेतन नहीं दिया है और न ही कोई आर्थिक मदद की है। मृतका निशा की मां रूपवती ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है।

## लाइब्रेरी में कंप्यूटर आदि उपकरण जले

**हसनपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार देर शाम हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली में अस्थाई गौशाला पर तार टूटकर गिरने से पड़ोस में स्थित लाइब्रेरी में भी आग लग गई। पंखे व चार कंप्यूटर आदि सामान जल गया। ग्राम प्रधान जसवीर सिंह ने बताया कि देर शाम लाइब्रेरी से धुआं उठा दिखाई देने पर मामले की जानकारी हुई। ग्रामीणों ने पशु शाला के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन हटाने की मांग की है। गौशाला पर तार गिरने से यहां खड़े कैटल कैचर वाहन में आग लग गई थी। गनीमत रही की गौशाला में संरक्षित सभी 72 पशु सुरक्षित हैं। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय समेत अन्य अधिकारियों ने मौका मुआयना किया था।

# शिकायतों के समाधान में न की जाए लापरवाही

### संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं समस्याएं, 15 में 3 शिकायतें निस्तारित, अन्य अफसरों को सौंपीं



शिकायतों को सुनकर निस्तारण करते डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● कहा, अधिकारी मौके पर जाकर कराएं शिकायत का निस्तारण

**अमृत विचार:** डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित कुमार आनंद ने नौगांवा सादात तहसील में लोगों की शिकायतों को सुना। 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बची शिकायतों के लिए टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिए है।

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए।

डीएम ने समस्त कार्यालयों में पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई ऑफिस के माध्यम से ही किये जाने के निर्देश दिये।

## 17 शिकायतों में मात्र दो का निस्तारण

● मुख्य विकास अधिकारी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की फरियाद मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी। इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बाकी बची 15 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी गई।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र से आए फरियादियों की फरियाद मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा द्वारा सुनी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की पांच, पूर्ति विभाग की चार, विकास विभाग की तीन, पुलिस विभाग की चार एवं अन्य विभाग की एक कुल 17 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से अधिकारियों द्वारा मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। बाकी बची 15 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को देकर जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय, पुलिस क्षेत्र अधिकारी पंकज त्यागी, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिकारियों से कहा कि वे जनता दर्शन, आईजीआरएस पोर्टल, तहसील दिवस एवं अन्य दिवसों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण करें। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस अधिकारी आमजन की पुलिस संबंधी शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेन्द्र सिंह, तहसीलदार लकी सिंह सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नो एंट्री में कैंटर गाड़ी के कारण लगा जाम

संवाददाता हसनपुर

● घंटों जाम में फंसे रहे वाहन, लोग होते रहे परेशान

**अमृत विचार:** नगर में नो एंट्री के समय भारी वाहनों के प्रवेश करने के कारण नगर के मुख्य बाजार में जाम लग गया। जिसके कारण मार्ग पर वाहनों की लाइन लग गई। घंटों जाम लगने के कारण राहगीरों एवं दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकारियों द्वारा जाम की समस्या पर ध्यान न देने के कारण नगर वासियों में भारी रोष व्याप्त है।

नगर में रात 8 बजे तक नो एंट्री होने के बाद भी भारी वाहनों का प्रवेश नहीं रुक रहा है। शनिवार को रहरा बस स्टैंड चौराहे से कैंटर गाड़ी द्वारा नगर में प्रवेश किया गया तो डॉक्टर शिव स्वरूप अग्रवाल के क्लीनिक के निकट जाम की स्थिति बन गई है। जाम के कारण मार्ग के दोनों तरफ दो पहिया वाहन एवं ई-रिक्शाओं की लाइन लग गई। जाम लगने के कारण दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर में जाम की समस्या प्रतिदिन बढ़ती रहती है। व्यापारी संगठनों ने पहले भी कई बार अधिकारियों के समक्ष जाम की समस्या का निस्तारण करने की मांग की है। लेकिन अधिकारियों द्वारा इस और ध्यान न देने के कारण नगर के व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। वही व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि जल्द जनपद के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान करने की मांग की जाएगी।



बाजार में जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

## कांवड़ मार्ग पर मीट की दुकानें बंद रखने के निर्देश

संवाददाता, हसनपुर

● महाशिवरात्रि को लेकर कोतवाली में सभासदों की बैठक

**अमृत विचार:** कोतवाली में महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए शनिवार को वार्ड सभासदों की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 10 फरवरी से नगर क्षेत्र की सभी मीट की दुकानें बंद रखने और कांवड़ मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि शिवभक्तों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसके लिए कांवड़ मार्ग पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी गणमान्य व्यक्तियों से आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने असामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया। साथ ही, कांवड़ यात्रा के निर्धारित रूटों पर सुरक्षा और सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार, कस्बा इंचार्ज रामप्रकाश सिंह ,सभासद मुन्ना चौहान, जावेद जरताब, शाहनवाज अंसारी, हमजा अली, मोनिस अंसारी, जुनैद खान, राजपाल सैनी, पप्पू बाल्मिक, रागिब कुरैशी, निशु अग्रवाल, नाजिम अंसारी और मुस्तकीम बंजारा, दिनेश बाबू शामिल रहे।

## गृह क्लेश के चलते महिला ने लगाया फंदा

**हसनपुर,अमृत विचार:** गृह क्लेश के चलते फंदे पर झूली विवाहिता की मौत हो गई। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई अंतिम संस्कार कर दिया।

आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की देर शाम को गृह क्लेश के चलते 22 वर्षीय नव विवाहिता ने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके वालों ने जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि मारपीट कर फंदे पर लटका दिया गया। मृतका की दो माह पहले शादी हुई थी मौत से एक दिन पहले ही मायके से अपने भाई की शादी में शामिल होकर ससुराल पहुंची थी। ग्रामीणों का कहना है कि डेढ़ वर्ष पूर्व आरोपी युवक की पहली पत्नी की प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। हंगामा के बाद दोनों पक्षों में पंचायत हुई। पंचायत में बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## डीएम, एसपी ने देखा कांवड़ मार्ग

● कांवड़ मार्ग पर बैरिकेडिंग, साफ सफाई व सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित आंनद ने अमरोहा-बिजनौर मार्ग स्थित कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिए कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाए। मार्ग पर किसी तरह की कोई बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए।



कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

शनिवार को निरीक्षण के दौरान डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बिजनौर-अमरोहा रोड पर मखदूमपुर, याहयापुर और कताई मिल सहित विभिन्न कांवड़ रूट्स का जायजा लिया। इस दौरान कांवड़ियों के सुगम आवागमन और यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान उन्होंने मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, लाइटिंग और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने मार्गों पर साफ-सफाई और प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी अमित कुमार आनंद ने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कांवड़ मार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए भी निर्देशित किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार भतीजे की मौत, चाचा घायल


**बिजनौर,अमृत विचार:** हल्दौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सैदपुरा बिलाई के पास शनिवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया।

नहटौर क्षेत्र के गांव खजूराजट निवासी भानू (41) पुत्र संजीव अपने चाचा सतवीर सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। शनिवार शाम करीब पांच बजे बिजनौर-नहटौर मार्ग पर गांव सैदपुरा बिलाई के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल बिजनौर भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने भानू को मृत घोषित कर दिया।

## सरसों की फसल पर अल्टरनेरिया ब्लाइट रोग ने किया हमला

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार:** अल्टरनेरिया ब्लाइट रोग अल्टरनेरिया ब्रासिका और ए. ब्रासिकिकोला नामक फफूंद से होता है। इस रोग से सरसों की फसल में लगभग 32 से 57 प्रतिशत तक की हानि होती है।



फसल में लगा रोग।

● जिला कृषि रक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने बताये लक्षण व रोकथाम

कृषि रक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि इस रोग के लक्षण पौधों की पत्तियां तनो एवं फलियां पर नजर आते हैं पत्तियों पर छोटे गहरे भूरे रंग से काले रंग के गोल छल्ले नुमा धब्बे जिनके चारों ओर पीले रंग के घेरे होते हैं और अंत में पत्तियां सूख कर गिर जाती हैं। तनों और फलियों पर पानी से भीगे हुए धब्बे बन जाते हैं जो तनों को घेर लेते हैं और फलियां समय से पहले पकनी शुरू हो जाती हैं जिससे फलियो तथा दानों के आकार छोटे हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि फसल की बुवाई 20 अक्टूबर तक कर दें। अगेती प्रजातियों की बुवाई करें जैसे कि पूसा मस्टर्ड 25, पी.एम.27, पी.एम.28, पी.एम. 30 इत्यादि। पौधे से पौधे एवं लाइन से लाइन की दूरी 45'15 सेंटीमीटर की रखें। कार्बेन्डाजिम 12प्रतिशत $ मैनकोज़ेब की 2 ग्राम मात्रा को प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

## टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

● टीम ने इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, प्रसव कक्ष, लैब आदि को देखा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** लखनऊ से आई स्टेट रिव्यू मिशन की टीम ने नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। टीम को सभी जगह स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद मिला। सभी व्यवस्थाएं भी मुकम्मल मिली।



सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

टीम में शामिल एसीएमओ डॉ जितेंद्र एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुराग भाटी शनिवार को नगर स्थित सीएचसी पहुंचे, जहां सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने टीम का स्वागत किया। सीएचसी में टीम ने इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, प्रसव कक्ष, जरनल वार्ड, साफ-सफाई, लैब आदि को देखा। कार्यों की जानकारी जुटाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। टीम अपनी जांच रिपोर्ट विभागीय उच्च अधिकारियों के माध्यम से शासन को भेजेंगी। टीम ने 108 व 102 एंबुलेंस की भी जांच की व रिकार्ड रजिस्टर की जांच की। एंबुलेंस में रखे सिलिंडरों में आक्सीजन आदि की भी जांच की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि निरीक्षण के दौरान टीम को सभी व्यवस्थाएं ठीक मिली वहीं टीम द्वारा सफाई व्यवस्था ठीक लगे पर स्टाफ की तारीफ की गई है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कादिर सहित सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।

## पत्थर कुटी में शिवरात्रि पर जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

● महा शिवरात्रि को लेकर मंदिर परिसर में चल रहीं तैयारियां

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** चांदपुर मार्ग पर स्थित प्राचीन पत्थर कुटी शिवालय वर्षों से श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केन्द्र बना हुआ है। महा शिवरात्रि के अवसर पर यहां हर वर्ष भव्य मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इस वर्ष भी महा शिवरात्रि को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।



प्राचीन पत्थर कुटी शिवालय। ● अमृत विचार



पुजारी राजनाथ।

पत्थर कुटी शिव मंदिर के संबंध में मान्यता है कि करीब सौ वर्ष पूर्व भगवान भोलेनाथ यहां स्वयंभू रूप में प्रकट हुए थे। उस समय यह क्षेत्र घने जंगलों से आच्छादित था और लोग यहां से गुजरने में भी भय महसूस करते थे। श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती गई और बाद में यहां विधिवत मंदिर की स्थापना की गई। समय के साथ मंदिर का विस्तार हुआ और आज यह क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल बन चुका है।

आस्था के चलते प्रत्येक सोमवार, शिवरात्रि और पूरे श्रावण मास में यहां भारी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। शिवरात्रि के अवसर पर लगने वाला मेला क्षेत्र की धार्मिक पहचान बन चुका है। महा शिवरात्रि का पर्व इस वर्ष 15 फरवरी को मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा जलाभिषेक, दर्शन, पेयजल, प्रकाश, सफाई और बैठने की समुचित व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंदिर परिसर में रंगाई-पुताई एवं सजावट का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। साथ ही आसपास के मार्गों की साफ-सफाई कराई जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मंदिर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा चुका है। भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, पार्किंग एवं सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। मंदिर के पुजारी राजनाथ ने बताया कि कि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष ध्यान रखा जाएगा। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी कैमरों में कैद रहता है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**गजरौला, अमृत विचार:** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शहर के सरस्वती बिहार कालोनी निवासी मुनेश कुमार शुक्रवार रात बाइक से किसी शादी में शामिल होने के लिए जा रहा था। भानपुर रेलवे फाटक मार्ग पर पीछे से तेज गति के साथ आई कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को सड़क से हटाया। सूचना मिलने पर घायल के परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी डायरी



### प्रदूषण के खिलाफ किसानों का धरना-प्रदर्शन जारी

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में शनिवार को भी जारी रहा। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भाकियू संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के साथ बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और खेती-बाड़ी पर निर्भर लोग धरना स्थल पर समर्थन देने पहुंचे। संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण चौहान, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडलाध्यक्ष अहसान अली, संतोष यादव, झलक सिंघल, सलमान, शुभम शर्मा, अजय सिंघल, आशाराम, प्रकाश, धर्मपाल, धर्मवीर, राजेश पप्पी, ब्रजमोहन शर्मा, अमिताभ सैनी, सोमपाल सिंह, तेजपाल सिंह, नरेंद्र चौहान, होमपाल सिंह, मंसूर अली,लखपत सिंह, तथा समरपाल सैनी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति को लेकर असमंजस खत्म

**हसनपुर, अमृत विचार :** अंबेडकर जयंती के भव्य आयोजन को लेकर कुछ समय से चल रही दो अलग-अलग समितियों की खींचतान समाप्त हो गई है। शुक्रवार की रात बैठक में समाज के बुद्धिजीवियों और बाबा साहब के अनुयायियों ने साझा समिति का गठन किया।दिनेश कुमार गौतम को सर्वसम्मति से डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति का अध्यक्ष चुना गया है। विदित हो कि हाल ही में हसनपुर में अंबेडकर जयंती मनाने के लिए दो अलग-अलग गुटों ने अपनी समितियों का गठन कर लिया था। समाज को एकजुट रखने और किसी भी प्रकार के मतभेद को समाप्त करने के उद्देश्य से क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों ने एक मध्यस्थता बैठक बुलाई। बैठक में दोनों पक्षों की सहमति से यह तय हुआ कि अध्यक्ष का चुनाव लोकतांत्रिक और निष्पक्ष तरीके से लकी ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। दोनों पक्षों के दस जिम्मेदार व्यक्तियों की मौजूदगी में पर्चियां डाली गईं। निवर्तमान अध्यक्ष चंचल सागर ने निष्पक्षता के साथ पर्ची उठाई, जिसमें दिनेश कुमार गौतम का नाम निकला। अध्यक्षताजयपाल सिंह ने तथा संचालन विनोद कुमार गौतम ने किया। महेंद्र सिंह आर्य, रामवीर सिंह, जगत सिंह, डॉ. टी.पी. सिंह, अजब सिंह एडवोकेट, महीपाल सिंह, गोपीचंद, डॉ महेश चंद्र, चन्द्रभान सिंह, चमनलाल, संजय सिंह, चमनलाल एडवोकेट, सतेन्द्रपाल सिंह एडवोकेट, रामनारायण, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी में डीएम ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा



**अमरोहा,अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांवा सादात का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने औषधि वितरण कक्ष, लैब कक्ष, टीबी यूनिट, लेबर रूम, ओटी कक्ष, ओपीडी सेवाएं, एनबीएसयू और आईपीडी सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से वार्ड में जाकर उनकी सेहत के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने ओपीडी कक्ष के निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक से बीमारियों और प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में पूछा। गर्भवती महिलाओं की ऑनलाइन फीडिंग की जानकारी लेते हुए, डीएम ने आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को ऐसी महिलाओं की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिलीवरी से 10 दिन पहले उनसे संपर्क किया जाए और उन्हें सरकारी अस्पताल में प्रसव के लिए प्रेरित किया जाए। डीएम ने चिकित्सा अधीक्षक को संस्थागत प्रसवों की संख्या बढ़ाने और स्टाफ नर्स के अनुसार डिलीवरी की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनवरी माह में हुई डिलीवरी की संख्या पर असंतोष व्यक्त किया और इसे बढ़ाने के लिए कहा। डीएम ने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों से मिल रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली।

### शिक्षिका के घर चोरी का डेढ़ माह बाद भी नहीं हुआ खुलासा

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में शिक्षिका के घर हुई लाखों रुपये की चोरी की वारदात का खुलासा डेढ़ माह बाद भी नहीं हुआ है। पुलिस अंधेरे में हाथ-पैर मार रही है। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। फिलहाल परेशान शिक्षिका रोजाना थाने के चक्कर लगा रही है। शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी शिल्पा एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। 30 दिसंबर की सुबह वह घर का ताला लगाकर स्कूल गई थी। वहां से वह बस्ती में अपनी मायके चली गई। 31 दिसंबर की देर शाम करीब सात बजे घर वापस पहुंची तो गेट का ताला टूटा था। अंदर कमरों के दरवाजों के ताले भी टूटे थे। घर का सामान बिखरा देख वह सन्न रह गई। शिक्षिका के अनुसार चोर घर से 25 हजार रुपये , जेवरात समेत करीब चार लाख रुपये कीमत का सामान चोरी करके ले गए थे। डेढ़ माह बाद भी शिक्षिका के घर हुई चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

खबरें पेज 9 पर भी

## सिटी ब्रीफ

### तेज रफ्तार टाटा मैक्स ने 5 साल के बच्चे को कुचला, मौत

**संभल, अमृत विचार :** जुनावई क्षेत्र अंतर्गत गांव दुबारी कलां गांव में सड़क किनारे खड़े मासूम आर्यन (5) पुत्र कुलदीप को तेज रफ्तार टाटा मैक्स पिकअप ने कुचल दिया। बच्चे की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और घायल मासूम को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद टाटा मैक्स पिकअप का चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि सड़क हादसे में पांच वर्षीय बच्चे की मौत हुई है ।फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बालिका से छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज

**कैला देवी,अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ का मुकदमा गांव के ही एक युवक के खिलाफ छेड़छाड़ पास्को एक्ट की धाराओं में दर्ज कराया है। एक फरवरी की दोपहर गांव की ही एक 12 वर्षीय बालिकाअन्य लड़कियों के साथ खेत पर जा रहे थी। रास्ते में युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। रविवार से दोनों पक्षों में पहले तो समझौते की बात होती रही लेकिन बाद में किशोरी की मां ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने नामजद आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### ईंटों भरी ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी कार, दंपती व तीन बच्चे घायल

**संभल/बहजोई,अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दुर्घटना में दिल्ली से कार में सवार होकर बदायूं जा रहे एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा मध्यरात्रि करीब एक बजे चंदौसी तहसील के थाना बहजोई क्षेत्र अंतर्गत गांव भवन के पास हुआ। सड़क किनारे ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी थी। अंधेरा होने के कारण ट्रैक्टर-ट्राली दिखाई नहीं दी और कार उसमें जा घुसी। हादसे में कार सवार संतोष गुप्ता पुत्र रामचंद्र, उनकी पत्नी इसने, बेटी खुशी ), प्राची और बेटा पंकज घायल हो गए। घायल परिवार दिल्ली के त्रिलोकपुरी से जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र स्थित गांव रुदायन में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था।

# प्रभारी मंत्री ने बताईं बजट की विशेषताएं

## धर्मवीर प्रजापति बोले, केंद्रीय बजट देश को तेजी से तरक्की और खुशहाली की राह पर ले जाएगा

- सबका साथ, सबका विकास के विजन पर आधारित है बजट

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई



पत्रकारों से वार्ता करते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स व नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने केंद्रीय बजट को जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह बजट देश को तरक्की और खुशहाली के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ाने का काम करेगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया यह नौवां बजट है। यह बजट आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने, नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सबका साथ, सबका विकास के विजन पर आधारित है। उन्होंने बताया कि नई कर व्यवस्था में स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। धारा 47ए के तहत 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर देय नहीं होगा, जो सेवा वर्ग के लिए बड़ी उपलब्धि है। वहीं विदेश यात्रा पर लगने वाला टीसीएस 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत किया गया है, जिससे विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विदेश में शिक्षा और इलाज के लिए भेजी जाने वाली राशि पर भी टीसीएस 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत किया गया है, जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.63 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किए जाने को उन्होंने किसानों के लिए बड़ी राहत बताया। उन्होंने कहा कि फसल प्रबंधन, मौसम चेतावनी और सरकारी योजनाओं की सटीक जानकारी के लिए एआई टूल्स लॉन्च किए जाएंगे। चंदन की खेती को बढ़ावा देने के लिए भी प्रोत्साहन योजना लाई गई है। मछुआरा समुदाय के लिए 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का एकीकृत क्रियान्वयन किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, जिला महामंत्री भाजपा कमल कुमार कमल, मुकुल रस्तोगी, जयप्रकाश गुप्ता, सोनू चाहल, हृदेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद बिक्री को खुलेंगे मार्ट

**संभल, अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि ग्रामीण महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए विशेष मार्ट स्थापित किए जाएंगे। देश में सात नए हाई स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। औद्योगिक केंद्रों के पास पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप बनाई जाएंगी, जिससे उद्योग और शिक्षा के बीच बेहतर तालमेल हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नए घरों के निर्माण के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं के लिए प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल, विशेष रूप से एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में 17 प्रकार की कैंसर और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं पर सीमा शुल्क समाप्त किया गया है।

# मछुआरा समाज की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



विधायक इकबाल महमूद को ज्ञापन सौंपते निषाद पार्टी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

- संभल व गुन्नौर के विधायकों को निषाद पार्टी ने दिया ज्ञापन

**अमृत विचार:** निर्मल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने मछुआरा समाज से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर गुन्नौर के सपा विधायक राम खिलाड़ी यादव व संभल विधायक इकबाल महमूद को ज्ञापन सौंपा।

पार्टी नेताओं ने विधायकों से मछुआरा समाज की जनगणना संवैधानिक अनुसूचित जाति के अंतर्गत कराने, मझवार, तुरैहा जाति के तहत अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र दिए जाने, नई संशोधित ओबीसी सूची जारी कराने तथा निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, धीमर, बिंद, बाथम, तुरैहा, गोड़िया, मांझी, मछुआ आदि जातियों को अनुसूचित जाति की सभी सुविधाएं देने की मांग उठाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि मछुआरा समाज को उसका अधिकार नहीं मिल पाया है। जैसे लेदरमैन और वॉशरमैन समाज को आरक्षण का लाभ मिला, उसी प्रकार फिशरमैन समाज भी आरक्षण का हकदार है। इस दौरान राम लखन कश्यप, प्रेमपाल तुरैहा, आकाश तुरैहा, तरुण तुरैहा, जगत सिंह, बाबूराम, अनीता, देवचंद, राकेश सहित बड़ी संख्या में निषाद पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होलिका विवाद का राजस्व टीम ने कराया समाधान



मुंजब्ता गांव में होली विवाद के हल को मंथन करते राजस्व टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता , कैला देवी

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के साकिन खालसा अंतर्गत मुंजब्ता गांव में होली रखने को लेकर चल रहे विवाद के समाधान के लिए शनिवार को राजस्व विभाग की गठित टीम गांव पहुंची। दोनों पक्षों से बातचीत के बाद सहमति बना ली गई।

नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, कानूनगो सुरेंद्र सिंह सहित लेखपालों ने गांव में पहुंचकर दोनों पक्षों से बात की और मौके पर जांच-पड़ताल की। दूसरे पक्ष की ओर से चौराहे से होली हटाकर किसी अन्य स्थान पर रखने का प्रस्ताव रखा गया। टीम ने ग्राम समाज की दो भूमि का निरीक्षण किया। एक स्थान पर खेल मैदान और दूसरे पर शौचालय बने होने के कारण सहमति नहीं बन सकी। जांच के दौरान सामने आया कि अधिकांश ग्रामीण होली को गांव के मुख्य चौराहे पर ही रखने के पक्ष में हैं। टीम ने एक पत्र पर ग्रामीणों के हस्ताक्षर कराए, जिसमें मुख्य चौराहे पर ही होली रखने पर सहमति दर्ज की गई। राजस्व विभाग की इस पहल से विवाद शांत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पंचायत ने युवती से छेड़छाड़ के आरोपी को लगवाए पांच जूते

**संभल,अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में पंचायत के तुगलकी फरमान का मामला सामने आया है। युवती से छेड़छाड़ के आरोपी युवक को पांच जूते मरवाए गए। युवती द्वारा युवक को जूता मारने का वीडियो वायरल हो रहा है।

एक गांव निवासी युवती ने युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। युवती के परिजन युवक पर कार्रवाई के लिए थाने पहुंचे थे। थाने से लौटने के बाद पंचायत बैठी। पंचायत में यह तय किया गया कि आरोपी युवक को युवती के हाथों पांच जूते लगवाए जाएंगे। इसके बाद सार्वजनिक रूप से युवती से युवक को जूते लगवाए गए। इस पूरी घटना का वीडियो किसी ने बना लिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# अमेरिका से कृषि डील पर भड़के किसान नेता

कार्यालय संवाददाता,संभल



किसानों की पंचायत को संबोधित करते चौधरी हरपाल सिंह। ● अमृत विचार

- बोले, किसानों के 'डेथ वारंट' पर सरकार ने किया साइन
- भाकियू असली ने किया 18 को महापंचायत का ऐलान

**अमृत विचार :** भारत और अमेरिका के बीच कृषि व्यापार समझौते को लेकर किसान संगठनों ने तीव्र आक्रोश जताया है। भारतीय किसान यूनियन असली के अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने डील को भारतीय किसानों के लिए घातक बताते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने इसे किसानों के 'डेथ वारंट' पर हस्ताक्षर करने जैसा बताया।

शनिवार को ग्राम फुलसिंघा में आयोजित पंचायत में चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि अब तक जो बात सामने आ रही है उसके मुताबिक इस डील के बाद भारत में अमेरिकी कृषि उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जबकि भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले कृषि उत्पादों पर 18 प्रतिशत तक शुल्क वसूला जाएगा। इतना ही नहीं, अमेरिकी किसानों को भारत में अपने उत्पाद बेचने के लिए 20 से 50 लाख रुपये तक की सब्सिडी भी दी जाएगी। ऐसी स्थिति में भारतीय किसान अमेरिकी किसानों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे और देश की खेती पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने इस डील को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों पर किया गया चौथा हमला बताया। कहा कि पहले कृषि कानून, फिर भूमि अधिग्रहण कानून में बदलाव की कोशिश और अब यह अंतरराष्ट्रीय समझौता। यह सभी कदम किसानों को कमजोर करने वाले हैं।

उन्होंने घोषणा की कि इस डील के विरोध में 18 फरवरी को मुरादाबाद में एक विशाल किसान महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह समझौता रद नहीं किया गया तो किसान पूरे देश में सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने वर्ष 2020-21 के किसान आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि 13 महीने लंबे संघर्ष और 700 से अधिक किसानों की शहादत के बाद सरकार को कृषि कानून वापस लेने पड़े थे। कहा कि सरकार को समय रहते इस कृषि डील को रद कर देना चाहिए, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, डा. जावेद, चौधरी शिव सिंह, आशक रजा, मुहम्मद सुलेमान, मुहम्मद वारिस, दिलशाद हुसैन, चौधरी संजीव गांधी, नवाब सिंह यादव, बाबूराम प्रजापति, मुशाहिद हुसैन, मौहम्मद हफीज आदि ने भी सम्बोधित किया । इस दौरान फिरोजपुर न्याय पंचायत अध्यक्ष पद पर मुहम्मद उमर, ग्राम अध्यक्ष फुल सिंघा पद पर हाजी अली अहमद, युवा ब्लाक अध्यक्ष, मौहम्मद लियाकत, जिला सचिव पद पर मौहम्मद अनवर को मनोनीत किया गया।

# हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश ने किया तीन थानों और तहसील का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी



न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह को जानकारी देते एसपी केके विश्नोई। ● अमृत विचार

- थानों में सीसीटीवी कैमरे, ई-समन, वारंट, यक्ष एप, सीसीटीएनएस प्रणाली की जानकारी ली

**अमृत विचार:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह के साथ शनिवार को जनपद के तीन थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम थाना गुन्नौर, उसके बाद थाना धनारी एवं थाना चंदौसी के साथ ही तहसील गुन्नौर का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, ऑनलाइन ई-समन, वारंट, यक्ष एप तथा सीसीटीएनएस प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही थानों में प्रचलित अभिलेखों की समीक्षा कर सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र और बालकक्ष का अवलोकन करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित शिकायतों की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति को व्यवस्थाओं के बारे में बताया। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने बालकक्ष की स्थिति, उपयोगिता और वहां की सुविधाओं के बारे में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त हवालात की स्थिति, साफ-सफाई और सुरक्षा मानकों का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित थानों के क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

इसके पश्चात न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल, जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने तहसील गुन्नौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने कहा कि पुलिस थानों और तहसीलों में पारदर्शिता, अनुशासन और नागरिकों को समयबद्ध न्याय व सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# श्रीमद्भागवत कथा में गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन

**चंदौसी, अमृत विचार:** नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। गौरी गणेश, नवग्रह एवं देवी-देवताओं के पूजन के उपरांत ठाकुरजी का अभिषेक और हवन संपन्न कराया गया। कथा में गोवर्धन पूजा और उसकी महिमा का सुंदर वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि इंद्रदेव के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। इस प्रसंग से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। गोवर्धन महाराज की जयकारों से पंडाल गूंज उठा और भक्त भक्ति रस में डूबकर नृत्य करने लगे। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कड़ी व्यवस्था में हुई नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, बबराला

- पंजीकृत 447 में से 169 परीक्षार्थी रहे गैर हाजिर

**अमृत विचार:** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर, गुन्नौर में कक्षा 9 वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु आयोजित एंट्रेंस परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए विद्यालय प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। पंजीकृत 447 में से 169 छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

कक्षा 9 वीं की प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 343 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें से 234 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 109 अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा 11वीं के लिए 104 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 44 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 60 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को नकलविहीन और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए सभी कक्षों में कड़ी निगरानी रखी गई। विद्यालय परिसर में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी मुंशीलाल पटेल ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सकुशल संपन्न कराई गई और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा और निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे। परीक्षा की कॉपी अलीगढ़ सेंटर भेजी जाएंगी, वहां पर पांच जिलों का केंद्र बना हुआ है।

# हज यात्रा के लिए 502 का चयन

कार्यालय संवाददाता,संभल



संभल में सहायता केंद्र पर डाटा तैयार करते हज ट्रेनर। ● अमृत विचार

- हाजियों के लिए टीकाकरण 9 से चार स्थानों पर लगेंगे कैंप

हाजियों के लिए सरकार की ओर से अनिवार्य टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने बताया कि संभल में 9 से 16 फरवरी तक चार स्थानों पर टीकाकरण कैंप आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख रूप से मदरसा अजमल उल उलूम और जिला अस्पताल संभल में कैंप लगाए जाएंगे।


बताया कि इस वर्ष जनपद संभल से कुल 502 हाजियों का चयन हुआ है। सभी चयनित हाजियों की तय तिथियों पर उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। टीकाकरण पूरी तरह सरकारी व्यवस्था के तहत कराया जाएगा, जहां डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। किसी अन्य स्थान से कराया गया टीकाकरण मान्य नहीं होगा। वहीं मौलाना वसी अशरफ ने हाजियों से अपील करते हुए बताया कि लखनऊ हज कमेटी के आदेश के अनुसार 9 फरवरी को वैक्सीन संभल पहुंच जाएगी और उसी दिन से टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब रमज़ान से पहले हाजियों का टीकाकरण किया जा रहा है। मौलाना वसी अशरफ ने चेतावनी दी कि यदि कोई यह सोचकर इंतजार करेगा कि ईद के बाद टीकाकरण करा लेंगे, तो वैक्सीन वापस भेज दी जाएगी और बिना टीकाकरण के हाजी को एयरपोर्ट से ही लौटा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार एयरपोर्ट पर फुल बॉडी हेल्थ चेक मशीन भी लगाई जाएगी। स्वास्थ्य में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर हाजी को लौटाया जा सकता है, जिससे बेइज्जती और बदनामी झेलनी पड़ सकती है। उन्होंने सभी हज यात्रा पर जाने वालों से कहा कि 9 फरवरी को सुबह 9 बजे मदरसा अजमल उल उलूम, तेल मंडी संभल पहुंचकर अपने दस्तावेज़ जमा करें, समय पर रजिस्ट्रेशन कराएं और अनिवार्य टीकाकरण अवश्य कराएं।

## सिटी डायरी



### दिव्यांगों ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता,संभल,अमृत विचार :** राष्ट्रीय विकलांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद कासिम के नेतृत्व में दिव्यांगों ने समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर तहसील कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाकर 5 से 6 हजार रुपये की जाए और एक देश, एक पेंशन व्यवस्था लागू की जाए। सामान्य राशन कार्ड को अंत्योदय कार्ड में बदला जाए, आवास की सुविधा दी जाए और बिजली कनेक्शन व बिल मुफ्त किया जाए। तहसील, आरटीओ, डीएम और एडीएम कार्यालयों में दिव्यांगों के लिए अलग पोर्टल और प्राथमिकता व्यवस्था बनाई जाए। इंटर, बीए, एमए, बीएड स्पेशल और एमएड योग्यताधारी दिव्यांगों को बिना इंटरव्यू नौकरी दी जाए। कम से कम चपरासी या बाबू जैसे पदों पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ताकि दिव्यांगजन भटकने को मजबूर न हों।




### कांवड़ सेवा समिति ने प्रशासन से मांगीं विशेष व्यवस्थाएं

**संवाददाता ,चंदौसी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व के शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर श्री कांवड़ सेवा समिति ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग की है। समिति ने अवगत कराया कि 14 व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि है। 13 फरवरी को हजारों शिवभक्त गंगा घाटों के लिए रवाना होंगे। 14 फरवरी को शिवभक्त नंगे पांव कांवड़ लेकर मझावली-नेहटा मार्ग से नगर में प्रवेश करेंगे और शाम चार बजे खुर्जा गेट स्थित कांवड़ धर्मशाला से भव्य शिव बरात निकाली जाएगी। समिति ने कांवड़ यात्रा के दौरान बबराला-बहजोई-चन्दौसी मार्ग पर भारी वाहनों पर प्रतिबंध, सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व एंबुलेंस की तैनाती, बिजली आपूर्ति सुचारू रखने, क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत तथा शिव बारात मार्ग और मंदिरों में साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



### वीनस शुगर मिल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**चंदौसी, अमृत विचार :** वीनस शुगर मिल मझावली परिसर में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक और वीनस ग्रुप के सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने किया। डॉ. तरुण पाठक ने कहा कि कई गंभीर बीमारियां प्रारंभिक अवस्था में बिना लक्षण के होती हैं, ऐसे में नियमित जांच से समय रहते उपचार संभव हो पाता है। वीनस ग्रुप की चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. परमजीत कौर ने बताया कि तनावपूर्ण जीवनशैली के चलते कम उम्र में ही शुगर और बीपी के मरीज बढ़ रहे हैं, जिससे हृदय रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है। शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम मौजूद रही और लगभग 300 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई।



### समाधान दिवस में दर्ज हुईं 85 शिकायतें, 8 का हुआ समाधान

**चंदौसी, अमृत विचार :** चंदौसी के तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी और उपजिलाधिकारी ने समस्याएं सुनीं। ग्राम बिसारु, अरिल नदी सहित अन्य मामलों की जांच के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर शीघ्र कार्रवाई के आदेश दिए गए। एक फरियादी ने लेखपाल पर दो लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया। इसके अलावा भूमि विवाद, अवैध कब्जे, तारकसी और धार्मिक स्थल से जुड़ी शिकायतें भी सामने आईं। दोपहर दो बजे तक कुल 85 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे और शेष मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

खबरें पेज 9 पर भी

स्टेट ब्रीफ

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिया घी तेल का नमूना



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिकायत के आधार पर सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश कुमार यादव के साथ पीतल नगरी स्थित पाठक इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान से रूद्र घी का नमूना लिया। इसके बाद पाकबड़ा स्थित अनमोल चिकन कॉर्नर से तेल का नमूना और कुंदरकी स्थित अल मुख्तार चिकन कॉर्नर से लाल मिर्च पाउडर एवं रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। टीम ने नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर कारवाई की जाएगी।

## हिमाचल में सड़क हादसे में हसनपुर की युवती की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** रोजगार की तलाश में हिमाचल गई युवती हादसे में अपनी जान गंवा बैठी। नगर के मोहल्ला होलीवाला सुखदेवी इंटर कॉलेज के निकट निवासी राजकुमार की 20 वर्षीय पुत्री काजल हिमाचल प्रदेश के जनपद सोलन के कस्बा किशनपुर तहसील बद्दी में एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती थी। शुक्रवार की सुबह वह अपनी स्कूटी से जा रही थी, तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। काजल की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार की सुबह तीन बजे काजल का शव घर पहुँचा। गमगीन माहौल में परिजनों ने देर शाम मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

## विवाहिता को चाकू मार कर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** मुरादाबाद के थाना पाकबड़ा के मोहल्ला बड़ा मंदिर की रहने वाली अनीता ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी शादी 6 दिसंबर 2021 को अमरपुर काशी गांव के अभिषेक पुत्र पवन सिंह के साथ हुई थी। ससुराल पक्ष के लोग 5 लाख नगद की मांग करने लगे, उसे मारपीट करके घायल कर दिया। इस मामले में उसने मुकदमा दर्ज कराया था, रिश्तेदारों के कहने पर पति ने गलती मान ली और फैसला कर लिया। 2 फरवरी को रातअभिषेक ने जान से मारने की नीयत से चाकू से बार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## पुलिस ने युवती को प्रेमी के साथ भेजा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला जाटवान निवासी युवक का दूसरे समाज की युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को प्रेम प्रसंग का पता चला तो पाबंदी लगा दी।युवती सारे बंधन तोड़कर प्रेमी की चौखट पर जा बैठी। युवती के परिजनों की शिकायत पर पुलिस युवती व उसके प्रेमी को कोतवाली ले आयी। दोनों के परिजन भी कोतवाली पहुंच गए। युवती को परिजनों ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी। पुलिस ने युवती के बयान दर्ज कर प्रेमी के साथ भेज दिया है।

# लंबित फाइलों के विरोध में हड़ताल

## तहसील प्रशासन और कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में डटे अधिवक्ता

संवाददाता, टांडा



विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील टांडा की बार वेलफेयर एसोसिएशन ने तहसील प्रशासन और कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और फाइलों के निस्तारण में हो रही देरी के विरोध में तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर नारे बाज़ी करते हुए कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दी है।

बार वेलफेयर एसोसिएशन पत्र में अधिवक्ताओं ने शनिवार को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि तहसील के विभिन्न कार्यालयों में अवैध रूप से रखे गए प्राइवेट कारिंदे, वादकारियों और अधिवक्ताओं का शोषण कर रहे हैं। इन निजी कर्मचारियों के माध्यम से धन की खुली लूट मची हुई है और समय पर फाइलों पर रिपोर्ट नहीं लगाई जा रही है। एक अधिवक्ता ने बताया कि धारा 80 और धारा 38 जैसी धाराओं से संबंधित फाइलें लंबे समय से लंबित पड़ी हैं। इन फाइलों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से अधिवक्ता और उनके मुवक्किल परेशान हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि इसी मजबूरी और प्रशासनिक सुस्ती के कारण उन्होंने हड़ताल का रास्ता चुना है। एसोसिएशन के महासचिव पृथी सिंह सैनी द्वारा हस्ताक्षरित पत्र के अनुसार, अधिवक्ता दिनांक 07 फ़रवरी से 10 फ़रवरी तक न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। यह एक सांकेतिक हड़ताल है, लेकिन अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और स्थिति में सुधार नहीं आया, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होंगे, एसोसिएशन की मांग है कि कार्यालयों में तैनात अवैध निजी कर्मचारियों को तुरंत हटाया जाए। लंबित पड़ी फाइलों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। तहसील परिसर में होने वाले भ्रष्टाचार और वादकारियों के शोषण पर रोक लगे। इस दौरान तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## लाखों के जेवर लूटे, महिला पर चाकू से हमला

**बिजनौर, अमृत विचार :** चांदपुर क्षेत्र में हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव मंड़ोरा जट में बदमाशों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। विरोध करने पर महिला पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया गया।

शनिवार सुबह शिवानी पत्नी अमित घर पर अकेली थी। एक महिला और एक पुरुष मुंह पर कपड़ा बांधकर पूर्वी दिशा से घर में दाखिल हुए। बदमाश सीधे दो मंजिला मकान के कमरे में पहुंचे और आभूषण समेट लिए। बदमाश नीचे आए तो शिवानी ने विरोध किया। इस पर बदमाशों ने शिवानी पर चाकू से हमला कर दिया और चेन व कुंडल लूटकर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा मौके पर पहुंचे। उनके साथ एसओजी, फॉरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

# भारत अमेरिका व्यापार समझौता का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● भारत अमेरिका जॉइंट स्टेटमेंट से व्यापार को मिलेगी नई दिशा

**अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने भारत-अमेरिका जॉइंट स्टेटमेंट का स्वागत किया। इसके अनुसार भारत और अमेरिका ने परस्पर एवं पारस्परिक लाभकारी व्यापार के लिए एक अंतरिम समझौते के फ्रेमवर्क पर सहमति बनाई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तय यह फ्रेमवर्क, भारत और अमेरिका के बीच संतुलित बाजार पहुंच बढ़ाने, सप्लाई चेन रेजिलिएंस मजबूत करने और आर्थिक सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि अंतरिम समझौते का यह फ्रेमवर्क दोनों देशों के बीच व्यापार सहभागिता की दिशा में ऐतिहासिक विकास है। हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए विशेष रूप से होम डेकोर और आर्टिसनल प्रोडक्ट्स में निर्यातक बेहतर योजना बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका पारंपरिक रूप से हमारा सबसे बड़ा बाजार रहा है, जो कुल हस्तशिल्प निर्यात में लगभग 40% का योगदान देता है। मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मकता केवल टैरिफ से नहीं, बल्कि नॉन-टैरिफ बैरियर्स, टेस्टिंग आवश्यकताओं, दस्तावेज़ीकरण और प्रक्रियागत पूर्वानुमेयता से भी तय होती है। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने कहा कि अमेरिकी बाजार गुणवत्ता में निरंतरता, समय पर डिलीवरी और विश्वसनीयता की मांग करता है। कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने कहा कि हम अंतरिम समझौता फ्रेमवर्क को आगे बढ़ाने तथा व्यापक बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट (बीटीए) रोडमैप के प्रति प्रतिबद्धता को के लिए भारत सरकार के सतत प्रयासों की सराहना करते हैं।

# योग्य लोग आगे बढ़ें और चुनाव लड़ें

कार्यालय संवाददाता, संभल



कार्यकर्ताओं के साथ आम आदमी पार्टी के आतिर हुसैन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं संभल, असमोली और चंदौसी विधानसभा प्रभारी के आतिर हुसैन ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कहा कि अब विकास न होने की शिकायत करने का समय नहीं है, बल्कि आगे बढ़कर चुनाव लड़ने और जिम्मेदारी उठाने का वक्त है। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं ने दशकों तक जनता के लिए कोई काम नहीं किया, उनसे अब विकास की उम्मीद करना बेकार है।

चौधरी सराय में जिला पंचायत चुनाव तैयारी बैठक में आतिर हुसैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी का आह्वान है कि योग्य लोग आगे आएं, मजबूत दावेदारी पेश करें, चुनाव लड़ें, जीतें और अपने क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया यहीं नहीं रुकती। विधानसभा चुनाव, नगर पालिका चुनाव और लोकसभा चुनाव सहित

● जिन नेताओं ने दशकों से कुछ नहीं किया उनसे अब विकास की उम्मीद बेकार:आतिर हुसैन

हर स्तर पर आम आदमी पार्टी आम नागरिकों को राजनीति में भागीदारी का अवसर देती है। आतिर हुसैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां एक आम आदमी मौजूदा मुख्यमंत्री को 3भी चुनाव में हरा देता है। यही नहीं, पार्टी में एक महिला पहली बार विधायक बनकर मंत्री बनती है और मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने का अवसर भी पाती है। संभल विधानसभा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियों में टिकट के लिए प्रमुख दावेदार आपस में संघर्ष कर रहे हैं। लगता है कि वहां टिकट के लिए योग्यता नहीं, बल्कि परिवारवाद का प्रमाण पत्र ही काफी मान लिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि संभल में जो परिवार दशकों से राजनीति में हैं, वह बताएं कि पिछले 50 वर्षों में संभल को क्या मिला। बैठक में मोहम्मद अयूब, सैयद दानिश, सचिन कुमार, विजय पाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मैं तो गोवर्धन को जाऊंगी नहीं माने मेरो मनवा...

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाजपतनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथाव्यास राधे राधे जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने का प्रसंग सुनाया।

कथाव्यास ने बताया कि अहंकार का त्याग और प्रभु पर अटूट विश्वास ही जीवन का सार है। इंद्र के गर्व को चूर कर भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग सिखाता है कि सच्ची भक्ति से भगवान स्वयं भक्तों के रक्षक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति की पूजा और सेवा ही सच्चा धर्म है, जिसे श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पूजा के माध्यम से समाज को बताया। उन्होंने वर्तमान समय में इस प्रसंग की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि मानव को अहंकार, ईर्ष्या और स्वार्थ छोड़कर सेवा, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलना चाहिए।

# 21 कोसीय परिक्रमा रथ यात्रा आरंभ

संवाददाता, बबराला



बबराला में हरिबाबा परिक्रमा यात्रा में उमड़ा जनसमूह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री हरि बाबा लीला स्थली के त्रयोदशम् 21 कोसीय परिक्रमा रथयात्रा का शनिवार को श्री हरि बाबा बांध धाम से विधिवत शुभारंभ हो गया। यह दो दिवसीय परिक्रमा यात्रा 8 फरवरी को श्री हरि बाबा बांध धाम पर पहुंचकर सम्पन्न होगी।

धार्मिक परंपराओं में ब्रज की चौरासी कोस परिक्रमा, गोवर्धन, मथुरा, वृन्दावन, अयोध्या एवं संभल की परिक्रमा विशेष महत्व रखती हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रतिवर्ष फाल्गुन कृष्ण षष्ठी को श्री हरि बाबा लीला स्थली दर्शन परिक्रमा का आयोजन किया जाता है। आयोजक रामहरि शर्मा के अनुसार जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रज की रक्षा की और भगवान श्रीराम ने सेतु बांधकर धर्म की स्थापना की, उसी प्रकार श्री हरि बाबा जी ने गंगा की भीषण बाढ़ से खादर क्षेत्र की रक्षा हेतु लगभग 40

● परिक्रमा में श्रद्धालुओं ने लगाए हरिबोल के जयकारे

मील लंबा बांध श्रमदान से बनवाया, जो अपने आप में एक अनूठा उदाहरण माना जाता है। परिक्रमा यात्रा शनिवार प्रातः 6 बजे श्री हरि बाबा बांध धाम से प्रारंभ होकर सिलारा, उम्मेदपुर, गवां, मुटैना, निजामपुर एवं बेलबाबा ईसापुर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद यात्रा बरौरा, भिरावटी स्थित श्री हरि बाबा मंदिर, हिरौनी और सैडोरा होते हुए देर रात रजपुरा पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने रात्रि विश्राम किया। रविवार को प्रातः 6 बजे रजपुरा से यात्रा पुनः प्रारंभ होकर चन्दूनगला तौमी, सुन्दरपुर, छोटा डुप्टा, कहरौला, चाऊपुर, डुप्टा कलां, सिसौना, दीपपुर और मोलनपुर होते हुए श्री हरि बाबा बांध धाम पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा। यात्रा के दौरान विभिन्न आश्रमों से आए संत-महात्माओं के प्रवचन, कीर्तन एवं सत्संग होगा।

## ग्रामीणों को कानूनों के बारे में दी गई जानकारी

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील प्रांगण में विधिक जागरूकता को लेकर शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में सरकार की अनेकों योजनाएं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। आम जनता को इसका लाभ मिले, लिहाजा कैंप लगाया गया। कैंप में पारिवारिक विवाद,चेक बाउंस, बैंकिंग मामलों के बारे में जानकारी दी गई।

बताया गया कि जनपद न्यायाधीश सैयद माउज बिन आसिम के नेतृत्व में 22 फरवरी को पंचायत भवन में विधिक सहायता सिविल व सेवा शिविर का आयोजन होगा। वहीं 14 मार्च को प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा।

# सड़क पर मिले गोवंश के अवशेष, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



हंगामा करते बजरंग दल कार्यकर्ताओं को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में गोकशी का मामला सामने आया है। सड़क किनारे अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। प्रभारी निरीक्षक व सीओ ने मामले की जांच पड़ताल की। देर रात तक कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा चलता रहा।

यह घटना थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के अमरोहा धनोरा मार्ग स्थित मेस्को स्कूल के पास गोवंश के अवशेष पड़े मिले। इसकी जानकारी विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल कार्यकर्ताओं को मिल गई। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे और कार्यवाही की मांग को लेकर

● बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई को लेकर किया हंगामा

हंगामा किया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह व सीओ अवध कुमार भदोरिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। बजरंग दल के जिला मंत्री विपिन कुमार शर्मा ने बताया कि नौगांवा क्षेत्र में गोकशी के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। शनिवार की शाम को भी धनोरा मार्ग पर गोवंश के अवशेष पड़े मिले। जिससे साफ जाहिर होता है कि लगातार गोकशी की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सड़क किनारे अवशेष बरामद हुए हैं पता लगाया जा रहा है की कहा से अवशेष लाकर डाले गए हैं। फिलहाल मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी



### कबड्डी में नर्सिंग व इंजीनियरिंग के खिलाड़ी जीते

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप में ब्वायज़ कबड्डी प्रतियोगिता में नर्सिंग कॉलेज ने मैनेजमेंट कॉलेज को 39-38 से हराकर जीत हासिल की। बैडमिंटन के मुकाबलों में मेडिकल कॉलेज और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के बीच टक्कर रही। पुरुष एकल वर्ग में फिजिकल एजुकेशन के ताशू ने मेडिकल कॉलेज के कन्नू को दोनों सेटों में 21-14 और 21-17 से मात देकर 2-0 से मुकाबला अपने नाम किया। महिला एकल वर्ग में मेडिकल की रागिणी जैन ने फिजिकल एजुकेशन की पाखी रक्षित पर पहले सेट में 21-9 और दूसरे सेट में 21-4 से बढ़त बनाकर 2-0 से जीत दर्ज की। निर्णायक मिश्रित युगल में फिजिकल एजुकेशन ने पहला सेट 21-16 और दूसरा सेट 21-19 से अपने नाम कर 2-0 से मिश्रित युगल भी जीत लिया। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने 2-1 से मैच जीतते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। क्रिकेट में 20-20 ओवरों का सेमीफाइनल सीसीएसआईटी और पैरामेडिकल के बीच खेला गया। सीसीएसआईटी ने मुकाबला 39 रनों से



### उर्दू विभाग की छात्रा ने नेट किया क्वालीफाई

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की उर्दू विभाग की छात्रा दरख्शा बी ने नेट और जेआरएफ क्वालीफाई कर लिया है। प्राचार्या डॉ. सुनीता ने खुशी जताते हुए कहा कि स्टूडेंट्स की सफलता ही टीचर्स की असली कामयाबी है। उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. रजिया परवीन ने कहा कि मेहनत, लगन और हौसला बुलंद हो तो कामयाबी जरूर मिलती है। उन्होंने छात्राओं को टेक्स्ट बुक्स के साथ-साथ ऑथेंटिक कॉम्पिटिटिव किताबें पढ़ने की नसीहत दी। डॉ. इफ्तेखार अहमद कादरी ने कहा कि आज का दौर प्रतियोगिता का है, इसलिए लगन और लगातार मेहनत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उर्दू में कॅरियर के लिए नेट बेहद जरूरी है। इस मौके पर डॉ. नागेंद्र पाल, डॉ. जया कुमारी, डॉ. योगेश चंद्र, डॉ. रजनी बाला, डॉ. प्रीति लता, डॉ. वंदना आदि मौजूद रहीं।



### भाकियू भानू ने एसडीएम को सौंपा समस्याओं का ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार :** बिलारी तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष दानिश पाशा के नेतृत्व में पदाधिकारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम विनय सिंह को मांगों को लेकर एक ज्ञापन सोपा है जिसमें कहा कि कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम इंधनपुर हसनपुर रामपुर मैगन में शमशान की तरफ एक रास्ता जाता है। वह गांव का मुख्य मार्ग है। उस पर ग्रामीणों द्वारा काफी घूर डाल दिए गए हैं जिससे पूरा रास्ता ढक गया है। वहीं तत्पुरा गांव में मुख्य सड़क काफी जर्जर है। जल भराव की समस्या भी बनी रहती है।



### भाकियू एकता ने पंजाब सरकार का फूंका पुतला

**गजरौला, अमृत विचार :** पंजाब में किसानों पर हुए लाठीचार्ज व आंसू गैस गोले दागे जाने की घटना को लेकर भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के पदाधिकारियों ने शनिवार को क्षेत्र के गांव दरियापुर बुजुर्ग में पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी विजय वीर सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार गिरफ्तार किए गए सभी किसान नेताओं को बिना शर्त रिहा करे। उन्होंने कहा कि किसानों पर दमन की नीति किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि किसानों के ज्वलंत मुद्दों पर केंद्र सरकार लगातार चुप्पी साधे हुए है। किसानों की वर्षों पुरानी मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की कानूनी गारंटी, संपूर्ण किसान कर्ज माफी व खेती से जुड़े सभी लंबित मुद्दों का समाधान करना चाहिए। कामिल चौधरी, अमित चिमा, विकास चौधरी, दानिस अली, हरेंदर सिंह, इकबाल अली, अजित सेनी, कैलाश शर्मा, बबली जाटव, हरवीर यादव, जयंत चौधरी, रिषी पाल यादव, . आदि किसान मौजूद रहे।

# भाकियू अराजनैतिक की मंडलीय समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● कार्यों, सदस्यता अभियान व गठित ब्लॉक व ग्राम इकाइयों की स्थिति की समीक्षा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की शनिवार को पंचायत भवन में मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें संगठन की गतिविधियों की 16 बिंदुओं पर समीक्षा की गई। नामित राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने पिछले छह माह के आंदोलनों, छह माह की कार्ययोजना, किसान हित में किए गए कार्यों, सदस्यता अभियान तथा ब्लॉक व ग्राम इकाइयों की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ने कहा कि सभी जिलाध्यक्ष अपने कार्यों में तेजी लाएं और आंदोलनों के माध्यम से किसानों को वास्तविक लाभ पहुंचाएं। उन्होंने किसानों के शोषण के खिलाफ मजबूती से संघर्ष करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने कहा कि वर्तमान समय में संगठन ही सबसे बड़ी ताकत है। संगठन जितना मजबूत होगा, किसान की मदद उतनी प्रभावी ढंग से की जा सकेगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे देश का किसान आशंकित है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस डील से कृषि और दुग्ध क्षेत्र को बाहर रखा जाए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी किसानों के सस्ते उत्पादों का मुकाबला भारतीय किसान नहीं कर सकता। यदि कम ड्यूटी पर अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार में आए, तो इससे देश का किसान बर्बाद हो जाएगा और उसे आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होना पड़ सकता है। कहा कि वाणिज्य मंत्री को भी इस डील में किसानों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। मुरादाबाद जिलाध्यक्ष सतीश चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष अंकुर चौधरी, सम्भल के जिलाध्यक्ष शंकर सिंह, रामपुर के जिलाध्यक्ष भानु कुमार सिंह, बिजनौर के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही एवं अमरोहा के जिलाध्यक्ष कामेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## हिंदू संगठनों ने देखी गोदान मूवी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के एक सिनेमा हॉल में शनिवार को महानगर भाजपा और हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ राज्य गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल व भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में महेंद्र सिंह बब्बू आदि के साथ गोदान मूवी देखी।

महामंडलेश्वर स्वामी रामबालक दास महाराज अयोध्या, महामंडलेश्वर स्वामी संजय नंद गिरी महाराज, दिगंबर गौरव गिरी श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार ने गो माता और बछड़े का तिलक कर माला पहनाकर पूजा अर्चना की। महामंडलेश्वर स्वामी रामबालक दास महाराज ने कहा कि भगवद गीता में गाय को बहुत पूजनीय माना गया है।

स्वामी संजय नंद गिरी महाराज ने कहा कि कृष्ण स्वयं को कामधेनु बताते हैं। इस दौरान विभाग प्रचारक बृज मोहन, विभाग संचालक सुरेंद्र, कार्यक्रम आयोजककर्ता महेंद्र सिंह बब्बू, राजेश रस्तोगी, राजीव गुप्ता, नवदीप टंडन, दिनेश सिसोदिया शम्मी भटनागर, संतोष नारंग, सुनीता शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# फिल्म घूसखोर पंडत पर प्रतिबंध लगाने की मांग



प्रेस वार्ता करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक व विनीत शारदा अग्रवाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** बजट पर चर्चा करने पहुंचे भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने फिल्म घूसखोर पंडत पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पंडित समाज का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वैश्य और पंडित समाज का चोली दामन का साथ है।

शनिवार को प्रभारी मंत्री केपी मलिक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत शारदा अग्रवाल पार्टी कार्यालय पर पहुंचे। इस दौरा प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि बजट सर्व समाज के लिए है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर दिए गए है। वहीं महिलाओं और किसानों के लिए भी बजट में ध्यान रखा गया है।

इस दौरान विनीत अग्रवाल शारदा ने फिल्म घूसखोर पंडत पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि पंडित समाज के अपमान को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार से ऐसी फिल्मों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने और समाज को बदनाम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खान समाज को कंजूस दिखाने वाली फिल्में क्यों नहीं बनतीं।



साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय

कबीर दास जी कहते हैं, इस संसार में ऐसे सज्जनों की जरूरत है, जैसे अनाज साफ करने वाला सूप होता है। जो सार्थक को बचा लेता है और निरर्थक को उड़ा देता है।



# विपक्ष उत्तरदायी बने, प्रश्न पूछे, विकल्प दे, सुझाव रखे

संसद की गरिमा के प्रश्न स्थाई भाव बन रहे हैं। संसद देश काल का दर्पण होती है। यह केवल बजट पास करने या कानून बनाने का ही संवैधानिक निकाय नहीं होती। सदन की गरिमा और मर्यादा बहुधा तार-तार हो रही है। संसद की गरिमा को उच्च स्तर पर बनाए रखने का कर्तव्य सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ही जिम्मेदारी है। उत्तरदायित्व का निर्वाहन शोर-शराबे से नहीं होता। सदन के भीतर शोर शब्दों का विकल्प नहीं होता। कांग्रेस दीर्घकाल तक सत्ता में रही है। देश की संसदीय राजनीतिक संस्कृति को विकसित करने की जिम्मेदारी कांग्रेस की ही रही है, लेकिन विपक्षी दल की भूमिका में कांग्रेस वैचारिक विकल्प नहीं दे पाई। दुनियाभर के संसदीय जनतंत्रों में सत्ता पक्ष का विकल्प देने की जिम्मेदारी विपक्ष की ही होती है। सदन में अचानक किसी मुद्दे पर उबाल आ जाना बड़ी बात नहीं है। तीखी नोक-झोंक भी संभव है, लेकिन योजना बनाकर सदन के भीतर उत्पात करना किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता।

भारतीय संसद में बहुत कुछ अप्रिय घटित हो रहा है। ऐसा उत्पात सदन की मर्यादा का हनन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि 'कांग्रेस के सांसद किसी अप्रत्याशित घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देना चाहते थे।' बिरला ने कहा कि उन्होंने नेता सदन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सतर्क किया था कि ऐसी कोई बड़ी घटना संभव थी। बिरला ने यह भी कहा कि अभी बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने जैसा व्यवहार किया वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ। यद्यपि कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के दावे को झूठ बताया है, लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि प्रधानमंत्री के आसन के सामने तीन महिला सदस्यों का खड़ा होना किस दृष्टि से संसदीय है। लोकसभा अध्यक्ष के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया था कि वे सदन में न आएं।

18वीं संसद में प्रेरक घटनाएं नहीं दिखाई पड़ती। विपक्ष अपने संसदीय दायित्वों के निर्वाहन में सफल नहीं रहा। व्यवधान और शोर बार-बार के स्थगन और संसदीय शब्दों का प्रयोग लगातार हो रहा है। राष्ट्रीय विमर्श के प्रश्न बहस का मुद्दा नहीं बन पाए।

> यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं।

वैकल्पिक विषयों पर सदन के पटल पर विकल्प देना, विकल्प के क्रियान्वयन के लिए सुझाव देना विपक्ष की जिम्मेदारी है।

यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री सदन का नेता होता है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए उसे सरकार की नीतियों की आलोचना करनी चाहिए। उस आलोचना का आधार होना चाहिए। सदन में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा संसदीय व्यवहार का प्रमुख हिस्सा है। अपशब्द विचार प्रकट करने का सही माध्यम नहीं होते। अपशब्दों का प्रयोग संसदीय कर्तव्य के आदर्श निर्वाहन का विकल्प नहीं होता, लेकिन यहां प्रधानमंत्री के आसन के समक्ष खड़े होकर शोर मचाना, महिला सांसदों का आसन को घेर कर खड़े होना जैसे प्रसंग रोजमर्रा की कार्यवाही का हिस्सा बन रहे हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

प्रधानमंत्री के विरुद्ध किसी अनहोनी के संबंध में बिरला का रहस्योद्घाटन गंभीर प्रकृति का है। यह छोटी-मोटी घटना नहीं है। योजना बनाकर संसद की कार्यवाही को किसी भी रूप में प्रभावित करने की इच्छा भी खतरनाक है। यह सदन के विशेषाधिकार का भी उल्लंघन है। लोकसभा अध्यक्ष को घटना के सभी तथ्यों की जानकारी है, इसलिए ऐसे गंभीर मुद्दे पर विशेषाधिकार के अवमानना की कार्यवाही होनी चाहिए।

यद्यपि ब्रिटिश संसद को संसदीय मामलों में लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, लेकिन ब्रिटिश संसद के जन्म के बहुत पहले भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं थीं। लुडविग जैसे विद्वानों ने वैदिक काल में ही भारत की संसदीय संस्थाओं का उल्लेख किया है। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। अथर्ववेद में हैं। महाभारत में हैं। वैदिक साहित्य में सभा के सदस्य सभासद कहलाते थे, जो सभेय थे, सभा में सुंदर बोलते थे, वे सभ्य कहे जाते थे। उत्तर वैदिक काल और पुराणों के समय भिन्न-भिन्न जनहितकारी विषयों पर विचार गोष्ठियां होती थीं। भाषा में मधुरता थी। आचार और विचार मर्यादित थे, लेकिन आधुनिक भारत की संसद तमाम प्रतिभाओं के बावजूद मर्यादित रूप में नहीं चलती। संसदीय कार्यवाही प्रेरित नहीं करती। यह हताश और निराश करती है।

संविधान सभा की कार्यवाही लंबे समय तक चली थी। सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. आंबेडकर, कमलापति त्रिपाठी, विशंभर दयालु त्रिपाठी, मौलाना हसरत मोहानी, हरि विष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजरू, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे विद्वान सदस्य थे।

इस लंबी कार्यवाही में कहीं कोई कटुता नहीं दिखाई पड़ी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। संविधान सभा ने देश को एक राज व्यवस्था दी। राष्ट्रवादी मूल और आदर्श दिए, लेकिन आश्चर्य है कि ऐसी परंपराओं के उत्तराधिकारी होकर भी हम अपनी संसद को सुव्यवस्थित नहीं चला पा रहे हैं। दुर्भाग्य का विषय है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास नीतियों के स्तर पर कोई विकल्प नहीं है। शोर स्थाई भाव है।

सदन राष्ट्रीय विमर्श के संवैधानिक मंच हैं। विपक्ष को तथ्य और तर्क सहित चर्चा करनी चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि प्रश्नों का उद्देश्य क्या है? क्या लोकतंत्र की मजबूती हंगामे से ही संभव है? क्या शोर-शराबा और हंगामा ही बहस का उपकरण हो सकते हैं? लोकसभा के मंच से लगातार विपक्ष द्वारा यही कहा जा रहा है कि हंगामा हथियार हो गया है। विपक्ष के पास तथ्य नहीं है। विपक्ष को लगता है कि विपक्ष के पास तथ्य व तर्क से ज्यादा हंगामा और नारेबाजी के उपकरण ही हैं।

विपक्ष सरकार को घेरने के अलावा और किसी लक्ष्य से प्रेरित नहीं है। वह राष्ट्रीय आवश्यकता की रणनीति पर कम और हंगामा द्वारा राजनीतिक बढ़त लेने का हथियार ज्यादा है। सदन में अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर कम समय विपक्ष से अपेक्षा की जा सकती है कि वह उत्तरदायी बने। प्रश्न पूछे। विकल्प दे। सुझाव रखे। सरकार को जवाबदेह बनाए। विपक्ष का यह भी कर्तव्य है कि वह सदन को हंगामे का मंच न बनाए। वैकल्पिक विचार दे और संसदीय कार्यवाही को राष्ट्रहितैषी बनाए।

संप्रभुता अभद्र नहीं होती। संसद सर्वोच्च संप्रभु संस्था है। विधि निर्मात्री है, संविधान संशोधन के अधिकार से भी लैस है। राज्यों के विधानमंडल इसी की प्रतिछाया हैं, लेकिन संसद और विधानमंडल स्वयं अपनी बनाई कार्य संचालन नियमावली का अनुपालन नहीं करा पाते। राष्ट्र क्षुब्ध है।

# नई पीढ़ी में गेमिंग की लत छुड़वाने की चुनौती

पिछले ही सप्ताह भोपाल की छत्रसाल कॉलोनी के एक व्यवसायी के 8वीं क्लास में पढ़ने वाले इकलौते बेटे ने गेमिंग में फंसकर आत्महत्या की थी। घटना चर्चाओं में थी कि वैसा ही एक और मामला गाजियाबाद में घट गया। सिलसिलेवार तरीके से इस तरीके के केस रोजाना प्रकाश में आ ही रहे हैं। बीते 24 महीनों में करीब 180 घटनाएं देशभर में रिपोर्ट की गई हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है। कौन सी तरकीब अपनाई जाए, जिससे बच्चे फिर से गेमिंग के चुंगल से निकलकर अपने पारंपरिक देशी किस्म के खेलकूदों की ओर मुड़ जाएं। दरअसल, ऐसी जरूरत गाजियाबाद में तीन बहनों के सुसाइड के बाद और ज्यादा महसूस होने लगी है।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

क्यों मॉडर्न बच्चे मैदानी खेलों को छोड़कर मोबाइल गेमिंग जैसी आफतों में घुसते जा रहे हैं? ऐसे सवालों का उत्तर बिना देर किए सामुहिक स्तर पर समाज के प्रत्येक वर्गों को खोजना चाहिए। टीनएजर्स में गेमिंग की लत जानलेवा बीमारी जैसी हो गई है, जिसका ताजातरीन उदाहरण सामने है। कोरियन गेमिंग की आड़ में गाजियाबाद की तीन सगी नाबालिग बहनों ने 'लवर गेम टास्क' में खुद को फंसाकर मौत को गले लगाना पड़ा। उनके सुसाइड की खबर समाज में आग की तरह फैली हुई है। दरअसल तीनों बहनों ने मौत को जिस अंदाज से अपनाया उसने अभिभावकों को सबसे ज्यादा झकझोरा है। बच्चियों ने पिता के नाम चिट्ठी लिखकर मौत की वजह भी बताई। आठ पन्नों के सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी अधूरी चाहत की पूरी दास्तां को विस्तार से लिखी है। ऐसी-ऐसी वजहें लिखीं, जिन्हें पढ़-सुनकर समाज सोचने पर विवश हुआ है।

> बीते 24 महीनों में करीब 180 बच्चों के खुदकुशी के मामले देशभर में रिपोर्ट हुए हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है।

घटना की शुरुआती पड़तालें बताती हैं कि गेम की गिरफत में तीनों बहनें ऐसी जकड़ीं कि निकल ही नहीं पाईं, निकलने की तमाम नाकाम कोशिशें जरूर कीं, लेकिन दलदल में इतनी फंस चुकी थीं, वहां से निकला उनके लिए नामुकिन हो गया। अंत में तीनों ने नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त करना ही मुनासिब समझा। पुलिस घटना की तफ्तीश में है। मामला जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, नई-नई अचंभित करने वाली बातें सामने आ रही हैं। कुछ ऐसी भी बातें, जिन पर एकाएक विश्वास करना मुश्किल है।

पुलिस थ्योरी और पड़ोसियों की मानें तो तीनों लड़कियां लगातार गेम खेलती रहती थीं। ये बात अब तथ्यात्मक हो चुकी है कि ज्यादातर गेम साइको टाइप लत परोसने लगे हैं। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा अपनेपन का एहसास कराने की जरूरत है। एक बार जो इसकी गिरफ्त में फंसा, तो आसानी से छुटकारा नहीं पा सकता। इस झकझोर देने वाली घटना को ध्यान में रखकर ये समझना होगा कि आखिर कोरियाई कल्चर टीनएजर्स को क्यों लुभा रहा है? दरअसल, कोरियाई कल्चर की कुछ खासियतें हैं। उनका आधुनिक ड्रामा और के-पॉप प्यार और पारिवारिक भावनाएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उनके अपनेपन से लोग आसानी से उनसे जुड़ जाते हैं।

# आत्म विश्वास और विधि ही मुख्य है

मानव-प्रतिभा का विकास साधन सुविधाओं पर ही आधरित है यह सत्य नहीं है। मानव-प्रतिभा के विकास के लिए आत्म विश्वास और कार्य करने की सम्यक् विधि ये ही मुख्य आवश्यकता है। साधन सुविधाओं की आवश्यकता इनके बाद आती है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि अनेक साधन-सुविधाओं के उपरांत भी कई व्यक्ति अपना विकास नहीं कर पाते हैं और जिनके पास पर्याप्त साधन नहीं है फिर भी ये अपनी प्रतिभा का प्रर्याप्त विकास कर पाए और इतिहास बनाकर चले गए। इससे स्पष्ट हो गया कि साधन ही मुख्य नहीं है। आज देश में भारतीय प्रतिभा का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है, तो इसके लिये अधिकतर व्यक्ति साधनों के अभाव को दोष दे रहे हैं, किन्तु यह पूर्ण सत्य नहीं है।

मूल बात तो यह है कि भारतीय जन जीवन में जो विकृतियां इन दिनों व्याप्त हो रही हैं, उनमें ही एक विकृति अपनी विचार विपन्नता की है। अक्सर सुना जाता है कि हम भी बहुत कुछ कर लेते, किंतु हमारे पास साधन नहीं हैं। आलस्य और प्रमाद एक बहाना चाहता है। साधन के अभाव का बहाना आसानी से मिल जाता है। अतः उसे दुहराते रहेंगे और अपने विकास को कुंठित करते रहेंगे।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

देश-विदेश के आविष्कारों और श्रेष्ठ आदर्शों का अध्ययन करें, तो यही स्पष्ट होता है कि जितने भी आविष्कार हुए या जो महत्वपूर्ण कार्य हुए, वे अभावों के बीच हुए। साधन संपन्नता से नव सर्जन के द्वार बंद ही हुए हैं खुले नहीं, हां अभावों में अवश्य विकास की किरण जगती हुई दिखाई दी है।

मानव के पास अपना मस्तिष्क और अपनी देह है। ये ही अनमोल सिद्धियां हैं। ये उपलब्ध हैं तो फिर अन्य साधनों का क्या? वे तो मिले या न मिले। मस्तिष्क स्वस्तः मानव के विकास का मार्ग प्रशस्त कर देता है। करोड़ों का घन भी जो सफलता नहीं दे सकता, मस्तिष्क वह सफलता प्रदान कर ही देता है। अपने मस्तिष्क में विकृत विचार न हों और सम्यक् कार्य विधि हों तो बढ़ते हुए प्रगति चरण कोई नहीं रोक सकता। आत्मविश्वास बड़ी चीज है। धैर्य और दक्षता के साथ अपने कदम बढ़ाएं तो साधन अनायास ही सामने उपस्थित रहेंगे।

हम जो मन में आया उसे तत्काल पूर्णता पूर्वक पा लेना चाहते हैं। भावनाओं का तीव्र ज्वार उमड़ता है अभिष्ट को पा लेने को, किंतु क्या उसी समय वह सब कुछ मिल पाता है? स्पष्ट है अभिष्ट तो उपलब्ध नहीं होता, किंतु निराशाएं अवश्य हाथ लगती हैं। वह निराशा जीवन को उत्साह हीन और भंद बना देती है।

आज अनेक व्यक्ति असफलता की कुंठा से ग्रस्त हैं। वे निराश हैं उन्हें कुछ करना सूझता नहीं। उन्हें चाहिए कि वे अपने कार्यों में ढूंढे कि कमी कहां रही। वह देखें और अपना प्रयास फिर शुरू करें। सारी कमियों को दूर कर उत्साहपूर्वक अपने प्रयास करते रहें। सफलता आपके चरण चूमने लगेगी। निराशा और पैर्यहीनता जीवन के सबसे बड़े दोष हैं। ये मानव को भीतर से पंगु बना देते हैं। अतः इन दोषों से अपने आप को बचा लेना चाहिए। कठिन से कठिन प्रसंग में भी हम धैर्य रख सकें यह एक महान बात होगी।

# बलूचिस्तान के विद्रोह में महिला फिदायीन

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। बलूचिस्तान लिबरेशन अर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ 31 जनवरी से शुरू किए गए हेरोफ फेज-2 में 200 से अधिक पाक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और 17 को कब्जे में भी ले लिया है। इस आपरेशन की मुख्य उपलब्धि दो आत्मघाती विद्रोही बालाओं की हैरतअंगेज कहानी सामने आई है। इनमें 21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने जहां सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में स्थित आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया। इसे बलूचिस्तान में दो दशकों का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। बीएलए ने इस घटनाक्रम के सत्यापन के लिए हवा बलोच का एक वीडियो भी जारी किया है, जो उनके द्वारा किए हमले से ठीक 12 घंटे पहले का बताया गया है। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन हमलों में महिला लड़ाकों की उपस्थिति की पुष्टि की है।

> 21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया।

बलूचिस्तान में यह संकट खुद पाकिस्तान की नाकामियों का नतीजा है। महिला आत्मघाती हमले जता रहे हैं कि अब विद्रोहियों ने मर-मिटने की कसम खा ली है। चूंकि पाकिस्तान के पास इन विद्रोहियों से मुकाबला करने का पर्याप्त साहस नहीं है, इसलिए वे हमलों के पीछे भारत का हाथ बताकर भारत विरोधी झूठा नैरेटिव पाकिस्तान से लेकर विदेशी मंचों पर भी गढ़ रहा है। यह खीज उसकी असहायता दर्शाती है। पाकिस्तान के इस झूठ के दुराचरण से दुनिया परिचित है, इसलिए सब जानते हैं कि पाक के ये षड़यंत्रकारी प्रपंच और नापाक इरादे हैं, इसलिए उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिल पा रहा है। पाकिस्तान इस तरह के आडंबर इसलिए भी रचता है, क्योंकि वह अनेक आंतरिक चुनौतियों से झूझ रहा है। अर्थव्यवस्था चौपट है और गरीबी सुरसामुख की तरह बढ़ रही है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

अफगानिस्तान भी सीमाई क्षेत्रों में पाक के लिए संकट का सबब बना हुआ है, जबकि वह इस्लामिक देश है। अफगानिस्तान पाक के विरुद्ध इसलिए है, क्योंकि अफगानिस्तान पर सैन्य हमलों के लिए अमेरिका के लिए जगह पाकिस्तान ही देता रहा है। अतएव अफगानियों के साथ-साथ बलूच पाक के लिए जानलेवा नासूर साबित हो रहे हैं, इसलिए विश्व मंचों पर उठाए सवालों के प्रतिउत्तर में भारत ने कह दिया है कि पाक अपनी आंतरिक विफलताओं को भारत पर न थोपे। उसे अब लंबे समय से चली आ रही अपने नागरिकों की मांगों का समाधान करना होगा। भारत को किसी भी स्तर पर उसकी नापाक इच्छा कभी भी पूरी नहीं होगी।


दरअसल पाकिस्तान अपने गिरेबान में झांकने के बजाय भारत पर आरोप मढ़ने में लगा रहता है, जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लश्कर-ए-तैयबा और आईएसकेपी जैसे आतंकी संगठनों को बीएलए के खिलाफ खड़ा किया गया है। लश्कर-ए-तैयबा भारत पर भी अनेक आतंकी हमलों में शामिल रहा है, लेकिन भारत तो छोड़िए बलूच में भी पाक सेना बलूच विद्रोहियों के विरुद्ध कमजोर पड़ रही है। इस कारण सरकार और सेना दोनों ही हताश है। विदेशी मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि बीएलए वास्तव में अब एक जन आंदोलन के रूप में दिखाई दे रहा है, जिससे मुकाबला करना सरकार और सेना के लिए कठिन हो रहा है।

बलूचिस्तान के सामाजिक कार्यकर्ता जिब्रान नासिर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करके पाक सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा है कि 'बलूचिस्तान जल रहा है और पाक जिम्मेदारी से बचने की मानसिकता के चलते यहां हालात और खराब कर रहा है। पाक को बलपूर्वक शांति स्थापित करने की बजाय बातचीत पर जोर देना चाहिए।' पाक की इस बर्बरतापूर्ण मानसिकता के चलते प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अनुसार पाकिस्तान में इस साल 28 प्रतिशत आतंकी हमले बढ़े हैं और इस साल जनवरी माह में ही इन हमलों से होने वाली मौतों का प्रतिशत 43 बढ़ गया है।

पाक की पीआईसीएसएस रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में कुल 361 लोग मारे गए हैं, जिनमें 242 आतंकवादी, 73 नागरिक और 46 सेना के जवान हैं। जबकि बीएलए का दावा है कि आपरेशन हेरोफ के दूसरे चरण में बलूच विद्रोहियों ने पाक सेना के 310 सैनिक मार दिए हैं।

# जब मृत्यु शैया पर लेटे भीष्म पितामह के ज्ञान देने पर हंस पड़ीं द्रौपदी

जीवन में कभी-कभी ऐसी स्थिति आ जाती है, जब यह तय करने में कठिनाई होती है कि क्या किया जाए, क्या न किया जाए? इसे असमंजस का भाव कहा जाएगा। महाभारत में दो नाम ऐसे आते हैं, जिन्हें असमंजस की स्थिति से गुजरना पड़ा था। पहला नाम भीष्म पितामह का लिया जाता है। भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण दुर्योधन कर रहा था, लेकिन भीष्म पितामह इस अपमानजनक घटना पर बोल नहीं पा रहे थे।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

असमंजस की हालत का बयान तब उन्होंने किया जब वे शरशय्या पर लेटे थे और श्रीकृष्ण के साथ पांचों पांडव तथा द्रौपदी उनके पास पहुंचे और भीष्म ज्ञान देने लगे, तो द्रौपदी हंस पड़ी। इस पर भीष्म ने हंसने का कारण पूछा तो द्रौपदी ने कहा, 'जब चीरहरण हो रहा था, तब आपका ज्ञान कहां चला गया था?' इस पर भीष्म ने उत्तर दिया, 'द्रौपदी उन दिनों मैं दुर्योधन का अन्न खाता रहा, जिससे दूषित रक्त बन रहा था। जब अर्जुन ने अपने वाणों से उस रक्त को बाहर कर दिया, तब मैं यह ज्ञान दे रहा हूं।


इसी तरह असमंजस युद्ध के मैदान में अर्जुन को भी हो गया था। अपने ही परिवार का वध करने से अर्जुन बचना चाह रहे थे, लेकिन अर्जुन के इस असमंजस की स्थिति को श्रीकृष्ण ने अपने उपदेशों के जरिए खत्म किया और युद्ध के लिए तैयार किया।

इन घटनाओं को लौकिक जीवन में भी देखने को मिलता है। भीष्म पितामह की तरह बड़े-बड़े ओहदे पर बैठे लोग अपने स्वार्थ में गलत को भी सही मानने के लिए मजबूर हो जाते हैं और जब कभी संकट में पड़ते हैं तब अपने बचाव में यही कहते हैं कि उन पर बहुत प्रेशर पड़ रहा था कि गलत को भी सही कहा जाए। यह स्थिति स्वीकार करने योग्य नहीं होती कि प्रेशर में 'हां में हां' मिलाना पड़ रहा था। सचाई तो यह है कि जब कभी अंतरात्मा से आवाज़ उठे कि क्या गलत है और क्या सही, तभी निर्णय लेकर अलग हो जाना चाहिए।

इसी तरह अर्जुन का असमंजस में पड़ना उचित इसलिए नहीं था, क्योंकि यदि अर्जुन युद्ध के मैदान से अलग हो जाते तो समाज व्याप्त दुर्योधन की बुराई समाप्त न होती। लौकिक जीवन में भी यदि कोई अपराध करता है तो उसे अपना समझ कर छोड़ा नहीं जा सकता। उसे दंड देना ही पड़ता है।

# सेब से खेजड़ी तक: विकास बनाम पर्यावरण की एक सी लड़ाई

केंद्र सरकार ने हाल ही में कश्मीर में प्रस्तावित तीन रेलवे परियोजनाओं पर रोक लगाकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। यह फैसला सेब के बागों को बचाने के लिए लिया गया है, जिन पर इन रेल लाइनों के निर्माण से सीधा खतरा मंडरा रहा था। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय है, बल्कि उन किसानों के लिए भी बड़ी राहत है, जिनकी आजीविका सेब के बागों पर निर्भर है।



प्रस्तावित रेलवे लाइनों के कारण पुलवामा, शोपिया और अनंतनाग जैसे इलाकों में सेब के हजारों पेड़ों के कटने की आशंका थी। ये इलाके कश्मीर के सेब उत्पादन का केंद्र हैं और वहां की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। बीते एक साल से किसान इस डर में जी रहे थे कि विकास के नाम पर उनकी जमीन और रोजगार छिन जाएगा। इसी आशंका के चलते किसानों ने विरोध प्रदर्शन भी किए और सरकार से इन परियोजनाओं को रद्द करने की मांग की। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों की सिफारिश पर इन परियोजनाओं को रोका गया है, ताकि बागों को नुकसान से बचाया जा सके। यह निर्णय इस बात की मिसाल है कि यदि सरकार चाहे, तो वह विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना सकती है। पर बड़ा सवाल यह है कि क्या यही संवेदनशीलता देश के अन्य हिस्सों में भी दिखाई जा रही है?



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

इस सवाल के जवाब में राजस्थान के बीकानेर में चल रहा 'खेजड़ी बचाओ-प्रकृति बचाओ' आंदोलन ध्यान खींचता है। यह आंदोलन राजस्थान में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के नाम पर हो रही पर्यावरणीय क्षति के विरोध में खड़ा हुआ है। इस आंदोलन के तहत पर्यावरण संघर्ष समिति ने बीकानेर में तीन दिन पहले महापड़ाव डाला है। महापड़ाव स्थल पर आमरण अनशन पर पहले 363 पर्यावरण प्रेमी बैठे, जिनकी संख्या बाद में 450 हो गई। इनमें 29 संत, एक साध्वी और 68 महिलाएं हैं। अनशन पर 18 के युवा से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग बैठे हुए हैं। तीसरे दिन आमरण अनशन पर बैठे 17 अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ गई। तीन को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाना पड़ा। अब अनशन स्थल पर 75 बेड के दो अस्थायी अस्पताल बनाए गए हैं। यह आंदोलन राजस्थान में खेजड़ी बचाने किया जा रहा है। अनशनकारियों की बिगड़ती तबीयत और अस्थाई अस्पतालों की व्यवस्था इस आंदोलन की गंभीरता को दर्शाती है।

राजस्थान आज देश में सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। सरकार और कंपनियों का दावा है कि इससे भविष्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी और देश का ऊर्जा परिदृश्य बदलेगा, लेकिन इस विकास की कीमत क्या है, इस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राजस्थान में पिछले एक दशक में लाखों पेड़ काटे गए हैं। इनमें खेजड़ी जैसे पारंपरिक और जीवनदायी वृक्ष भी शामिल हैं। खेजड़ी को राजस्थान में 'कल्प वृक्ष' का दर्जा प्राप्त है। यह न केवल मरुस्थलीय पर्यावरण को संतुलन देता है, बल्कि इससे सांगरी जैसी सब्जी, पशुओं के लिए चारा और ग्रामीण समुदाय की आजीविका भी जुड़ी हुई है। जन्म से मृत्यु तक के सामाजिक संस्कारों में भी खेजड़ी की मौजूदगी अपरिहार्य है।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रो. अनिल छंगाणी की स्टडी में यह तथ्य उजागर हुआ है कि सोलर लगाने के लिए 10 साल में 50 लाख पेड़ काटे जा चुके हैं। इनमें खेजड़ी, बेर, केर, रोहिड़ा, बबूल आदि शामिल हैं। अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि सौर प्लांटों के आसपास का तापमान औसतन 4-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पेड़ों की कटाई से कीट-पतंगों, मधुमक्खियों, पक्षियों और अन्य जीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं। गोंद और चारे की उपलब्धता घट रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## समावेशी वृद्धि को दिशा देने वाला बजट : नीति आयोग

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा कि केंद्रीय बजट कौशल विकास पर जोर देते हुए निरंतर, तेज और समावेशी वृद्धि को दिशा देगा। विरमानी ने जोर दिया कि भविष्य में कौशल विकास और सेवा क्षेत्र देश की तस्वीर बदल देंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपाय, वैश्विक डेटा केंद्रों के लिए दीर्घकालिक कर प्रोत्साहन और कृषि व पर्यटन के लिए समर्थन की घोषणा की गई थी।

# 44 अरब डॉलर के अमेरिकी निर्यात पर लगेगा शून्य शुल्क

## द्विपक्षीय समझौते के पहले चरण पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद

- दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर करेंगे आयात शुल्क कम
- केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा- शुल्क में कमी से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के तहत अमेरिका को होने वाले लगभग 44 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर शून्य जवाबी शुल्क लगेगा। इस समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत और अमेरिका ने घोषणा की है कि वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। इसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को मौजूदा 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं।

गोयल ने कहा कि 44 अरब डॉलर मूल्य का भारतीय निर्यात अमेरिका को शून्य जवाबी शुल्क पर जाएगा। जहां 30 अरब डॉलर मूल्य की भारतीय वस्तुओं पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा (जिसमें श्रम-प्रधान क्षेत्रों की वस्तुएं शामिल हैं), वहीं 12 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं (इस्पात, तांबा और कुछ वाहन घटक सहित) के शुल्क में कोई बदलाव नहीं होगा। इस्पात, एल्युमीनियम, तांबा और वाहन घटक पर ये शुल्क सभी देशों पर समान रूप से लागू होते हैं। इसलिए ये केवल भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित नहीं करते हैं। इन उत्पादों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क लगता है।



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी देते केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, साथ में अन्य लोग।

### अंतरिम को जल्द बदलेंगे बीटीए में

गोयल ने कहा कि शुल्क में कमी से कपड़ा, परिधान, चमड़ा और जूते-चप्पल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा। जिस अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, उसे जल्द ही हमारे संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त में बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक बहुत ही निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित समझौते पर पहुंचे हैं, जो भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। एक कार्यकारी आदेश के जरिये अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। यह आदेश जल्द ही आ सकता है।

### कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क

गोयल ने कहा कि जेनेरिक दवा, विमान के पुर्जों, वाहन घटक आदि जैसे कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क दिया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भारतीय निर्यात के लिए व्यापक संभावनाएं खुलेंगी। यह समझौता एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, युवाओं, महिलाओं और भारत के प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसर प्रदान करेगा। इससे किसानों और मछुआरों को अमेरिकी बाजार में अपनी उपज की बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी और भविष्य में कपड़ा और परिधान, रत्न और आभूषण, मशीनरी के पुर्जे, खिलौने, चमड़ा और जूते-चप्पल, घरेलू सजावट, स्मार्टफोन और कृषि के कई क्षेत्रों में भारी वृद्धि होगी।

### अमेरिकी बाइक पर शून्य शुल्क, डेविडसन को होगा लाभ

भारत समझौते के तहत 800-1,600 सीसी और उससे अधिक इंजन क्षमता वाली अमेरिकी बाइकों के लिए शून्य-शुल्क पहुंच देगा। एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम से प्रतिष्ठित अमेरिकी ब्रांड हार्ले-डेविडसन को फायदा होगा। पिछले साल सरकार ने पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आयातित 1,600 सीसी तक क्षमता वाली बाइकों पर आयात शुल्क को 50 से घटाकर 40% किया था। दूसरी ओर 1,600 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइकों के लिए शुल्क 50 से घटाकर 30% किया गया था। अधिकारी ने कहा कि शुल्क समाप्ति समझौते के लागू होने के दिन से प्रभावी होगी। भारत हाई-एंड प्रीमियम बाइक के लिए छोटा बाजार है और इस खंड में अमेरिका की हिस्सेदारी बहुत कम है। हीरो मोटोकॉर्प और हार्ले-डेविडसन ने अक्टूबर 2020 में भारतीय बाजार के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत हीरो मोटोकॉर्प को देश में हार्ले-डेविडसन ब्रांड के तहत प्रीमियम बाइकों की श्रृंखला विकसित करने और बेचने की जिम्मेदारी दी गई थी। उसे सर्विस और पुर्जों का ध्यान रखने का भी काम सौंपा गया है।

### बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों का बड़ा खरीदार, समझौते से उत्साहित

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका स्थित बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों की बड़ी खरीदार है। अमेरिकी कंपनी भारत को घटकों के लिए सबसे बड़े विदेशी मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) आधार के रूप में देख रही है। भारत के साथ समझौते के तहत अमेरिका कुछ विमानों और विमान के कलपुर्जों पर शुल्क हटाने पर सहमत है। गोयल ने कहा, बोइंग और एयरबस पहले से ही भारत से विमान के कलपुर्जों के बड़े खरीदार हैं, दोनों कंपनियां साझेदारी से उत्साहित है। भारत विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग के लिए प्रमुख बाजार है और देश में इसके 265 से अधिक वाणिज्यिक और सैन्य विमान हैं। कंपनी के पास 325 से अधिक आपूर्तिकर्ता हैं और देश से इसकी वार्षिक खरीद 1.25 अरब डॉलर की है। इस राशि में कलपुर्जे और सेवाएं शामिल हैं। इसी तरह, एयरबस का लक्ष्य भी 2030 तक भारत से घटकों और सेवाओं की अपनी खरीद को बढ़ाकर दो अरब डॉलर करना है। वर्तमान में यह लगभग 1.4 अरब डॉलर है।

#### भारत-अमेरिका का समझौता अवसर पैदा करेगा: बोइंग

विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने कहा कि भारत-अमेरिका समझौता कई अवसर पैदा करेगा। कंपनी ने हमेशा एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए जीरो-फॉर-जीरो शुल्क दृष्टिकोण की वकालत की है। बोइंग इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि यह समझौता कई गुना अवसर खोलता है। यह सौदा उस सिद्धांत को विस्तार देने को गति प्रदान करता है, जिससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी और दोनों देशों के लिए लाभ की स्थिति पैदा होगी। बोइंग ने एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए शून्य टैरिफ का समर्थन किया है क्योंकि यात्रा, कनेक्टिविटी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ता है।

### संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों पर अमेरिका को रियायत नहीं

भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया गया है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा पर सहमत होने की घोषणा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर कहा कि यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को संरक्षित किया गया है। इन वस्तुओं का संबंध भारत के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने से इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।



उन्होंने कहा कि सभी व्यापार वार्ताओं में किसानों के हित सर्वोपरि हैं और मोदी सरकार किसानों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एफटीए में भी कृषि और डेयरी उत्पादों पर आयात शुल्क रियायत नहीं

गोयल ने कहा कि रूपरेखा के माध्यम से भारतीय वस्तुओं के लिए तरजीही पहुंच सुनिश्चित करते हुए, अनाज, फल, सब्जी, मसाले, तिलहन, डेयरी, मुर्गी पालन और मांस सहित कई अन्य संवेदनशील कृषि क्षेत्र को लेकर कोई रियायत नहीं दी गई है। भारत ने अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों पर किसी तरह की आयात शुल्क रियायत नहीं दी है। हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। ऐसे व्यापार समझौतों के तहत, कुछ क्षेत्रों में आयात शुल्क को समझौता लागू होने के दिन ही समाप्त कर दिया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में इसे धीरे-धीरे कम किया जाता है। कुछ क्षेत्रों में शुल्क घटाया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कोटा आधारित रियायतें प्रदान की जाती हैं। भारत ने हमेशा से ही डेयरी, चावल, गेहूं, मांस, पॉल्ट्री, अनाज, आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य पदार्थ, सोयामील और मक्का जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को अपने व्यापार समझौतों के दायरे से बाहर रखा है। कृषि और पशुपालन जैसी संबद्ध गतिविधियां भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, जहां कृषि अत्यधिक मशीनीकृत और कॉरपोरेट क्षेत्र के रूप में है, भारत में यह एक बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स, आईपी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : वैष्णव

बेंगलुरु, एजेंसी

अमेरिका और भारत के बीच शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स और बौद्धिक संपदा (आईपी) से संबंधित मामलों पर अमेरिका के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया गया है। इसमें विशेष रूप से अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी बाधाओं का उल्लेख है।



- अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और आईसीटी वस्तुओं के व्यापार की बाधाओं को दूर करने का आह्वान

बयान के प्रभाव और इसके अपेक्षित असर पर वैष्णव ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इस पर विवरण साझा करने वाला नोडल निकाय है, लेकिन जहां तक इलेक्ट्रॉनिक्स का सवाल है, भारत चर्चा में गहराई से शामिल है। मंत्री ने कहा कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स और आईपी के मोर्चे पर जुड़े हुए हैं। हम सह-विकास और सह-निर्माण में विश्वास करते हैं। हम आईपी का सम्मान करने में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि नए उत्पादों, नए विचारों और नई प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत के पास पूरी दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है और यह यात्रा बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही है। समझौते के लागू होने के छह महीने के भीतर इस बात पर सकारात्मक परिणाम के लिए काम किया जाएगा कि क्या अमेरिकी मानकों या अंतर्राष्ट्रीय मानकों (परीक्षण आवश्यकताओं सहित) को भारतीय बाजार में अमेरिकी निर्यात के उद्देश्यों के लिए स्वीकार किया जा सकता है। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और डेटा सेंटर में उपयोग होने वाली वस्तुओं सहित प्रौद्योगिकी उत्पादों के व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे।

## बिजनेस ब्रीफ

### आरसीपीएल ने जीजीजी में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया स्थित गुडनेस ग्रुप ग्लोबल (जीजीजी) में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की। इस सौदे में बेटर-फॉर-यू पेय व्यवसाय शामिल है, जिसके जरिये आरसीपीएल को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में प्रवेश करने और विदेशी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत, आरसीपीएल भारत सहित नए बाजारों में गुडनेस ग्रुप के प्रमुख स्वास्थ्यवर्धक पेय ब्रांड जैसे नेक्सबा और पेस को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कंपनी ने इस अधिग्रहण की राशि और हिस्सेदारी के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है। यह स्वास्थ्य आधारित पेय पोर्टफोलियो विकसित करने के आरसीपीएल के प्रयासों को और मजबूत करती है।

### एसबीआई का लाभ रिकॉर्ड 21,028 करोड़

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए, जिसके अनुसार बैंक का एकल लाभ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर 21,028 करोड़ रहा। शेयर बाजार के मुताबिक एकीकृत आधार पर सार्वजनिक बैंक का लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़ा है। एकल ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रहा। ऋण में 15.14 प्रतिशत की वृद्धि से इसे समर्थन मिला, हालांकि घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.03 प्रतिशत घटकर 3.12 प्रतिशत रह गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की गैर-ब्याज आय 15.65 प्रतिशत बढ़कर 8,404 करोड़ रुपये रही।

### फिक्स्ड नेटवर्क को नोकिया का केंद्र शुरू

**चेन्नई।** नोकिया ने तमिलनाडु में फिक्स्ड नेटवर्क के लिए दुनिया का अपना सबसे बड़ा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र खोला है, जो दूरसंचार क्षेत्र में राज्य के नेतृत्व को और मजबूत करता है। राज्य के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि फिनलैंड की दिग्गज दूरसंचार कंपनी का यह विस्तार अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अमेरिका यात्रा के दौरान तमिलनाडु सरकार के साथ हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का परिणाम है। राजा ने पोस्ट कर बताया कि फिक्स्ड नेटवर्क के लिए नोकिया के दुनिया के सबसे बड़े आरएंडडी केंद्र का स्वागत करें।



# भारत-अमेरिका समझौते पर भाजपा-कांग्रेस में ठनी

## देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है कांग्रेस : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के लिए काफी लाभकारी होगा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह हमेशा देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस के बयान के बाद आई है।



- जयराम रमेश की टिप्पणी पर किया पलटवार

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने जयराम रमेश की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर समझौता करने वाले के रूप में उभरते देखकर कांग्रेस असहज है। भंडारी ने एक्स पर सवाल किया कि कांग्रेस भारत के लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और अर्थव्यवस्था के विकास का हमेशा विरोध क्यों करती है? कांग्रेस यह पचा नहीं पा रही है कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने यूरोपीय संघ और अब अमेरिका के साथ बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे हमारे किसानों, निर्यातकों और एमएसएमई के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक अवसर पैदा हुआ है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह समझौता देश की महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तैयार की है। ये कदम भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा को मजबूत करते हैं, मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हैं और वस्त्र एवं चमड़ा से लेकर रसायन, मशीनरी और हस्तशिल्प उत्पादों तक के क्षेत्रों के लिए अवसरों का विस्तार करते हैं। भारत के संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों को दी सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वैश्विक व्यापार के बावजूद किसानों के हितों और ग्रामीण आजीविका की रक्षा हो।

## समझौता दबाव में, मोदी ने कर दिया समर्पण : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार दावा किया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं हुआ, बल्कि अमेरिका का लाभ हुआ है क्योंकि यह समझौता दबाव में किया गया और प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पण कर दिया।



- कांग्रेस का दावा- व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नमस्ते ट्रंप, हाउडी मोदी पर भारी पड़ गया है। नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत एवं अमेरिका के रिश्तों से जुड़े दो बड़े राजनीतिक-कूटनीतिक कार्यक्रम थे,जिनका आयोजन क्रमशः अहमदाबाद और ह्यूस्टन में हुआ था। रमेश ने कहा कि अभी तक इस समझौते के विवरण घोषित नहीं किए गए हैं, उनके बारे में शायद आने वाले कुछ महीनों में बताया जाए। लेकिन जो संयुक्त बयान जारी हुआ है, उससे कुछ बातें बिल्कुल साफ़ हैं। पहली, हम अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म करेंगे या कम करेंगे। यह साफ़ तौर पर अमेरिकी किसानों के लिए फ़ायदे की बात है, भारतीय किसानों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि दूसरी बात, जो बिल्कुल स्पष्ट है, वह यह है कि हम रूसी तेल का आयात बंद करने जा रहे हैं और अलग से अमेरिकी सरकार ने यह भी ऐलान कर दिया है कि अगर हम रूस से सीधे या परोक्ष रूप से तेल आयात करते हैं, तब भी हम पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा। रमेश ने एक्स पर व्हाइट हाउस के एक बयान का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए पोस्ट किया, अमेरिका अब इस पर नजर रखेगा कि भारत रूस से तेल आयात कर रहा है या नहीं।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के समक्ष समर्पण कर दिया है। भारत अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं।

## संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता : भागवत

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के खिलाफ नहीं है और ना ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है। भागवत ने जनसभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उभरी विभिन्न विचारधाराओं का उल्लेख किया, जिनका प्रतिनिधित्व राजा राम मोहन रॉय, स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती सहित सुधारकों और नेताओं ने किया।

उन्होंने कहा कि हालांकि यह देखा जा रहा है कि समाज को दिशा देने और अनुकूल वातावरण बनाने का काम नहीं हो रहा है। भागवत ने कहा कि आरएसएस का मुख्य उद्देश्य देश में जारी सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना है। संघ कोई अर्धसैनिक बल नहीं है, भले ही वह नियमित पथ संचलन करता है और उसके स्वयंसेवक लाठी चलाते हैं, लेकिन इसे एक अखाड़े के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। आरएसएस राजनीति में भी शामिल नहीं है, हालांकि संघ से जुड़े कुछ लोग राजनीतिक जीवन में सक्रिय हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 1925 में आरएसएस की स्थापना से पहले के देश की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एक सुरक्षा वाल्व के रूप में स्थापित किया, लेकिन भारतीयों ने इसे स्वतंत्रता संग्राम का शक्तिशाली साधन बना दिया। भागवत ने आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का उल्लेख करते हुए उनके बचपन की कठिन परिस्थितियों का वर्णन किया, जिसमें 13 वर्ष की उम्र में प्लेग से माता-पिता का निधन और उसके बाद हुई आर्थिक कठिनाइयां शामिल थीं। भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें उनके स्कूल के दिनों में वंदे मातरम् आंदोलन भी शामिल था। भागवत ने कहा कि जब उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, तो नागपुर के कुछ लोगों ने उन्हें मेडिकल की पढ़ाई के लिए कोलकाता भेजने हेतु धन जुटाया, जहां वह क्रांतिकारी समूहों के सम्पर्क में आये।



- आरएसएस प्रमुख बोले- संघ का उद्देश्य सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना

भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने कोकेन नाम के कोडनेम से काम किया, जो कोकेनचंद्र नामक व्यक्ति से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि एक बार पुलिस की टीम, जो कोकेनचंद्र को गिरफ्तार करने आई थी, गलतफहमी में हेडगेवार को ही हिरासत में ले गई और यह घटना रास बिहारी बोस की किताब में दर्ज है।

## केंद्र विकसित-समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : शाह

जम्मू, एजेंसी

- जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने की दी सलाह
- केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, और केंद्र शासित प्रदेश में जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। लोक भवन में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एक विकसित और समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के दृष्टिकोण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

अधिकारियों ने बताया कि दो घंटे की बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल दुल्लू और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात शामिल थे। गृह मंत्री ने कहा कि विकास को गति देने के लिए केंद्र के निरंतर और समर्पित प्रयासों से, जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं ने अभूतपूर्व प्रगति की है। जम्मू-कश्मीर को अपनी जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता विकसित करने की जरूरत है। शाह बृहस्पतिवार देर रात जम्मू पहुंचे और शुक्रवार को उन्होंने कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुरनाम एवं बोबियान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की अग्रिम चौकियों का दौरा किया।कठुआ से लौटने पर शाह ने सुरक्षा समीक्षा बैठक की, जिसमें अन्य लोगों के अलावा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी थे और बैठक का उद्देश्य जम्मू कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना था। परियोजनाओं पर बैठक के दौरान, शाह ने सड़क बुनियादी ढांचे, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4जी और ऑप्टिकल-फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों की व्यापक समीक्षा की।

## बाइक सवार की मौत के मामले में उप-ठेकेदार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत के मामले में एक उप-ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि उप-ठेकेदार राजेश प्रजापति को दुर्घटना की सूचना कई घंटे पहले दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की।

- डीजेबी के खोदे गड्ढे में गिरकर गई युवक की जान, दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई


जांच के अनुसार, उसी दरमियानी रात को इलाके से गुजर रहे परिवार ने देखा कि कमल (25) संभवतः गड्ढे में गिरा है। उन्होंने घटनास्थल पर तैनात सुरक्षा गार्ड और पास के तंबू में रहने वाले व्यक्ति को सूचना दी। प्रजापति द्वारा नियुक्त सुरक्षा गार्ड ने उसी रात कनिष्ठ कर्मचारी को सूचित किया कि एक व्यक्ति गड्ढे में गिरा है। कनिष्ठ कर्मचारी ने प्रजापति को मौके पर बुलाया। प्रजापति ने गड्ढे में बाइक और व्यक्ति को देखा, लेकिन उसने किसी को सूचित नहीं किया और घर चला गया। कैलाशपुरी निवासी और निजी बैंक के कर्मचारी कमल ध्यानी जब घर लौट रहे थे तभी वह सीवर पाइपलाइन परियोजना के लिए खोदे गए 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गए और मौत हो गई।

## संसद को मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है सरकार : रीजीजू

पटना, एजेंसी

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सरकार डरने वाली नहीं है, लेकिन वह टकराव और हंगामे की राजनीति भी नहीं चाहती। सरकार संसद को शांतिपूर्ण और मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है। रीजीजू ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में यह टिप्पणी की।

लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बोलने देने से जुड़े सवाल पर रीजीजू ने कहा कि सरकार चाहती तो मार्शलों के जरिये सदन से सदस्यों को बाहर कराकर प्रस्ताव पारित करवा सकती थी, लेकिन वह सभी का सम्मान करती है। हम टकराव नहीं, बल्कि संवाद और मर्यादा के साथ संसद की कार्यवाही चलाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में कांग्रेस के 40-50 सांसद पहुंचे थे और वहां अनर्गल बातें कही थीं। रीजीजू ने बताया कि वह स्वयं वहां मौजूद थे, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई, क्योंकि सरकार शांति की पक्षधर है। कांग्रेस सांसदों की टिप्पणियों के बाद लोस अध्यक्ष ने एहतियाती कदम उठाया और प्रधानमंत्री से लोस की बजाय रास में बोलने का अनुरोध किया गया।



### बहस लोकतंत्र का हिस्सा, मर्यादा बनी रहनी चाहिए : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि बहस और चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन सदन की मर्यादा हर हाल में बनाए रखी जानी चाहिए। बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस पर विधानमंडल के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में बिरला ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। विधानसभा और संसद के सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का विशेषाधिकार है। उन्हें अपने विचार साझा करने चाहिए, लेकिन ऐसा करते समय गरिमा बनाए रखनी होगी।

## कर्नल सोफिया पर टिप्पणियों के लिए मंत्री शाह ने फिर मांगी माफी

**इंदौर।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के विवाद से घिरे मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री विजय शाह ने शनिवार को एक बार फिर माफी मांगी और कहा कि विवादास्पद बयान के पीछे उनका मकसद किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग के अपमान का कतई नहीं था।

शाह ने कहा कि मैंने कई बार कहा है और आज फिर दोहरा रहा हूं कि मेरे बयान के पीछे ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि इससे किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग का अपमान हो। निस्संदेह मेरे शब्द मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। ये शब्द देशभक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे।

# रूस से तेल की खरीद पर भारत अपने पहले के रुख पर कायम

- देशवासियों की ऊर्जा जरूरतें पूरी करना सरकार की प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

भारत का यह बयान अमेरिका द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में उस पर लगाये गये 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क को हटाने के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है, सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### तेल क्रय बंद करने का अमेरिकी दावा

उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद से अमेरिका कहता रहा है कि भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क शनिवार को हटा लिया। ट्रंप ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि भारत ने रूसी संघ से तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# हर तरफ खूनी गड्ढे

### मौत के मुहाने पर बैठे हैं नागरिक

दिल्ली और उससे सटे हाई-टेक शहर नोएडा में पिछले कुछ दिनों में हुई दो घटनाओं ने विकास की चमक के पीछे छिपे मौत के अंधेरे को उजागर कर दिया है। नोएडा में एक होनहार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जलभराव वाले गड्ढे में डूबने से मौत हो गई, तो वहीं दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदे गए एक खुले गड्ढे ने बाइक सवार बैंक कर्मचारी की जान ले ली। जनकपुरी की घटना में ठेकेदार की ओर से सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। ये मौतें महज दुर्घटना नहीं हैं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं। जब कोई हादसा होता है, तो विभाग एक-दूसरे पर दोषारोपण शुरू कर देते हैं, लेकिन कोई यह नहीं बताता कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं किया गया और हर तरफ खुले खूनी गड्ढों में नागरिक कब तक गिरते रहेंगे।



### सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के निर्देश

- सुप्रीम कोर्ट का रुख : उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने स्पष्ट किया है कि सड़कों को गड्ढा मुक्त रखना और सुरक्षा सुनिश्चित करना अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के तहत मौलिक अधिकार है। हाल ही में न्यायालय ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे सड़क सुरक्षा ऑडिट के लिए जवाबदेह तंत्र बनाएं।
- एनजीटी के निर्देश : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रदूषक भुगतान सिद्धांत को विस्तारित करते हुए लापरवाही किए जाने पर भुगतान लागू किया है। यदि गड्ढे से पर्यावरण या जनहानि होती है, तो संबंधित विभाग पर करोड़ों का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### खुदाई और सुरक्षा के नियम

- निर्धारित मानक : सरकारी विभागों (जैसे जीजेबी, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई) के लिए खुदाई के दौरान सुरक्षा के कड़े नियम भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) द्वारा निर्धारित किए गए हैं।
- कठोर बैरिकेडिंग : नियम के अनुसार, 1.5 मीटर से गहरे गड्ढे के चारों ओर लोहे की चादर या कंक्रीट के अवरोधक होने चाहिए। साधारण प्लास्टिक टेप या रस्सी पर्याप्त नहीं है।
- साइनबोर्ड और रिफ्लेक्टर : कार्यस्थल से कम से कम 50 से 100 मीटर पहले 'काम चल रहा है' के बड़े बोर्ड होने चाहिए। रात के समय रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप और ब्लिंकर लाइट्स अनिवार्य हैं।
- सेफ्टी गार्ड की तैनाती : भीड़भाड़ वाले इलाकों में खुदाई स्थल पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात होना चाहिए जो यातायात को निर्देशित कर सके।

### लापरवाही पर क्या है कानून

- बीएनएस धारा 106 (पुराना आईपीसी 304ए) : लापरवाही के कारण मृत्यु। इसमें 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।
- बीएनएस धारा 198/199 : लोक सेवक द्वारा कानून की अवज्ञा करना।
- मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 (धारा 198ए) : यदि सड़क के दोषपूर्ण डिजाइन या रखरखाव के कारण दुर्घटना होती है, तो संबंधित प्राधिकरण/ठेकेदार पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### सजा का सच

- ज्यादातर मामलों में अधिकारियों को केवल निलंबन मिलता है, जो कि वास्तविक सजा नहीं है। कानूनी लड़ाई लंबी होने के कारण दोषी को जेल भेजने की दर बहुत कम है। अदालतों ने अब अधिकारियों के वेतन से मुआवजे की कटौती करने का सुझाव देना शुरू किया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूसी गतिविधियों पर पोलैंड के विमान अलर्ट

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की लंबी दूरी की हवाई गतिविधि का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है। कहा गया है कि जमीनी हवाई रक्षा इकाइयों और रडार टोही प्रणालियों को अलर्ट पर रखा गया था।

### अय्यावास्का पेय के नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला अय्यावास्का पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी रिट्रीट बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में अय्यावास्का पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेज़न बेसिन में मिलने वाली औषधियों का विशेष काढ़ा है।

### सूडान में ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत

**काहिरा।** मध्य सूडान में शनिवार को एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह द्वारा विस्थापित परिवारों को ले जा रहे एक वाहन पर ड्रोन से किए गए हमले में आठ बच्चों सहित 24 लोगों की मौत हो गई। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने बताया कि रैपिड सपोर्ट फोर्सेज द्वारा किया गया यह हमला उत्तरी कोरदोफान प्रांत के राहाद शहर के पास हुआ। वाहन में विस्थापित लोग सवार थे, जो डुबेइकर क्षेत्र में जारी लड़ाई के दौरान भागकर आए थे। मृतकों में दो नवजात शिशु भी शामिल हैं। कई अन्य घायलों को राहाद में इलाज के लिए ले जाया गया।

### अमेरिका में हथियार ट्रांसफर की नई नीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्टेटजी की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू किया जाए।

# भारत विकास का भरोसेमंद साझेदार

## मलेशिया में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-हाल के ट्रेड डील्स में दिखा यह भाव

- भारतीय समुदाय के स्नेह के लिए प्रधानमंत्री ने जताया आभार

कुआलालंपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है और यह बात ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हाल में हुए व्यापार समझौतों में परिलक्षित होती है। मोदी ने यहां भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय प्रवासी भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं।

विभिन्न देशों के साथ भारत द्वारा किए गए व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हुए हैं और विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है।

मोदी ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं, इसका कारण हमारी भाषाओं और मलय भाषा में बड़ी संख्या में मौजूद समान शब्द ही होंगे। उन्होंने कहा, कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासियों के स्नेह के लिए मैं आभारी हूं। हमारा प्रवासी समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता आ रहा है। मोदी ने कहा कि उन्हें मलेशिया में आकर बहुत खुशी हो रही है, जो 2026 में उनकी पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और मैं उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले से ही दोस्त हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मलेशिया में रहने वाले तमिल प्रवासी विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल, तमिल प्रवासी यहां कई सदियों से रह रहे हैं। इस इतिहास से प्रेरित होकर, हमने मलय विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना की है। अब हम साझा विरासत को मजबूत करने को तिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करेंगे।



प्रवासी भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में एक ही कार से पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम।

### भारतीय नृत्य की प्रस्तुति देकर बनाया रिकॉर्ड

मोदी और अनवर इब्राहिम का कार्यक्रम में जबरदस्त स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इन नर्तकों ने भरतनाट्यम, कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, लावणी और ओडिसी समेत भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। मोदी और इब्राहिम एक ही कार में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मोदी भारत माता की जय और मोदी, मोदी के नारों के बीच मंच पर पहुंचे। यह घोषणा की गई कि भारतीय नृत्य प्रदर्शन में सबसे अधिक कलाकारों के भाग लेने के लिए इस नृत्य प्रदर्शन ने मलेशियाई रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इब्राहिम ने कहा, भारत से एक अच्छे मित्र के मलेशिया में हमारे साथ शामिल होने से मैं उत्साहित हूं। उन्होंने दोनों देशों के बीच प्राचीन संबंधों को याद किया। इब्राहिम ने कहा कि भारत, मलेशिया के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है।

### पीएम मोदी का किया गया भव्य स्वागत

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। मलेशिया के मानव संसाधन मंत्री रामानन रामकृष्णन और उप विदेश मंत्री लुकानिस्मान बिन अवांग सौनी ने इब्राहिम के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने पारंपरिक संगीत और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं। मोदी ने एक्स पर कहा, हवाई अड्डे पर मेरे मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम द्वारा किए गए हार्दिक स्वागत से मैं बहुत अभिभूत हूं। मुझे हमारी वार्ता का इंतजार है और भारत और मलेशिया के बीच दोस्ती के बंधन को और मजबूत करने की उम्मीद है। मोदी रविवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

# ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका


- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है।

इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये सभी कारक अमेरिकी सुरक्षा, उनके सहयोगियों और अमेरिकी हितों के लिए खतरा हैं। बयान में आरोप लगाते हुए कहा गया, ईरान पूरे मध्य पूर्व में प्रॉक्सी समूहों और मिलिशिया को समर्थन प्रदान करता है। इनमें वे संगठन भी शामिल हैं जो अमेरिकी सेना, क्षेत्रीय भागीदारों एवं सहयोगियों को सक्रिय रूप से निशाना बनाने में संलिप्त हैं। यह भी कहा कि ईरानी शासन द्वारा संसाधनों का कुप्रबंधन स्पष्ट है। वह अपने बुनियादी ढांचे और नागरिकों की भलाई के बजाय परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को प्राथमिकता देता है।

### ट्रंप ने ईरान से बातचीत को अच्छा बताया



मस्कट। ईरान और अमेरिका ने शुक्रवार को ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता की। यह बातचीत तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा के तरीके को लेकर फिर शुरुआती बिंदु पर लौटती दिखी लेकिन पहली बार अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने शीर्ष सैन्य कमांडर को भी इसमें शामिल किया। ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता के दौरान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख नौसेना एडमिरल ब्रैड कूपर की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और अन्य युद्धपोत अब ईरान के तट के पास अरब सागर में तैनात हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान पर बहुत अच्छी बातचीत हुई है और अगले सप्ताह फिर वार्ता होगी। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परमाणु समझौता नहीं हुआ तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे। ट्रंप ने शुक्रवार देर रात एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसा लगता है कि ईरान यह समझौता करना चाहता है जैसा कि होना चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि ईरान पहले की वार्ताओं से ज्यादा करने को तैयार लग रहा है, हालांकि उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया।

# एपस्टीन फाइल से यूरोप में भूचाल जांच के घेरे में कई कद्दावर हस्तियां

- कई नामचीन हस्तियों का करियर असमय हुआ खत्म

लंदन, एजेंसी

एपस्टीन फाइल जारी होने के बाद यूरोप के विभिन्न देशों की कई नामचीन हस्तियां जांच के घेरे में हैं। इनमें एक प्रिंस, कई राजनेता, राजदूत और विभिन्न क्षेत्रों के नामी गिरामी चेहरे शामिल हैं। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा बड़ी संख्या में जारी एपस्टीन फाइल ने यूरोप के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अभिजात्य वर्ग को स्तब्ध कर दिया है।

कई लोग अचानक नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में आ गए हैं, कई का करियर असमय खत्म हो गया और कुछ के खिलाफ आपराधिक, राजनीतिक जांच में तेजी आई है। वाशिंगटन में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को बर्खास्त कर दिया गया और उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। मैंडेलसन की नियुक्ति पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर को नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ रहा है। नॉर्वे, स्वीडन और स्लोवाकिया में कई कद्दावर हस्तियों की साख को धक्का लगा है।

नवीनतम फाइल से पहले ही, महाराजा चार्ल्स तृतीय के भाई एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर ने अपना सम्मान, राजसी पदवी और करदाताओं द्वारा वित्त पोषित हवेली खो दी। पूर्व प्रिंस एंड्रयू के अलावा, उनमें से किसी पर भी यौन उत्पीड़न का दावा नहीं किया गया है। यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध के कारण उन्हें हटा दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र में स्वीडिश अधिकारी जोआना रुबिनस्टीन ने 2012 में एप्स्टीन के कैरेबियाई द्वीप की यात्रा के खुलासे के बाद पद छोड़ दिया। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिरोस्लाव लाजकैक ने एपस्टीन के साथ अपने संवाद को लेकर इस्तीफा दे दिया। लातविया, लिथुआनिया और पोलैंड ने दस्तावेजों की व्यापक आधिकारिक जांच शुरू की है। नॉर्वे जैसे कुछ देश एपस्टीन के खुलासों से काफी प्रभावित हुए हैं। देश की आर्थिक अपराध इकाई ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री थोरबजर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू कर दी है।

## मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक सुनियोजित समुद्री-हवाई समन्वित अभियान के जरिए अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दो दिनी इस अभियान से संघर्षरत क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले भारी मात्रा में तेल और तेल-आधारित कार्गो के अवैध कारोबार में शामिल एक जटिल नेटवर्क ध्वस्त हुआ है। गुरुवार को मुंबई से लगभग 100 समुद्री मील पश्चिम में तटरक्षक बल के जहाजों ने तीन संदिग्ध जहाजों को रोका। टीमों ने जहाजों की तलाशी, बरामद इलेक्ट्रॉनिक डेटा की पुष्टि, दस्तावेजों का सत्यापन और चालक दल से पूछताछ के द्वारा पूरी जानकारी जुटाने और आपराधिक कार्यप्रणाली की पुष्टि कर पाई।

# यूक्रेन-रूस समझौते को जून तक दी समय सीमा

- अमेरिका ने युद्ध की समाप्ति के लिए बनाया दबाव

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंचने के वास्ते जून की समय सीमा दी है। जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि यदि जून की समयसीमा पूरी नहीं होती है, तो ट्रंप प्रशासन संभवतः दोनों पक्षों पर इसे पूरा करने के लिए दबाव बनाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध समाप्त करने का प्रस्ताव दे रहा है और संभवतः इसी कार्यक्रम के अनुसार सभी पक्षों पर दबाव डालेगा। जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप कहते हैं कि वे जून तक सबकुछ ककरना चाहते हैं। वे युद्ध समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। वे सभी घटनाओं का एक स्पष्ट विवरण चाहते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका ने अगले सप्ताह त्रिपक्षीय वार्ता का अगला दौर पहली बार अपने देश में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है, जो संभवतः मियामी में होगा। उन्होंने कहा कि हमने अपनी भागीदारी की पुष्टि की। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने अमेरिका को 12 हजार अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक प्रस्ताव पेश किया है, जिसे उन्होंने रूसी दूत किरिल दिमित्रीव के नाम पर दिमित्रीव पैकेज नाम दिया है।


## भारतीय छात्र ने लंदन में शुरू की थॉमस टूर सेवा

**लंदन।** लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) से हाल ही में मैक्रो-इकोनॉमिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले केरल के एक छात्र ने रोजी-रोटी कमाने और ब्रिटेन में नौकरी की तलाश में जुटे स्नातकों का मनोबल बढ़ाने के लिए थॉमस टूर्स नाम की अनूठी टूर गाइड सेवा शुरू की है। तिरुवल्ला के मल्लापल्ली गांव के जेम थॉमस मैथ्यू (23) ने अपने दादा के नाम पर थॉमस टूर सेवा शुरू की है, जो उन्हीं की तरह नौकरी की तलाश में जुटे युवाओं को अंशकालिक आधार पर रोजगार हासिल करने का मौका देती है। थॉमस टूर के तहत जेम ने ऐसे यात्रा पैकेज तैयार किए हैं, जो आगंतुकों को कम खर्च में लंदन के विभिन्न स्थलों का दौरा करने का अवसर प्रदान करेंगे।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 9 फरवरी 05 .01 तक तत्पश्चात अष्टमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-स्वाती 9 फरवरी 05 .02 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** – आज आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। आपके सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा।

**वृष** – आज आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। एक साथ अनेक काम संभालने पड़ेंगे। विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** – आज अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। मित्रों को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ठ और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण काम न छोड़ें।

**कर्क** – आज अपशब्दों का बिल्कुल प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको काफी परेशान कर सकते हैं।

**सिंह** – आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**कन्या** – आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निभा सकते हैं। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** – आज पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम सिद्ध होगा।

**वृश्चिक** – आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है।

**धनु** – आज आर्थिक मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके खर्चों में कमी आएगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। विवादित मामलों में विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**मकर** – आज रुचिपूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**कुंभ** – आज बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ाएं। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**मीन** – आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |



चैंपियंस! इस युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व है। कोच और सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी। इस पल का आनंद लें! जब आपके पास एक सूर्यवंशी हो, तो एक टाइमलेस ब्लॉकबस्टर की उम्मीद होती है! शाबाश, वैभव!
–सचिन तेंदुलकर


# स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार, 8 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| अफगानिस्तान-इंग्लैंड | सुबह 11 बजे |
| इंग्लैंड-नेपाल | दोपहर 3 बजे |
| श्रीलंका-आयरलैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट



अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर और आईसीसी के चेयरमैन जयशाह। एजेंसी

### अमेरिकी राजदूत रहे स्टेडियम में मौजूद

**मुंबई।** भारत के अमेरिका के राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशिया के विशेष दूत सर्जियो गोर शनिवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में भारत और अमेरिका के बीच टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान मौजूद रहे। गोर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अध्यक्ष जय शाह के साथ मुकाबले से पहले आयोजित शानदार उद्घाटन समारोह और आतिशबाजी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर भारत के पूर्व कप्तान और इस टी20 विश्व कप के इस सत्र के ब्रांड दूत रोहित शर्मा भी मौजूद थे। गोर ने इससे पहले 'एक्स' पर लिखा टी20 विश्व कप मैच के लिए मुंबई पहुंचा हूं। अमेरिका की टीम के लिए बड़ा दिन। अमेरिका की टीम को शुभकामनाएं।

### अधिक टीमों का खेलना अच्छा है : राशिद

**चेन्नई।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टी20 विश्व कप के मौजूदा चरण से 20 टीम के विस्तार का स्वागत करते हुए शनिवार को कहा कि इससे और अधिक देशों के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। आईसीसी टी20 विश्व कप का 2026 चरण टीम की संख्या के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर राशिद ने कहा विश्व कप में ज्यादा टीम का होना हमेशा अच्छा है। इससे कई देश इसमें शामिल होगें और आपको बहुत नयी प्रतिभाएं देखने को मिलेंगी। अलग-अलग टीमें आती हैं। मुझे लगता है कि इसी तरह विश्व कप और बड़ा बनता जाता है।

### इलावेनिल को एयर राइफल में स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन ने दबाव में शानदार संयम दिखाते हुए जापान की मिसाकी नोबाटा की कड़ी चुनौती को पछाड़कर शनिवार को यहां एशियन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में मेघना सज्जनर ने कांस्य पदक हासिल किया। इलावेनिल, आर्या बोर्से और मेघना सज्जनर की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर कर्णी सिंह परिसर में भारत की महिला राइफल निशानेबाजों के लिए दिन को यादगार बना दिया।

# भारत का टी-20 विश्व कप में विजयी आगाज, अमेरिका को 29 रनों से धोया

## कप्तान सूर्यकुमार यादव ने खेली शानदार पारी, मोहम्मद सिराज ने चटकाए तीन विकेट

**मुंबई, एजेंसी**

कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 84) की अर्धशतकीय पारी के बाद मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और अक्षर पेटल के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को टी-20 विश्वकप 2026 के तीसरे मुकाबले में अमेरिका को 29 रनों से हराया।

162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 13 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। ऐंड्रियस गौस (छह) को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। इसके बाद अगले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने कप्तान मोनांक पटेल (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। चौथे ओवर में सिराज ने साई तेजा एम (दो) का शिकार कर लिया। इसके बाद मिलिंद कुमार और संजय कृष्णमूर्ति की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। 12वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने मिलिंद कुमार को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मिलिंद कुमार ने 34 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 34 रन बनाये। 16वें ओवर में अक्षर पटेल ने संजय कृष्णमूर्ति का शिकार किया। संजय कृष्णमूर्ति ने 31 गेंदों में एक चौका और दो छक्के उड़ाते हुए 37 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की अगली ही गेंद पर अक्षर ने



नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

हरमित सिंह (शून्य) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। 18वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने मोहम्मद मोहसिन (आठ) को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। मैच की आखिरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने शुभम रांजने (37) को आउट किया। अमेरिका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी और मुकाबला 29 रनों से हार गई। भारत के लिए मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अभिषेक शर्मा (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद तिलक वर्मा और इशान किशन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 37 रनों की साझेदारी हुई। छठें ओवर में शैडली वान शाल्कविक ने तीन विकेट झटक कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। इशान किशन (20), तिलक वर्मा (25) और शिवम दुबे (शून्य), हार्दिक पंड्या (पांच) रन पर आउट हुई। 77 रन पर छह विकेट गंवाने पर संकट में फंसी भारतीय टीम को अक्षर पटेल ने सूर्यकुमार यादव के साथ संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 41 रन जोड़े। 17वें ओवर में हरमित सिंह ने अक्षर पटेल (14) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अर्शदीप सिंह (चार) और वरूण चक्रवर्ती (शून्य) पर आउट हुये, हालांकि इस दौरान सूर्यकुमार यादव एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 161 रन का स्कोर बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 84रनों की पारी खेली। अमेरिका के लिए शैडली वान शाल्कविक ने चार विकेट लिये। हरमित सिंह को दो विकेट मिले।

### भारत

**161/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ईशान किशन का मिलिंद बो वान | 20 |
| अभिषेक का कृष्णमूर्ति बो अली | 00 |
| तिलक वर्मा का पटेल बो वान | 25 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 84 |
| शिवम दुबे का नेत्रवलकर बो वान | 00 |
| रिंकू सिंह का मिलिंद बो मोहसिन | 06 |
| हार्दिक का साईतेजा बो हरमीत | 05 |
| अक्षर का मोहसिन बो हरमीत | 14 |
| अर्शदीप सिह का मिलिंद बो वान | 04 |
| वरुण चक्रवर्ती रन आउट | 00 |

गेंदबाजी : सौरभ नेत्रवलकर 4-0-65-0, अली खान 2-0-13-1, शैडली वान शाल्कविक 4-0-25-4, मोहम्मद मोहसिन 4-0-16-1, शुभम रंजने 2-0-16-0, हरमीत सिंह 4-0-26-2

# युवा ब्रिगेड के हर सदस्य ने बखूबी निभाई अपनी भूमिका

**मुंबई, एजेंसी**

## अंडर 19 विश्व कप

- सूर्यवंशी की आक्रामकता, म्हात्रे की दृढ़ता और जॉर्ज के हौसले से टीम ने रचा इतिहास

क्रिकेट के दीवाने देश के नूरे नजर बने वैभव सूर्यवंशी ने अपना सर्वश्रेष्ठ फाइनल के लिये बचा रखा था जबकि कप्तान आयुष म्हात्रे जरूरत के समय संकटमोचक साबित हुए और उनकी युवा ब्रिगेड के हर सदस्य ने अपनी भूमिका बखूबी निभाते हुए इंग्लैंड को सौ रन से हराकर भारत को छठी बार अंडर 19 विश्व कप दिलाया।

आईपीएल में अपनी प्रतिभा की बानगी पहले ही दे चुके चौदह वर्ष के सूर्यवंशी में भारत के महान खिलाड़ियों की लीग में शामिल होने का माद्दा है। मुंबई के एक और बल्लेबाज ने दृढता और आत्मविश्वास की नई कहानी लिखी और वह है कप्तान म्हात्रे जिन्होंने खराब फॉर्म को अलविदा कहकर नॉकआउट में अहम भूमिका निभाई।

वैभव सूर्यवंशी : फाइनल में 80 गेंद में 15 चौकों और 15 छक्कों के साथ 175 रन बनाने वाले सूर्यवंशी की सफलता ने भारतीय क्रिकेट के बेहतरीन ढांचे का भी परिचय दिया है जो युवा प्रतिभाओं को तलाशता और तराशता है। पिछले साल आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बिहार के समस्तीपुर के इस 14 वर्षीय युवक का नाम आज फिर पूरे भारत की जबां पर है।

आयुष म्हात्रे : सेमीफाइनल से पहले छह मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक लगा सके मुंबई के इस खिलाड़ी की आलोचना होने लगी थी। पाकिस्तान के खिलाफ खाता नहीं खोल सके लेकिन 21 रन देकर तीन विकेट लिये और भारत की जीत के सूत्रधार बने।।



वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

### बीसीसीआई ने दिए 7.5 करोड़ रुपये

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की।

आरोन जॉर्ज : हैदराबाद के लिए खेलने वाले केरल के आरोन जॉर्ज को उनकी प्रवाहमय पारियों के लिए जाना जाता है। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 115 रन बनाए।

# शेफर्ड की हैट्रिक से वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को परास्त किया

**कोलकाता, एजेंसी**

शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकीय पारी और रोमारियो शेफर्ड की हैट्रिक सहित पांच विकेट से वेस्टइंडीज ने शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने हेटमायर के 36 गेंद में 64 रन की आक्रामक पारी के दम पर पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 147 रन पर आउट कर दिया।

शेफर्ड ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 20 रन देकर इस प्रारूप में पहली बार पांच विकेट झटके। उन्होंने इस दौरान पांच गेंद के अंदर चार विकेट लिये जिसमें मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन के विकेटों के साथ हैट्रिक पूरी की। यह शेफर्ड की चार महीने में दूसरी टी20 अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी। बांग्लादेश के हटने के बाद



पांच विकेट का जश्न मनाते वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड (बीच में)। एजेंसी

स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में भाग लेने की जानकारी केवल दो सप्ताह पहले मिली थी। उसकी गेंदबाजी अनुशासित दिखी लेकिन लक्ष्य का पीछा करते समय उनकी तैयारी की कमी साफ नजर आयी।

वेस्टइंडीज ने इसके साथ ही 2022-23 में इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता किया। टीम को कुछ दिनों पहले नेपाल से भी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में टी20 में यह वेस्टइंडीज की एसोसिएट देश पर पहली जीत है। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंग्टन ने 24 गेंदों में 42 रन की तेज पारी खेली, जबकि टॉम ब्रूस ने 28 गेंदों में 35 रन बनाए। इन दोनों की चौथे विकेट के लिए 47 गेंद में 78 रन की साझेदारी टूटने के बाद लगातार विकेट गिरने के कारण टीम काफी पीछे रह गयी।

जेसन होल्डर बेरिंगटन को धीमी गेंद पर आउट कर 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले वेस्टइंडीज के पहले गेंदबाज बने। हेटमायर ने भी शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए कवर पर जॉर्ज मन्सी एक हाथ से कैच लपका।

# आईसीसी ने पाकिस्तानी बोर्ड से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने से इनकार को सही ठहराने के लिए 'फोर्स मेज्योर (अप्रत्याशित या नियंत्रण से बाहर की स्थिति)' प्रावधान कैसे लागू किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस मामले में सरकार पर जिम्मेदारी डालते हुए खुद को स्थिति से अलग करने की कोशिश की थी।

पीसीबी ने हालांकि आईसीसी से बातचीत शुरू कर दी है जिससे अब उम्मीद की एक किरण नजर आ रही है। आईसीसी के एक निदेशक ने उम्मीद जताई कि 15 फरवरी को होने वाला यह महत्वपूर्ण मुकाबला होगा। उन्होंने कहा बातचीत शुरू हो गई है। आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है जब टीम सरकार के निर्देशों के तहत पूरे टूर्नामेंट में बाकी मैच खेलने को तैयार है, तो सिर्फ एक मुकाबले से हटने का फैसला कैसे जायज ठहराया जा सकता है। पीसीबी ने कुछ दिन पहले आईसीसी को 'फोर्स मेज्योर' प्रावधान लागू करने की मांग की थी।

# अशरफ की पारी से पाकिस्तान ने नीदरलैंड्स को तीन विकेट से हराया

**कोलंबो, एजेंसी**

- 148 रनों के लक्ष्य को अंतिम ओवर में हासिल किया

निचले क्रम के बल्लेबाज फहीम अशरफ के 11 गेंद में 29 रन की मदद से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के पहले मैच में शनिवार को नीदरलैंड को तीन विकेट से हराया। जीत के लिए 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान का स्कोर दस ओवर के बाद दो विकेट पर 90 रन था लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। एक समय 16.1 ओवर में सात विकेट पर स्कोर 114 रन था और उसे जीत के लिये 34 रन की जरूरत थी। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान को 29 रन चाहिए थे। अशरफ ने लोगान वान बीक की गेंद पर तीन छक्के और एक चौका लगाया और आखिरी ओवर में चौका जड़कर मैच तीन गेंद बाकी रहते पाकिस्तान के नाम किया।

इससे पहले ओडाउड ने अशरफ का कैच 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर छोड़ा था जब वह सात रन पर थे। नीदरलैंड को इस कैच के छूटने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। टी20 विश्व कप से पहले मैदान के बाहर की सुर्खियों ने पाकिस्तान की तैयारी को प्रभावित किया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। पाकिस्तान के लिये साहिबजादा फरहान ने 31 गेंद में सर्वाधिक 47 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 13 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। बाबर आजम 18 गेंद में 15 रन ही बना सके। पॉल वान मीकेरेन ने 12वें ओवर में फरहान और उस्मान खान (0) को आउट किया और 13वें ओवर में बाबर भी चले गए। पाकिस्तान का स्कोर इस समय पांच विकेट पर 100 रन था। आखिरी पांच ओवर में पाकिस्तान को 37 रन चाहिये थे लेकिन अनुभवी काइल क्लेन ने 16वें ओवर में मोहम्मद नवाज (छह) को पवेलियन भेजा। आखिरी चार ओवर में पाकिस्तान को 34 रन की जरूरत थी जब शादाब खान भी अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद अशरफ ने टीम को संकट से निकाला। इससे पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई नीदरलैंड टीम ने छठे ओवर में 14 रन निकालकर पावरप्ले के छह ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बना लिये थे लेकिन आखिर में पूरी टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर आउट हो गई।



शॉट लगाते फहीम अशरफ। एजेंसी

# न्यूजीलैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ करना होगा बेहतर प्रदर्शन

**चेन्नई, एजेंसी**

उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे सीरीज में 4.1 से हराया।

टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी न्यूजीलैंड को बहुत खली है। ऐसे में कोई कोताही महंगी पड़ सकती है क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में



लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। लॉकी फर्ग्युसन ने भारत के खिलाफ एक ही मैच खेला लेकिन उनकी गेंदों में अतिरिक्त रफ्तार और विविधता देखी गई। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ अहम भूमिका निभानी होगी जबकि मिचेल सेंटनेर और लेग स्पिनर ईश सोढी उनका साथ देंगे।

### इंग्लैंड का सामना नेपाल से

**मुंबई।** दो बार की चैम्पियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। टी20 प्रारूप में दमदार टीमों में से एक इंग्लैंड की कमान ब्रूक के हाथ में है लेकिन एशेज दौरे से पहले रात को नाइटक्लब में एक बाउंसर से हुई उनकी झड़प को लेकर लगातार वह सुर्खियों में रहे हैं। कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में उनसे उस घटना से जुड़ा सवाल पूछा गया और हरफनमौला विल जैक्स को भी उन सवालों का जवाब देना पड़ा। जैक्स ने कहा मैं उस समय न्यूजीलैंड में नहीं था तो मुझे जानकारी नहीं है।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रीलंका का सामना आयरलैंड से

**कोलंबो।** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। श्रीलंका की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रही है। इंग्लैंड के खिलाफ दबाव के हालात में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों नहीं चल सके। बारह साल पहले टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा और कागजों पर उसकी टीम मजबूत भी दिख रही है। श्रीलंका को पेचीदा ग्रुप मिला है जिसमें आस्ट्रेलिया भी है।

## डेविस कप क्वालीफायर

### नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबला 1-1 से बराबर रहा

# दक्षिणेश्वर के प्रदर्शन से भारत ने की वापसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत की डेविस कप टीम में अहम खिलाड़ी के रूप में तेजी से उभर रहे दक्षिणेश्वर सुरेश ने शनिवार को यहां क्वालीफायर राउंड एक के मुकाबले में नीदरलैंड के शीर्ष खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग को शिकस्त दी। सुमित नागल की दिन के पहले एकल मुकाबले में हार के बाद दक्षिणेश्वर की 6-4, 7-5 से मिली जीत से भारत शुरुआती दिन मुकाबला 1-1 से बराबर करने में सफल रहा।

विश्व रैंकिंग में 465वें स्थान पर काबिज दक्षिणेश्वर ने विश्व नंबर 88 डी जोंग के खिलाफ जोरदार जीत हासिल डेविस कन में भरोसेमंद खिलाड़ी के तौर पर अपनी साख मजबूत की। उन्होंने पिछले साल स्विट्जरलैंड्स के खिलाफ उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भी जीत दर्ज की थी।





दक्षिणेश्वर सुरेश और सुमित नागल। एजेंसी

नागल के दो घंटे 28 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में गाए डे ओडेन से 0-6, 6-4, 3-6 से हारने के बाद भारत 0-1 से पिछड़ गया था।

भारत को टूर्नामेंट में बनाए रखने का दबाव दक्षिणेश्वर पर था, और उन्होंने डी जोंग के खिलाफ संयमित प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में जोरदार सर्विस की, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने देर से मिले मौके का फायदा उठाते हुए बढ़त बना ली। दक्षिणेश्वर ने दूसरे सेट में भी ऐसा ही संयम दिखाया, शुरुआत में ही एक ब्रेक प्वाइंट बचाया और निर्णायक क्षण में डी जोंग की लड़खड़ाती सर्विस का फायदा उठाकर सेट अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच बहुत कम अंतर था, दोनों खिलाड़ियों ने जोरदार सर्विस की और लंबी रैलियों से परहेज किया।

### नागल ने छूटे मौकों पर अफसोस जताया

**बेंगलुरु।** सुमित नागल ने स्वीकार किया कि निर्णायक सेट में कुछ महत्वपूर्ण गेम गंवाना उनके लिए महंगा साबित हुआ जिससे वह डेविस कप क्वालीफायर के पहले दौर के एकल मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ हार गए। नागल ने हालांकि कहा कि यह हार उनके लिए एक सीखने का अनुभव था क्योंकि वह चोट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। गाए डे ओडेन के खिलाफ पहला सेट 0-6 से हराने के बाद नागल ने दूसरे सेट में वापसी की लेकिन तीसरे सेट में अहम मौकों को भुनाने में नाकाम रहे। उन्होंने कहा मैं तीसरे सेट से थोड़ा निराश हूं, खासकर 1-0 और फिर 4-3 के आसपास के गेम से। मुझे लगता है कि वही दो गेम मैच का फैसला कर गए।